CMYK

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

n वर्ष : 11 अंक : 36 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, रविवार 22 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# कांग्रेस सरकार की उपलब्धि ‘जीरो’ रही, विपक्ष में मुझसे बहस करने की हिम्मत नहीं इसलिए चर्चा से भाग गए : भजनलाल शर्मा

***5 साल ही क्यों 15 साल की चर्चा कर ले कांग्रेस, मेरी किताब को पढ़कर विपक्ष बहस करने की हिम्मत ही नहीं जुटा पाया, हिम्मत होती तो पूर्व मुख्यमंत्री बहस के लिए यहां आते, हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में कांग्रेस सरकार के 5 साल के कामों से कई गुना ज्यादा काम किया, कांग्रेस सिर्फ भ्रष्टाचार और तुष्टिकरण का काम करती है लोगों की भलाई और प्रदेश के विकास से उनका कोई वास्ता नहीं रहा इसीलिए पूरे देश में कांग्रेस सिमट गई***

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शनिवार को राजस्थान विधानसभा में अपनी सरकार के 2 साल के प्रतिवेदन का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए प्रभावी तरीके से कहा कि हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार से कई गुना ज्यादा काम किया। कांग्रेस की सरकार ने सिर्फ जल जीवन मिशन घोटाला, भ्रष्टाचार, तुष्टिकरण और पेपर लीक जैसे कृत्य किया, हर क्षेत्र में कांग्रेस सरकार की उपलब्धि जीरो रही। इसीलिए राजस्थान ही नहीं बल्कि पूरे देश में कांग्रेस सिमट गई। उन्होंने कहा कि मैंने कई दिन पहले ही प्रदेश में सरकार के 2 साल के कार्यों और कांग्रेस की 5 साल की सरकार के कार्यों के बारे में आंकड़ों के आधार पर लिखी हुई पुस्तक सदन में पटल पर रखी थी और विपक्ष को इस पुस्तक पर बहस करने की चुनौती दी थी लेकिन मेरी किताब को पढ़ने के बाद विपक्ष मुझसे बहस करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया क्योंकि विपक्ष को ऐसा लगा कि वह कैसे और किस तरह से किस मुंह से अपनी बात कहे इसलिए मेरे भाषण के दौरान विपक्ष ने जानबूझकर वॉकआउट किया। शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने जैसे ही राजस्थान विधानसभा में सरकार के 2 साल के प्रतिवेदन को लेकर जब अपना भाषण शुरू किया तो विपक्ष के सदस्य जोर-जोर से नारेबाजी और शोरगुल करने लगे लेकिन मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा धारा प्रवाह बोलते रहे और कांग्रेस पार्टी की पिछली सरकार के कार्यों और खुद की 2 साल के कार्यों के बारे में विभाग बार आंकड़े प्रस्तुत करके पिछली सरकार को कटघरे में खड़ा करते रहे । काफी देर तक विपक्ष शोरगुल और नारेबाजी करता रहा विपक्ष का आरोप था कि अगर मुख्यमंत्री को अधिकारियों की ओर से लिखा गया भाषण ही पढ़ना था और बहस नहीं करनी थी तो फिर बहस की चुनौती को ही स्वीकार क्यों किया। विपक्ष का कहना था कि सरकार के मुखिया अपने वादे के मुताबिक सरकार के तुलनात्मक कार्यों का बहस करें लेकिन मुख्यमंत्री ने वादे के मुताबिक बहस नहीं की। विपक्ष का यह भी कहना था कि विपक्ष ने अल्बर्ट हॉल पर जनता के सामने ही बहस करने की बात भी कहीं इसी बात को लेकर के सदस्य जोर-जोर से शोरगुल और हंगामा करते रहे। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विपक्ष को शांत करने का प्रयास भी किया लेकिन विपक्ष के सदस्य नारेबाजी और शोरगुल करते रहे और फिर बाद में उन्होंने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण का वॉक आउट किया।



## कांग्रेस सरकार ने 53 प्रतिशत वादों को पूरा नहीं किया, हमारी सरकार ने संकल्प पत्र के 73 प्रतिशत वादे 2 साल में ही पूरे कर दिए

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 5 साल में लोगों से वादे तो किया लेकिन उन वादों को पूरा नहीं किया। कांग्रेस की सरकार कई महीनो तक होटल में कैद रही और प्रदेश के लोग विकास के लिए तरसते रहे । उन्होंने कहा कि बजट में बड़े-बड़े वादे किए लेकिन वादों को उन्होंने पूरा नहीं किया । मुख्यमंत्री शर्मा ने प्रभावी तौर पर आंकड़े प्रस्तुत किया और बताया कि कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 4148 घोषणाएं की जिसमें 1935 घोषणाओं पर ही काम हुआ करीब 53 प्रतिशत से ज्यादा घोषणा धरातल पर नहीं आई जबकि हमारी सरकार ने 2 साल में ही भाजपा के संकल्प पत्र के 73 प्रतिशत वादे पूरे कर दिए हैं और जो वादे बचे हैं उन पर तेजी से कार्य चल रहा है एक एक वादा और बजट में की गई एक-एक घोषणा पुरी की जाएगी। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार ने 2019-20 में 379 घोषणा की 2021 में 364 घोषणा की लेकिन इन घोषणाओं का क्रियान्वयन करने में काफी सफल रही उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने 1277 घोषणाएं की जिसमें 909 घोषणाएं पूरी हो गई है और जो घोषणा बची है उन पर भी कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार गरीब मजदूर किसान और महिला के विकास को प्राथमिकता दे रही है और विकसित राजस्थान के संकल्प को सामने रखकर दूरगामी सोच और दूरगामी निर्णय के आधार पर जनकल्याणकारी योजनाएं और बड़े-बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रही है ।

## अच्छा होता पूर्व मुख्यमंत्री मुझसे बहस करने के लिए यहां आते

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि अगर आज पूर्व मुख्यमंत्री यहां पर मुझसे बहस करने के लिए आते तो काफी अच्छा रहता । लेकिन हमारी सरकार ने पिछले 2 साल में हर क्षेत्र और विभाग में जो कार्य किया वह कार्य पिछली सरकार के 5 साल के कार्यों से कई गुना ज्यादा है इसीलिए पूर्व मुख्यमंत्री शायद यहां पर बहस करने नहीं आए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पूरे 5 साल में कांग्रेस पार्टी की सरकार ने प्रदेश की जनता से किए वादों को पूरा नहीं किया। सरकार घोषणा करती रही लेकिन घोषणाओं का क्रियान्वयन नहीं किया। करीब 53 प्रतिशत घोषणाओं को धरातल पर नहीं लाया गया पिछली सरकार बड़े-बड़े भ्रष्टाचार और घोटाले की जनक रही तुष्टिकरण की राजनीति को बढ़ावा देती रही भ्रष्टाचार और घोटाले होते रहे इसीलिए प्रदेश की जनता ने कांग्रेस से पूरी तरह से दूरी बना ली।

## पिछली कांग्रेस सरकार की उपलब्धि हर क्षेत्र में जीरो... जीरो... जीरो रही

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपनी सरकार के 2 साल के कामकाज के प्रतिवेदन के पन्नों को विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी की ओर पलटते हुए कहा कि पिछली सरकार कृषि, युवा, चिकित्सा, बिजली, सड़क शिक्षा, महिला विकास, रोजगार पर्यटन, उद्योग इत्यादि सभी क्षेत्र की उपलब्धियां जीरो रही और इन सभी क्षेत्रों में हमारी सरकार ने कई गुना ज्यादा काम 2 साल में ही करके दिखाएं मुख्यमंत्री शर्मा ने बाकायदा प्रभावी तौर पर हर क्षेत्र में पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार के काम और खुद की 2 साल के कामों के आंकड़े प्रस्तुत करके यह बताने का काम किया कि हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में 2 साल में ही कांग्रेस पार्टी की सरकार से कई गुना ज्यादा काम करके दिखाया इसी वजह से विपक्ष इस बहस में हिस्सा नहीं ले रहा।

## 5 साल ही क्यों 15 साल के कार्यों पर कर लो बहस

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि विपक्ष 2 साल बनाम 5 साल के आधार पर बहस करवाना चाहता था विपक्ष की इस चुनौती को हमने 15 दिन पहले ही इसी विधानसभा में स्वीकार कर लिया था। इसके बावजूद विपक्ष बहस करने के बजे सदन से भाग गया मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि विपक्ष पांच साल की क्यों अगर 15 साल की चर्चा भी करें तो हम बिल्कुल तैयार है । राजस्थान विधानसभा से बड़ा पवित्र स्थान चर्चा के लिए और कहां हो सकता है विपक्ष में अगर हिम्मत है तो वह चर्चा करें लेकिन विपक्ष इतनी हिम्मत नहीं जुटा पाया कि उनसे बहस करें क्योंकि 2 साल बनाम 5 साल आधारित पुस्तक विधानसभा में उन्होंने पहले ही पटल पर रख दी थी उस किताब को पढ़ने के बाद विपक्ष उनसे बहस करने की हिम्मत नहीं जुटा पाया इसलिए विपक्ष सदन से भाग गया ।

## मेरे संस्कारों में छोटी लाइन करना नहीं है मैं पीएम नरेंद्र मोदी की तरह हमेशा बड़ी लाइन खींच कर ही काम करता हूं

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि मेरे संस्कार में किसी की छोटी लाइन करना या छोटी लाइन पर काम करना नहीं है जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बड़ी सोच और बड़े संकल्प के आधार पर देश का विकास और लोगों की भलाई कर रहे हैं ठीक उसी तरह से मैं भी हमेशा बड़ी लाइन खींच कर काम करने में ज्यादा विश्वास करता हूं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ सबका विकास और सबका कल्याण के आधार पर भारत के नवनिर्माण और राष्ट्र कल्याण में जुटे हुए हैं उन्हीं के मार्गदर्शन और निर्देशन में राजस्थान सरकार ने भी पिछले दो साल में सबका साथ सबका कल्याण और सबका विकास की थीम के आधार पर कार्य किया है ।

## कृषि, लैपटॉप वितरण, स्कूलों की क्रमोन्नति, सरकारी नौकरियां इत्यादि सभी क्षेत्रों में कांग्रेस सरकार की उपलब्धि शून्य रही

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कहा कि चाहे प्रदेश में लैपटॉप वितरण का कार्य हो या फिर स्कूलों के क्रमोनोटी का मामला हो या फिर नए विश्वविद्यालय और कॉलेज खोलने का मामला हो या फिर सरकारी नौकरी देने का मामला हो ऐसे सभी क्षेत्रों में पिछली कांग्रेस पार्टी की शुरू के 2 साल की उपलब्धि जीरो रही और 5 साल में उन्होंने जो किया उसकी तुलना में इन सभी क्षेत्रों में हमारी सरकार ने 2 साल में ही कई गुना ज्यादा काम करके दिखाया। मुख्यमंत्री शर्मा ने सरकार के 2 साल के कार्यों के प्रतिवेदन के पन्ने सदन में दिख रहे थे और यह बता रहे थे कि हर क्षेत्र में हमारी सरकार पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार से कितनी आगे और कई गुना कम कर रही है मुख्यमंत्री शर्मा ने अपनी सरकार की 2 साल की उपलब्धियां का जिक्र करते हुए सदन में यह कहा कि मैं क्या-क्या बताऊं किस किस क्षेत्र में बताऊं हर क्षेत्र में हमारी सरकार पिछली सरकार से कई गुना ज्यादा काम कर चुकी है अभी सरकार के 3 साल बाकी है और हम प्रदेश की जनता से किए गए सभी वादों को पूरा करेंगे जिसमें अधिकांश वादे तो 2 साल में ही हमारी सरकार ने पूरे कर दिए हैं। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सदन में अपने भाषण के दौरान कहा कि विपक्ष के नेताओं में आपस में जोरदार मतभेद की स्थिति बनी हुई है प्रतिपक्ष के नेता पद को लेकर भी लड़ाई चल रही है पहले भी विपक्ष के नेता को सदन में विपक्ष के सदस्यों ने ही नहीं बोलने दिया था और आज भी विपक्ष के नेताओं की आपस की लड़ाई की वजह से यह पहले ही तय कर लिया गया था कि विपक्ष के नेता को नहीं बोलने दिया जाएगा इसीलिए प्रतिपक्ष के नेता को नहीं बोलने के प्रयास में विपक्ष के सदस्यों ने शोरगुल नारेबाजी हंगामा और वॉक आउट किया ।

## कार्य सलाहकार समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर ही सदन में बहस सुनिश्चित की गई : जोगाराम पटेल

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(कासं.)।** प्रदेश के संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल ने शनिवार को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के भाषण पर विपक्ष की ओर से शोरगुल हंगामा और वॉकआउट को सुनियोजित नौटंकी बताया और कहा कि विपक्ष के पास सरकार से बहस करने का कोई पॉइंट और मुद्दा ही नहीं बचा था इसलिए विपक्ष ने जानबूझकर शनिवार को शोरगुल हंगामा और मुख्यमंत्री के भाषण का वॉक आउट किया । उन्होंने कहा कि अगर विपक्ष को अपनी ओर से कुछ बात कहानी थी तो शनिवार को जब विधानसभा की कार्रवाई शुरू हुई उस समय ही वह अपनी बात कह सकते थे जिस पर विधानसभा अध्यक्ष की उपस्थिति में मिल बैठकर बातचीत कर लेते लेकिन शनिवार को सुबह विपक्ष ने अपनी ओर से ऐसा कोई व्यवहार आचरण और डिमांड नहीं की बल्कि मुख्यमंत्री के भाषण के कार्यक्रम से ठीक पहले उन्होंने सरकार से बहस करने से पीछे हटने के प्रयास में जानबूझकर शोर गुल हंगामा और फिर वॉक आउट किया जिसको राजस्थान नहीं बल्कि पूरे देश की जनता ने देखा है वजह यही है कि विपक्ष के पास प्रदेश में विकास कार्यों के लिए तुलनात्मक अध्ययन करने के लिए कुछ बचा ही नहीं था जिसके आधार पर वे सरकार से बहस के दौरान अपनी बात कहते इसलिए उन्होंने अपनी सरकार के कारनामे पर पर्दा डालने के लिए शनिवार को जानबूझकर मुख्यमंत्री के भाषण से ठीक पहले शोरगुल और हंगामा किया ताकि विधानसभा की कार्यशालाकर समिति की बैठक के आधार पर बहस करने के लिए जो मुद्दा रखा था उस पर बहस नहीं हो जोगाराम पटेल ने पत्रकारों से कहा कि सरकार चाहती है विपक्ष अपने कुछ बातें कहे अपने कुछ सुझाव दे ताकि सरकार को अपनी योजनाएं बनाने में और भी आसानी रहे लेकिन प्रदेश की जनता ने कांग्रेस को



विपक्ष में बैठने की जो जिम्मेदारी दी है उस जिम्मेदारी को भी विपक्ष ठीक तरह से नहीं निभा रहा यही वजह है कि कांग्रेस पार्टी की पूरे देश में दुर्गति हो रही है और देश की जनता ने कांग्रेस पार्टी से पूरी तरह से दूरी बना ली है जोगाराम पटेल ने कहा कि दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में जिसमें देश और दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज आए हुए थे उस कार्यक्रम में भी कांग्रेस जनों ने जो आचरण और व्यवहार किया उससे पूरा देश शर्मसार हुआ है उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी दिशाहीन हो चुकी है और कांग्रेस पार्टी के बड़े लीडर कांग्रेस पार्टी को मजबूत करने की जगह कांग्रेस पार्टी की कब्र खोद डाली है इसीलिए आज हिंदुस्तान में कांग्रेस पार्टी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने पिछली कांग्रेस पार्टी की सरकार के 5 साल के कार्यों की तुलना में हर क्षेत्र में और हर विभाग में अपने 2 साल में ही कई गुना काम करके प्रदेश के लोगों के जीवन को खुशहाल बनाया है और प्रदेश की तरक्की को तेजी से आगे बढ़ाया है लेकिन कांग्रेस पार्टी को प्रदेश की तरक्की और लोगों की भलाई आंखों में खटक रही है विपक्ष की जिम्मेदारी को भी नहीं निभा रही जो प्रदेश की जनता का अपमान है ।

## ’विकसित भारत के लिए मेड इन इंडिया चिप बेहद अहम’, पीएम मोदी ने बताया भविष्य का रौडमैप

**जयपुर टाइम्स/एजेंसी**

**ग्रेटर नोएडा** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को इस बात पर जोर दिया कि भारत को चिप उत्पादन में आत्मनिर्भर बनना होगा और देश में एक सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम का निर्माण हो रहा है। पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश के यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (वाईईआईडीए) में एचसीएल-फॉक्सकॉन संयुक्त उद्यम परियोजना, इंडिया चिप प्राइवेट लिमिटेड, के शिलान्यास समारोह में भाग लिया। पीएम मोदी ने कहा कि विकसित भारत की नींव आत्मनिर्भरता के आधार पर रखी जाएगी, जिसके लिए भारत में निर्मित चिप्स का होना बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, ‘विकसित भारत का निर्माण तभी होगा जब भारत आत्मनिर्भर होगा। इसके लिए ‘मेड इन इंडिया’ चिप बेहद महत्वपूर्ण है।

## भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पंच गौरव योजना को मिली गति, लिसोड़ा के संरक्षण और संवर्धन में जयपुर जिला अग्रणी

**जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में हो रहे विविध नवाचार, एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति के तहत लिसोड़ा का हो रहा व्यापक संवर्धन**

**जयपुर टाइम्स**

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की दूरदर्शी पहल एवं पारदर्शी, परिणामोन्मुख शासन की प्रतिबद्धता के तहत राज्य में एक जिला-एक वनस्पति प्रजाति अभियान को नई गति मिली है। इसी क्रम में जयपुर जिले में लिसोड़ा के संरक्षण, संवर्धन एवं प्रोत्साहन हेतु जिला प्रशासन द्वारा बहुआयामी एवं संरचित प्रयास किए जा रहे हैं, जिससे यह पहल पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था सुदृढ़ीकरण का भी प्रभावी माध्यम बन रही है।जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में संचालित यह अभियान स्थानीय जैव-विविधता के संरक्षण, हरित आवरण विस्तार तथा आजीविका सृजन की दृष्टि से मील का पत्थर सिद्ध हो रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर जयपुर प्रथम विनीता सिंह ने बताया कि वन विभाग की






नर्सरियों में अन्य पौधों के साथ 1 लाख 20 हजार लिसोड़ा पौधे तैयार कर जुलाई से सितम्बर 2025 के मध्य जिले में वितरित किए गए। इसके अतिरिक्त 485 पंचायत पौधशालाओं में भी लिसोड़ा के पौधे विकसित कर रोपित किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक ग्राम पंचायत, नगरपरिषद एवं नगरपालिका क्षेत्र में 100-100 लिसोड़ा पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके लिए सभी उपखण्ड अधिकारियों से भूमि चिन्हित कर प्रस्ताव आमंत्रित किए गए। जनभागीदारी को सुदृढ़ करते हुए वनस्पति प्रजाति एवं उपज संरक्षण-संवर्धन अभियान का शुभारम्भ किया गया, जिसके अंतर्गत 110.34 हेक्टेयर भूमि चिन्हित कर सघन पौधरोपण किया गया। ग्राम पंचायत स्तर पर इन पौधों के विकास से पर्यावरण संरक्षण, रोजगार सृजन एवं स्थानीय आय में वृद्धि के नए अवसर उत्पन्न हो रहे हैं। मुख्य आयोजना अधिकारी डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि पंच-गौरव योजना के अंतर्गत राज्य सरकार द्वारा 90 लाख रुपये का बजट आवंटित किया गया है। इस योजना के तहत संरक्षण, पौधरोपण एवं जागरूकता गतिविधियों के व्यापक प्रचार-प्रसार पर विशेष बल दिया जा रहा है। फ्लेक्स, प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया तथा विजुअल एड्स के माध्यम से आमजन को लिसोड़ा की उपयोगिता एवं महत्त्व से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने बताया कि स्थानीय महिला स्वयं सहायता समूहों को अभियान से जोड़ने के लिए 10 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे उन्हें लिसोड़ा आधारित उत्पादों के माध्यम से आजीविका के अवसर प्राप्त हों और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिले। लिसोड़ा से बनने वाले उत्पादों एवं उपज को बाजार में लोकप्रिय बनाने हेतु प्रदर्शनी, नुक्कड़ नाटक, क्रेता-विक्रेता बैठकें एवं अन्य आयोजनों के लिए 10 लाख रुपये आवंटित किए गए हैं, ताकि अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। वनस्पति एवं उसकी उपज के समग्र प्रमोशन के लिए जीआई टैगिंग, डाटा संकलन एवं कम्प्यूटरीकरण, ब्रांड बिल्डिंग, उत्पाद पैकेजिंग, रिटेल एवं ऑनलाइन प्रचार-प्रसार जैसी गतिविधियों हेतु 25 लाख रुपये निर्धारित किए गए हैं। इससे लिसोड़ा को विशिष्ट पहचान मिलने के साथ राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धी बाजार उपलब्ध कराने का मार्ग प्रशस्त होगा। डॉ. सुदीप कुमावत ने बताया कि वन विभाग की नर्सरियों को सुदृढ़ बनाने के लिए नर्सरी निर्माण, वर्मीकम्पोस्ट बेड, फव्वारा प्रणाली, शेड नेट हाउस, मदर बेड, सीड स्टोर एवं फेंसिंग निर्माण जैसे कार्यों हेतु 40 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे गुणवत्तापूर्ण एवं स्वस्थ पौधे आमजन को उपलब्ध कराए जा सकें।लिसोड़ा के सघन विकास से जिले में सतत विकास लक्ष्यों एवं हरित बजट की अवधारणा को साकार करने में सहायता मिलेगी। वन विभाग द्वारा कार्यशालाओं एवं जन-जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लिसोड़ा की औषधीय, पर्यावरणीय एवं आर्थिक उपयोगिता से आमजन को अवगत कराया जा रहा है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में जयपुर जिला प्रशासन द्वारा पंच गौरव योजना के माध्यम से लिसोड़ा को पहचान दिलाने, स्थानीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने तथा पर्यावरण संरक्षण को जन-आंदोलन का स्वरूप देने की दिशा में निरंतर, सुनियोजित एवं परिणामकारी प्रयास किए जा रहे हैं।

CMYK

# अलवर जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
22 फरवरी, 2026

## रोटरी क्लब अलवर द्वारा 25-26 फरवरी को लगाएगा महिला मैमोग्राफी शिविर

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** महिला स्वास्थ्य जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से रोटरी क्लब अलवर द्वारा 25 एवं 26 फरवरी को दो दिवसीय मैमोग्राफी शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर विशेष रूप से महिलाओं के लिए आयोजित किया जा रहा है, जिसमें स्तन कैंसर की प्रारंभिक जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी। क्लब अध्यक्ष बबीता खंडेलवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर दोनों दिन प्रातः 11:00 बजे से रोटरी चैरिटेबल ब्लड बैंक, अंबेडकर नगर में आयोजित होगा। उन्होंने कहा कि समय पर जांच से गंभीर बीमारियों की पहचान संभव है, इसलिए अधिक से अधिक महिलाएं इस शिविर का लाभ उठाएं। शिविर के संयोजक रोटेरियन सुनील गुप्ता एवं नरेश गोयल ने बताया कि पंजीकरण के लिए इच्छुक महिलाएं रोटरी चैरिटेबल ब्लड बैंक, अंबेडकर नगर तथा रोटरी ब्लड सेंटर, काला कुआं में संपर्क कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त 9414261425 एवं 9414018773 पर फोन कर भी रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है। रोटरी क्लब ऑफ अलवर की ओर से महिलाओं से अपील की गई है कि वे अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग रहते हुए शिविर में अधिकाधिक संख्या में भाग लें।

## रोटरी क्लब अलवर सेन्ट्रल ने छात्राओं को वितरित किए पुनः उपयोग योग्य सैनिटरी नैपकिन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में अग्रसर रोटरी क्लब अलवर सेन्ट्रल द्वारा राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय, काला कुआं में छात्राओं के लिए पर्सनल हाइजीन सेन्ट्रल जागरूकता एवं सैनिटरी नैपकिन वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम विद्यालय की प्रधानाचार्या अरूणा जैन के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के जिलाध्यक्ष महेंद्र गोयल रहे। इस अवसर पर छात्राओं को पुनः उपयोग में आने वाले सैनिटरी नैपकिन वितरित किए गए, जिससे वे मासिक धर्म स्वच्छता के प्रति जागरूक होकर स्वस्थ जीवनशैली अपना सकें। कार्यक्रम की मुख्य समन्वयक डॉ. सपना जैन ने बालिकाओं को पर्सनल हाइजीन के महत्व, मासिक धर्म के दौरान रखी जाने वाली सावधानियों तथा स्वच्छता संबंधी आवश्यक जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने पुनः उपयोग योग्य सैनिटरी पैड के सही उपयोग एवं रख-रखाव के बारे में भी विस्तार से बताया। उपस्थित प्रत्येक छात्रा को सैनिटरी पैड प्रदान किए गए। कार्यक्रम क्लब अध्यक्ष संजय अग्रवाल की उपस्थिति में आयोजित हुआ। इस अवसर पर क्लब के वरिष्ठ सदस्य नरसी राम अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, अशोक जैन (गोविंदगढ़), रेखा महलावत, रूबी वर्मा, गरिमा गोयल, यश भार्गव तथा लक्ष्मेश कुमार सिंह का विशेष सहयोग रहा। समापन अवसर पर प्रधानाचार्या अरुणा जैन ने क्लब का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे कार्यक्रम छात्राओं के स्वास्थ्य, आत्मविश्वास एवं जागरूकता को बढ़ाने में अत्यंत सहायक सिद्ध होते हैं।

## आम आदमी पार्टी की अलवर जिला कार्यकारिणी घोषित

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** आम आदमी पार्टी ने अलवर जिले में संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई जिला कार्यकारिणी की घोषणा की है। जिलाध्यक्ष जगन्नाथ गोयल ने बताया कि राजस्थान प्रभारी धीरज टोकस, सह प्रभारी धनेन्द्र भारद्वाज, महासचिव विश्वेंद्र चौधरी, संभाग प्रभारी सौरभ चौधरी, महासचिव कीर्ति पाठक एवं महासचिव जुगल किशोर के मार्गदर्शन में जिला संगठन को सशक्त रूप दिया गया है। उन्होंने सभी वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नई टीम संगठन को मजबूत करने के साथ-साथ आमजन की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएगी। बिजली, पानी, सड़क एवं साफ-सफाई जैसे बुनियादी मुद्दों पर पार्टी सक्रिय रूप से कार्य करेगी और जनता की आवाज को मजबूती से उठाया जाएगा। घोषित कार्यकारिणी के अनुसार दिव्येंदु शर्मा को जिला महासचिव, नितेश कुमार शर्मा को जिला सचिव, कमलेश कुमार, अश्विनी शर्मा एवं शब्बीर खान को जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अतर सिंह एवं विनोद Kumar को सहसचिव की जिम्मेदारी दी गई है। रिंकू मीणा को जिला सोशल मीडिया प्रभारी, निखिल मीणा को जिला प्रवक्ता, सुनील कुमार शर्मा को अलवर शहर अध्यक्ष तथा जितेंद्र कुमार यादव को जिला मीडिया प्रभारी बनाया गया है। शमशेर खान को अल्पसंख्यक जिला उपाध्यक्ष पद सौंपा गया है। इसके अतिरिक्त मनोज चंद्रूल को अलवर शहर अध्यक्ष, लोकेश कुमार को रामगढ़ अध्यक्ष, रूजदार खान को राजगढ़-लक्ष्मणगढ़ अध्यक्ष, रघुवीर थोड़वाल को अलवर ग्रामीण अध्यक्ष, सतीश अनावरा को थानागाजी अध्यक्ष तथा बृजमोहन परेवा को कठूमर अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। अनवर खान (अलवर शहर), ईश्वर सैनी (रामगढ़) एवं अमित शर्मा डोरौली (राजगढ़-लक्ष्मणगढ़) को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। पार्टी ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए संगठन को नई ऊंचाइयों तक ले जाने का विश्वास व्यक्त किया है।

## देवेन्द्र यादव की स्मृति में छठी मेमोरियल सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता सम्पन्न




जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** दिवंगत पत्रकार देवेन्द्र यादव के 48वें जन्मदिवस के अवसर पर आयोजित छठी देवेन्द्र यादव मेमोरियल सीनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता का समापन उनके जन्मदिन पर किया गया। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने उत्साह और खेल भावना के साथ भाग लिया। आयोजन सचिव सुरेन्द्र चौहान ने बताया कि छात्रा वर्ग का फाइनल मुकाबला सेंटा क्लब और अरावली एकेडमी के बीच खेला गया, जिसमें सेंटा क्लब ने 40-15 से शानदार जीत दर्ज कर लगातार छठी बार खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग के फाइनल में बहरोड़ क्लब और हसलर क्लब आमने-सामने रहे। मुकाबले में बहरोड़ क्लब ने 47-36 से जीत हासिल कर तीसरी बार ट्रॉफी जीती। बहरोड़ क्लब की ओर से नवदीप और गौरव शेखावत ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। समापन समारोह में दिवंगत पत्रकार के ससुर राम कुमार यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में ट्रैफिक इंचार्ज संजय शर्मा, हरीश शाही, एडवोकेट हरि शंकर गोयल, पृथ्वी सिंह नरूका, अमित गोयल, रिंकी वर्मा, धर्मेन्द्र अदलखा, विशन कालरा, महिपाल सिंह शेखावत, संजय खंडेलवाल, एस.आर. यादव, लक्ष्मेश सिंह, विशाल सोनी, मोहित गुप्ता, पीयूष उपाध्याय, विवेक जायसवाल, रोहित शर्मा, नीरज पांडे, रेखा महलावत एवं रूप सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका कंवर पाल सिंह, प्रदीप चौधरी एवं आयुषी तंवर ने निभाई। अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को ट्रॉफी प्रदान कर दिवंगत पत्रकार को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

### विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026

# राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की सूची की कॉपी सौंपी

### जिला निर्वाचन अधिकारी ने दी मतदाता सूची में नाम जोड़ने और संशोधन प्रक्रिया की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 कार्यक्रम के तहत शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिला कलक्टर डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक हुई। इस दौरान राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 की जानकारी देते हुए मतदाता सूचियों के अंतिम प्रकाशन की सूची सौंपी गई। राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को पात्र नागरिक के मतदाता सूची में नाम जुड़ने और संशोधन की प्रक्रिया की जानकारी भी दी गई।

उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रथम बीना महावर ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण, 2026 कार्यक्रम घोषित किया गया था, जिसके अन्तर्गत 4 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण के उपरान्त 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था, जिसमें अलवर जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 14,62,203 थी।

उन्होंने बताया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे एवं आपत्तियां प्राप्त किये गये। इस अवधि में अलवर जिले में 32,373 फॉर्म-6/6ए, 3,321 फॉर्म-7 तथा 11,953 फॉर्म-8 प्राप्त हुए। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा दावे एवं आपत्तियों हेतु प्राप्त आवेदन पत्रों की सूची फॉर्म 9, 10, 11, 11ए और 11 बी में तैयार की गई और ऐसी सूचियों की एक प्रति उनके कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर प्रत्येक कार्य दिवस को प्रदर्शित की गई। निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा प्रति सप्ताह प्राप्त होने वाले दावे एवं आपत्तियों की सूचियां मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों से साझा की गईं। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध होने बाबत जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि पूर्व में प्राप्त समस्त फॉर्म तथा दावे-आपत्तियाँ प्राप्त करने की अवधि 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 में प्राप्त समस्त दावे-आपत्तियों का निस्तारण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा किया जाकर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन किया गया। इस प्रकार जिले में प्रारूप मतदाता सूची में कुल 14,62,203 मतदातओं में 2.37 प्रतिशत वृद्धि उपरान्त कुल मतदाताओं की संख्या 14,96,826 है, जिसमें 7,95,433 पुरूष मतदाता, 7,01,373 महिला मतदाता है तथा 20 ट्रांसजेण्डर मतदाता है। उन्होंने बताया कि मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को समस्त विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम मतदाता सूची-2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) एवं एक हार्ड कॉपी निःशुल्क संबंधित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के स्तर पर बैठक आयोजित कर उपलब्ध कराई गई। यह सूचियाँ जिला निर्वाचन अधिकारी, मुख्य निर्वाचन अधिकारी की बेवसाइट https//election.rajasthan.gov.in तथा https//voters.eci.gov.in पर ऑन लाइन उपलब्ध है तथा कोई भी मतदाता इस सूची में अपना नाम ऑनलाइन EPIC सर्च के माध्यम से देख सकता है, इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाना, हटाना व प्रविष्टियों में संशोधन एक अनवरत प्रक्रिया जो सतत जारी है, इसके लिए क्रमशः फॉर्म 6 मय घोषणापत्र (अनुलग्न-IV), 7 एवं 8 ECINet App/Voters Portal (http-sÑ//voters.eci.gov.in) पर जाकर ऑनलाईन अथवा संबंधित बीएलओ से सम्पर्क कर भरा जा सकता है। इस बाबत भी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरूद्ध अपील लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 एवं 27 के अन्तर्गत प्रथम अपील जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अन्तिम प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस में तथा जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से संतुष्ट नहीं होने की स्थिति में द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान को जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय के 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत कर सकते हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी बीना महावर, भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष अशोक गुप्ता, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिलाध्यक्ष प्रकाश गंगावत, आम आदमी पार्टी के अध्यक्ष जगन्नाथ गोयल, सीपीआई(एम) के सचिव भोलाराम शर्मा, इंडियन नेशनल कांग्रेस के जिला सचिव पुष्पेन्द्र सिंह धाबाई, भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री राजेश तिवाडी एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## जनगणना-2027 हेतु जिले के चार्ज अधिकारियों का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न



जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा।(निसं.)** जनगणना-2027 के प्रथम चरण के अंतर्गत मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य के लिए जिले में नियुक्त समस्त चार्ज अधिकारियों (तहसीलदार/आयुक्त/अधिशाषी अधिकारी - राजपत्रित अधिकारी) का दो दिवसीय प्रशिक्षण 19 एवं 20 फरवरी को नगर परिषद् सभागार में आयोजित किया गया, जो शुक्रवार को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला जनगणना अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आगामी जनगणना पूर्णतः डिजिटल माध्यम से संपन्न होगी। प्रथम चरण में चार्ज अधिकारियों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रहेगी तथा आंकड़ों की गुणवत्ता एवं शुद्धता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। उप जिला जनगणना अधिकारी एवं उपनिदेशक सांख्यिकी महेंद्र सिंह यादव ने अपने संबोधन में कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संकलन नहीं है, बल्कि यह नीति निर्माण, विकास योजनाओं के निर्धारण एवं संसाधनों के संतुलित वितरण की आधारशिला है। उन्होंने बताया कि 16 मई से 14 जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा वास्तविक फील्ड कार्य मोबाइल ऐप के माध्यम से किया जाएगा। देश में पहली बार जनगणना-2027 में स्व-गणना पोर्टल के माध्यम से आमजन स्वयं अपने मकान एवं परिवार संबंधी विवरण दर्ज कर सकेंगे। जनगणना निदेशालय से नियुक्त प्रशिक्षक महेश कुमार एवं सुभाष यादव द्वारा प्रशिक्षण के दौरान डिजिटल डेटा संकलन की प्रक्रिया, सीएमएमएस (CMMS) वेब पोर्टल, हाउस लिस्टिंग, फील्ड सर्वे, सुपरविजन, प्रगणकों की नियुक्ति एवं पोर्टल उपयोग से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। उप जिला जनगणना अधिकारी महेंद्र सिंह यादव ने बताया कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण की सफलता सुनिश्चित करने हेतु यह प्रशिक्षण अत्यंत उपयोगी एवं महत्वपूर्ण सिद्ध होगा, जिससे चार्ज अधिकारी डिजिटल प्रक्रिया एवं फील्ड कार्य को बेहतर ढंग से क्रियान्वित कर सकेंगे।

## खैरथल-तिजारा में अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित, जिला कलेक्टर ने राजनीतिक दलों के साथ की बैठक

जयपुर टाइम्स




**खैरथल-तिजारा।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली के निर्देशानुसार अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 के अंतर्गत फोटोयुक्त निर्वाचक नामावलियों का अंतिम प्रकाशन 21 फरवरी 2026 को किया गया। अंतिम प्रकाशन के पश्चात जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला की अध्यक्षता में मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला स्तर पर बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी शिवपाल जाट सहित भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष महासिंह चौधरी एवं जिला महामंत्री अनूप यादव, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के जिला अध्यक्ष बलराम यादव एवं ब्लॉक अध्यक्ष फतेह मोहम्मद, बहुजन समाज पार्टी के जिलाध्यक्ष हितेश रसगोन एवं जिला सचिव संजय कुमार तथा आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा उपस्थित रहे। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. आर्तिका शुक्ला ने सभी प्रतिनिधियों का स्वागत करते हुए जानकारी दी कि अर्हता दिनांक 01 जनवरी 2026 के संदर्भ में फोटोयुक्त मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। इस संबंध में सार्वजनिक सूचना निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के कार्यालयों के नोटिस बोर्ड पर फॉर्म-16 में चस्पा कर दी गई है। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को जिले के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की अंतिम निर्वाचक नामावली-2026 की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोरहित) तथा एक हार्ड कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। साथ ही यह भी बताया गया कि मतदाता सूची जिला निर्वाचन अधिकारी और मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट तथा वोटर पोर्टल पर ऑनलाइन उपलब्ध है, जहां मतदाता EPIC सर्च के माध्यम से अपना नाम देख सकते हैं। बैठक में बताया गया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना और संशोधन एक सतत प्रक्रिया है। इसके लिए पात्र नागरिक फॉर्म-6, 7 और 8 के माध्यम से ऑनलाइन वोटर पोर्टल, ECINet App या संबंधित बीएलओ से संपर्क कर आवेदन कर सकते हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को विधानसभावार मतदाताओं के विवरण, अपील की प्रक्रिया तथा निर्वाचन आयोग द्वारा उपलब्ध कराई जा रही ऑनलाइन सुविधाओं की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध प्रथम अपील 15 दिवस के भीतर जिला मजिस्ट्रेट तथा द्वितीय अपील 30 दिवस के भीतर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। बैठक में निर्वाचन प्रक्रिया को पारदर्शी एवं सुचारू बनाने के लिए राजनीतिक दलों से सहयोग की अपेक्षा की गई।

## डॉ. मोहित जसवंत यादव ने कांनबेलिया की ढाणी, गूंती में श्री भेरू जी महाराज के भंडारे में की सहभागिता




**बहरोड़(निसं.)।** विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत कांनबेलिया की ढाणी, गूंती में आयोजित श्री भेरू जी महाराज के भव्य एवं विशाल भंडारे में भाजपा नेता डॉ. मोहित जसवंत यादव ने सहभागिता की। उन्होंने श्रद्धालुओं के साथ सेवा भाव से समय बिताते हुए धार्मिक आयोजन में सक्रिय भागीदारी निभाई। इस अवसर पर डॉ. मोहित जसवंत यादव ने श्री भेरू जी महाराज के विधिवत दर्शन कर क्षेत्रवासियों की सुख-समृद्धि, प्रगति एवं उन्नति की कामना की। उन्होंने कहा कि धार्मिक एवं सामाजिक आयोजन समाज में सकारात्मक सोच, आपसी भाईचारे और सांस्कृतिक मूल्यों को सुदृढ़ करते हैं। ऐसे कार्यक्रमों से लोगों को आपस में जुड़ने और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का अवसर मिलता है। भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। डॉ. यादव ने आयोजन समिति एवं ग्रामीणों द्वारा की गई व्यवस्थाओं, अनुशासन और सेवा भावना की सराहना की। कार्यक्रम के समापन पर उन्होंने प्रार्थना की कि बाबा भेरू जी महाराज की कृपा सदैव बहरोड़ क्षेत्र पर बनी रहे तथा क्षेत्र विकास, शांति और समृद्धि के पथ पर निरंतर अग्रसर होता रहे।

## पटवारी भर्ती परीक्षा 2025: चयनित अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण के निर्देश जारी

***खैरथल-तिजारा(निसं.)।*** *राजस्व मण्डल राजस्थान, अजमेर के निर्देशानुसार जिला खैरथल-तिजारा में पटवारी भर्ती परीक्षा 2025 में अंतिम रूप से चयनित अभ्यर्थियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी करने के निर्देश जारी किए गए हैं। अतिरिक्त जिला कलेक्टर शिवपाल जाट ने बताया कि प्राप्त निर्देशानुसार, पटवारी भर्ती परीक्षा 2025 में अंतिम रूप से चयनित 47 अभ्यर्थियों को जिला खैरथल-तिजारा में नियुक्ति प्रदान की जानी है। इसके लिए संबंधित चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि चयनित सूची के अभ्यर्थियों का दिनांक 23 फरवरी 2026 एवं 24 फरवरी 2026 को स्वास्थ्य परीक्षण किया जाए। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए की सभी चयनित अभ्यर्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण निर्धारित तिथि पर ही पूर्ण कर उसी दिन स्वास्थ्य प्रमाण पत्र जारी किया जाए, ताकि नियुक्ति प्रक्रिया समयबद्ध रूप से संपन्न हो सके। जिला प्रशासन ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने तथा प्रक्रिया को सुचारू रूप से पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।*

# जोड़ों के दर्द को ना बनने दे आपके पैरो की बेड़िया- डॉ झुरानी

### फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा किया गया 'संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम

### जोड़ प्रत्यारोपण करवा चुके लोगो ने सर्जरी के बाद जीवन में आए सकारात्मक परिणाम किए साझा



जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर द्वारा परिचय कला संस्थान, अलवर के सहयोग से शनिवार को 'संपर्क एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ. अनूप झुरानी, सीनियर डायरेक्टर, रोबोटिक जॉइंट रिप्लेसमेंट, फोर्टिस एस्कॉर्ट्स हॉस्पिटल, जयपुर ने जोड़ो के दर्द की समस्या के कारणों, लक्षणों एवं उपचार की अत्याधुनिक तकनीको तथा सर्जरी से जुडी कई भ्रांतियो पर चर्चा की।

डॉ. अनूप झुरानी ने कहा कि, 'कि आजकल जोड़ों के दर्द की समस्या आम हो गई है7 बढ़ती उम्र के साथ-साथ अर्थराइटिस होने से जोड़ों के दर्द के समस्या उभरती है अर्थराइटिस के कई प्रकार एवं कई कारण होते हैं जिसमें सबसे ज्यादा कॉमन है ऑस्टियो आर्थराइटिस जो कि लगभग 45 से 50 वर्ष की आयु से प्रारंभ हो जाती है7 उम्र के साथ जोड़ों में उपस्थित कार्टिलेज जो कि एक प्रकार के शौक एब्जॉर्बर का काम करते हैं का लचीलापन कम हो जाता है और वह घिस भी जाते हैं जिससे प्रमुख जोड़ जैसे घुटना एवं कुल्हे में जकड़न, सूजन, दर्द आदि बना रहता है7 कुछ परिस्थितियों में अर्थराइटिस की वजह से जोड़ इतना ज्यादा क्षतिग्रस्त हो जाता है की उनका दवाइयों से पूर्ण उपचार नहीं किया जा सकता और रोगी अपनी दैनिक दिनचर्या में भी असहज हो जाता है। रोजमर्रा के काम जैसे पैदल चलना, सीढ़ियां चढ़ना, जमीन पर बैठना, कुर्सी पर बैठने में भी परेशानियां होती है जोड़ों की इस परिस्थिति में जोड़ प्रत्यारोपण एक सफल उपचार है परंतु लोगों में सर्जरी को लेकर गई भ्रांतिय हैं।

### अब तक लगभग 15,000 से ज्यादा सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी की है

हम फॉर्टिस हॉस्पिटल में लगभग 15,000 से ज्यादा सफल जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी कर चुके हैं और सर्जरी के बाद लोगों के आत्मविश्वास, आत्मनिर्भरता एवं जीवन की गुणवत्ता में महत्वपूर्ण सकारात्मक परिणाम देखे गए हैं। आधुनिक तकनीकों एवं सर्जिकल कौशल की बदौलत जोड़ प्रत्यारोपण सफल एवं सुरक्षित उपचार है। रोबोटिक द्वारा जोड़ प्रत्यारोपण के परिणाम काफी बेहतर है इसके द्वारा जोड़ का अलाइनमेंट एवं बैलेंस एकदम सटीक होता है, इम्प्लांट की लाइफ अधिक रहती है, दर्द व रक्त स्तर न्यूनतम होता है। सर्जरी से कुछ ही दिनों में मरीज़ अपने साधारण जीवन शैली में पुनः लौट सकता है ' कार्यक्रम संयोजक महेंद्र गोयल ने बताया की परिचर्चा सत्र के बाद लोगो को निःशुल्क परामर्श दी गई। सत्र में, कुछ मरीजोँ ने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी के बारे में अपने अनुभव भी साझा किए और यह बताया कि कैसे इससे उनकी जिंदगी में बदलाव आया। उन्होने बिना किसी सहायता के सीढियाँ चढकर, फर्श पर बैठकर व अन्य क्रियाकलापोँ के जरिए अपनी बिना रुकावट वाली गतिशीलता का लाइव डेमो भी दिखाया। इस मौके पर परिचय कला संस्थान, अलवर के अध्यक्ष अनिल नगर, सचिव सीए धीरज जैन, कोषाध्यक्ष राकेश जैन भौंच और अन्य सहयोगी सदस्य गगन शर्मा, रूबी, रेखा महलावत, राज गुप्ता, मोहन पूजा वाले, शशि भूषण जैन, प्रदीप जैन, गरिमा गोयल, यश भार्गव, पंकज शर्मा, मेघा शर्मा, उत्तम कुमार गुप्ता, आशीष गोयल, अनिल मित्तल, सुधा मित्तल, अशोक जैन गोविंदगढ़ वाले, प्रदीप जैन, अंजना जैन, विमला नागर, रितु नागर, सुनीता गुप्ता, अनिल जैन, लक्ष्मी कुमार सिंह आशीष जैन, पीयूष जैन, रवीश गोयल, अशोक गुप्ता, क्षितिज माथुर, सतीश मोदी, अतुल किशोर गुप्ता, आशीष गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## विधायक सुरेश गुर्जर की गाड़ी से टकराकर पूर्व सरपंच की मौतः भीड़ से बचाने के लिए पुलिस विधायक को थाने लेकर आ गई



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के बूंदी जिले में हिंडोली थाना इलाके में शनिवार को खानपुर विधायक सुरेश गुर्जर की गाड़ी से टकराकर मोपेड सवार पूर्व सरपंच की मौत हो गई जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग घटनास्थल पर एकत्रित हो गए और लोगों ने इस सड़क दुर्घटना के विरोध में नेशनल हाईवे 52 को जाम कर दिया इस दौरान सुरेश गुर्जर गाड़ी से नीचे उतरे तो लोगों ने उन्हें घेर लिया लोगों के गुस्से को देखते हुए पुलिस गुस्साए लोगों से बचाने के लिए विधायक सुरेश गुर्जर को थाने लेकर आ गई पुलिस ने गुर्जर के चालक को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है गुस्साए लोगों का कहना है कि विधायक की गाड़ी गलत दिशा में चल रही थी रोड पर जिसकी वजह से यह हादसा हुआ है खबर लिखे जाने तक मौके पर तनाव के हालात बने हुए थे बड़ी संख्या में लोग जमा थे पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर मौजूद थे और भीड़ को शांत करने का प्रयास कर रहे थे जानकारी के अनुसार शनिवार को मॉर्निंग को विधायक सुरेश गुर्जर अपने गनमैन और चालक के साथ जयपुर से खानपुर की ओर जा रहे थे तभी बूंदी जिले में हिंडोली थाना इलाके में पेज चौराहे के पास उनकी गाड़ी मोपेड से टकरा गई जिसकी वजह से मोपेड सवार पूर्व सरपंच की मौत होने की सूचना मिली है इस घटना के बाद बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और मौके पर घटना के विरोध में प्रदर्शन करने लगे सूचना के बाद पुलिस और जिला प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे इस दौरान देखते ही देखते बड़ी संख्या में लोग एकत्रित हो गए और फिर लोगों ने नेशनल हाईवे को पूरी तरह से जाम कर दिया जिसकी वजह से हाईवे पर वाहनों की बड़ी कतार लग गई काफी देर तक रोड जाम होने की वजह से यातायात पूरी तरह से बाधित हुआ इस दौरान पुलिस और जिला प्रशासन के लोगों ने गुस्साए लोगों को शांत करने का प्रयास किया लेकिन लोगों ने अपनी ओर से कई तरह की मांग रखी है फिलहाल पुलिस सुरेश गुर्जर के चालक को भी हिरासत में ले लिया है पूछताछ की जा रही है ।

## भिवाड़ी फैक्ट्री ब्लास्ट में मृतकों की बॉडी का डीएनए टेस्ट होने के बाद सभी सात लोगों के शव परिजनों को दिए, सभी शव बिहार भेजे जा रहे



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में पिछले दिनों भिवाड़ी में खुशहड़ा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में हुए अग्निकांड में मौत का शिकार हुए सात लोगों के डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया संपूर्ण हो गई है डीएनए रिपोर्ट आने के बाद सभी मृतक की बॉडी की पहचान हो गई है और सभी बॉडी परिजनों को दे दी गई है परिजन अब बॉडी लेकर शनिवार को बिहार के लिए रवाना हो गए हैं सभी मृतक बिहार के रहने वाले हैं डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया पूरी नहीं होने की वजह से परिजनों के पहचान की प्रक्रिया संपादित नहीं हो पा रही थी लेकिन शनिवार को डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया पूरी हुई और फिर रिपोर्ट के आधार पर परिजनों की पहचान करके उन्हें बॉडी दे दी गई द्य गौरतलब है कि पिछले दिनों खुशहड़ा औद्योगिक क्षेत्र में एक फैक्ट्री में भीषण अग्निकांड हुआ था जिसमें काम करने वाले बिहार के साथ लोगों की जिंदा जलने से मौत हो गई थी फैक्ट्री में भीषण आग लगी थी और इस आग में सभी मृतक की बॉडी बुरी तरह से जलकर राख हो गई थी सिर्फ हड्डी और कंकाल ही पुलिस को मिल पाए थे इसलिए पुलिस उनकी पहचान करने के लिए उनके परिजनों से डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया पुरी करने का काम शुरू किया डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया पूरी नहीं होने और परिजन की पहचान नहीं होने की वजह से मृतक की बॉडी परिजनों को नहीं दी जा रही थी लेकिन शनिवार को पुलिस डीएनए टेस्ट की प्रक्रिया पूरी होने के बाद परिजनों को उनके सब दे दिए हैं गौरतलब है कि जिस फैक्ट्री में यह भीषण आग लगीथी उसे फैक्ट्री में मौके पर बड़ी संख्या में पटाखा केमिकल रखा हुआ था और फैक्ट्री में गुपचुप में पटाखे निर्मित किया जा रहे थे जो पूरी तरह से गैर कानूनी और अवैध थे लेकिन पुलिस और प्रशासन फैक्ट्री की गतिविधियों पर नियमित रूप से निगरानी नहीं रख पाई जिसकी वजह से यह फैक्ट्री बाहर से तो ऐसा दिखती थी कि अंदर कुछ भी काम नहीं हो रहा लेकिन अंदर पटाखे बनाए जा रहे थे हालांकि इस पूरे मामले की कुछ स्तरीय जांच चल रही है और इस कांड के गठित होने के बाद पूरे औद्योगिक क्षेत्र में फैक्ट्री की गतिविधियों की जांच की जा रही है इस मामले को लेकर कांग्रेस पार्टी ने भी मृतक लोगों के परिजनों को उचित मुआवजा देने की भी मांग की है इस मामले में पुलिस ने फैक्ट्री के मालिक और मैनेजर को भी गिरफ्तार किया है इस प्रकरण में चार लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज हुए थे पुलिस की जांच भी जारी है ।

# कार्य सलाहकार समिति की बैठक के निर्णय के आधार पर विधानसभा में चर्चा करें सरकार : टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने जोड़ देकर कहा कि सरकार को सदन में विधानसभा के कार्य सलाहकार समिति की बैठक के आधार पर ही चर्चा करें उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खुद विधानसभा में ही हमारे 2 साल और कांग्रेस के 5 साल के कामकाज पर तुलनात्मक बहस करने की बात कही थी हम भी यही चाहते हैं कि इसी बिंदु पर सदन में चर्चा हो लेकिन अब सरकार खुद के 2 साल के कामकाज के बारे में आंकड़ों का मायाजाल प्रस्तुत करके गुमराह करने का प्रयास कर रही है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को अपने वादे के मुताबिक ही इस



विषय पर चर्चा करनी चाहिए लेकिन मुख्यमंत्री खुद की अपनी किताब के आधार पर सदन में चर्चा करवा रहे हैं जो विपक्ष को मंजूर नहीं है उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने खुद ने 2 साल बनाम 5 साल पर चर्चा करने की बात कही थी जिसको हमने भी स्वीकार किया था लेकिन अब सरकार अपने वादे से मुकर रही है जो उचित नहीं है प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने कहा कि सरकार के मुखिया और सरकार के लोग शुरू से ही आंकड़ों का माया जाल फैलाकर खुद की पीठ को थपथपा रहे हैं लेकिन आंकड़ों के पीछे सत्यता क्या है इसको छुपा रही है उन्होंने कहा कि पिछले 2 साल में सरकार की ओर से सिर्फ अपनी ओर से तैयार किए गए आंकड़ों के आधार पर अपने 2 साल के कामकाज का गलत बखान कर रही है जबकि पिछले 2 साल में प्रदेश सरकार ने पिछले सरकार की योजनाओं को बंद करने या फिर कमजोर करने के अलावा कोई दूसरा कार्य नहीं किया पिछले 2 साल में प्रदेश की सरकार ने वही कार्य किया है जो दिल्ली से आई हुई पर्ची में लिखा होता है इसके अलावा सरकार ने कोई दूसरा कार्य नहीं किया उन्होंने कहा कि पिछली सरकार की कई जनकल्याणकारी योजनाओं को बंद करके प्रदेश की जनता के साथ धोखा किया है और सिर्फ तथ्यहीन वाहवाही लूटने के अलावा कोई दूसरा कार्य नहीं किया।जूली ने कहा कि डबल इंजन सरकार की बात कह कर प्रदेश में विकास के बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं लेकिन राजस्थान और दिल्ली दोनों ही जगह पर भारतीय जनता पार्टी की सरकार होने के बावजूद भी ईआरसीपी को राष्ट्रीय परियोजना का दर्ज नहीं दिलवा पाए जो सरकार की सबसे बड़ी नाकामी है प्रतिपक्ष के नेता टीकाराम जूली ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि राइजिंग राजस्थान के नाम से सरकार 8 लाख करोड़ रुपए के समझौते के क्रियान्वयन की बात तो कह रही है लेकिन यह नहीं बता रही कि प्रदेश में कौन-कौन से उद्योग लगे हैं किस-किस को जमीन दी जा रही है सिर्फ अपने स्तर पर इस मामले में आंकड़े प्रस्तुत करके खुद की पीठ थापा रही है उन्होंने कहा कि आठ लाख करोड़ रुपए के इन्वेस्ट होने पर अपने आप ही किसी भी स्टेट में विकास देखने लग जाता है लेकिन राजस्थान में ऐसा कहीं नजर ही नहीं आ रहा की कोई काम हुआ है सिर्फ बयानों में काम बताए जा रहे हैं हकीकत में जमीनी स्तर पर कोई काम नजर नहीं आ ।

## *भारत की प्रगति से व्यथित कांग्रेस ने एआई समिट में किया देशविरोधी कृत्यः मदन राठौड़*

### वैश्विक मंचों पर देश का अपमान नहीं सहेगा भारत,कांग्रेस को आत्ममंथन की जरूरत

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने 'एआई इम्पैक्ट समिट' के दौरान कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किए गए आचरण की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि यह कोई साधारण राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि देश की प्रतिष्ठा के विरुद्ध गंभीर कृत्य है। जब पूरा विश्व भारत की नेतृत्व क्षमता, तकनीकी नवाचार और वैश्विक प्रभाव को स्वीकार कर रहा है, तब कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके सहयोगियों द्वारा देश की छवि धूमिल करने का प्रयास अत्यंत निंदनीय है।उन्होंने कहा कि 100 से अधिक देशों के प्रतिनिधियों, 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्षों एवं शासनाध्यक्षों की भागीदारी तथा 2.5 लाख लोगों के पंजीकरण ने यह सिद्ध किया है कि भारत आज वैश्विक मंच पर अग्रणी भूमिका निभा रहा है। विश्व के शीर्ष उद्योगपतियों और नीति-निर्माताओं ने भारत की तकनीकी प्रगति, डिजिटल परिवर्तन और दूरदर्शी नेतृत्व की खुलकर सराहना की है। राठौड़ ने कहा कि कांग्रेस को अपने आचरण पर आत्ममंथन कर क्षमा याचना करनी चाहिए थी, इसके विपरीत उसके नेताओं ने ऐसे प्रदर्शन को उचित ठहराने का प्रयास किया। लोकतंत्र में सरकार और नीतियों की आलोचना का अधिकार सभी को है, किंतु देश के विरुद्ध प्रदर्शन और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत की छवि को क्षति पहुँचाना अस्वीकार्य है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में



भारत विश्व कल्याण, डिजिटल क्रांति और समावेशी विकास की दिशा में आगे बढ़ रहा है। मोदी जी के शासन में डिजिटल भुगतान व्यवस्था ने देश के छोटे से छोटे व्यापारी और सड़क विक्रेता तक को सशक्त बनाया है। भारत की तीव्र प्रगति को विश्व के अनेक नेताओं ने सार्वजनिक रूप से सराहा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के लिए राष्ट्रहित सर्वोपरि है। पार्टी और सरकार की बैठकों में भी यह मार्गदर्शन दिया जाता है कि किसी भी वक्तव्य या कार्य से देश की गरिमा को आघात नहीं पहुँचना चाहिए। इसके विपरीत राहुल गांधी और कांग्रेस के नेता निरंतर भारत की उपलब्धियों पर प्रश्न चिह्न लगाते रहे है। उन्होंने कहा कि राजनीतिक प्रतिस्पर्धा लोकतंत्र का हिस्सा है, परंतु देश को बदनाम करना या राष्ट्र की छवि को नुकसान पहुँचाना किसी भी दृष्टि से स्वीकार्य नहीं हो सकता। कांग्रेस को आत्ममंथन करना चाहिए और देश को शर्मसार करने वाले कृत्यों से स्वयं को दूर रखना चाहिए। राठौड़ ने कहा कि भारत आज विश्व नेतृत्व की दिशा में अग्रसर है और देश की जागरूक जनता राष्ट्रहित के विरुद्ध किसी भी राजनीति को स्वीकार नहीं करेगी।

## भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों का विधानसभा पर प्रदर्शन, रीट परीक्षा की सीबीआई जांच की मांग

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों ने शनिवार को विधानसभा के बाहर प्रदर्शन किया भारत व आदिवासी पार्टी के विधायक बाकायदा एक ऐसी टीशर्ट पहनकर विधानसभा पहुंचे थे जिस पर रीट और अन्य भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच करवानी की मांग जैसे नारे लिखे हुए थे विधायकों का कहना था कि विधानसभा चुनाव के दौरान भाजपा के संकल्प पत्र में भी रीट भर्ती परीक्षा और अन्य भर्ती परीक्षाओं के सीबीआई जांच करने का वादा किया था इसके अलावा पिछली गहलोत सरकार में डॉक्टर किरोड़ी मीणा ने भी भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच करने की मांग को लेकर बड़े-बड़े आंदोलन किए थे और कहा था कि अगर राजस्थान में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनेगी तो इन भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच करवाएंगे भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों ने विधानसभा भवन पर पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ ने भी पिछले विधानसभा चुनाव के दौरान इन भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच करवाने की बात कही थी लेकिन प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद भाजपा अपने वादे को भूल चुकी है जो प्रदेश की युवाओं के साथ एक तरह से धोखा है जानकारी के अनुसार भारत आदिवासी पार्टी के विधायक जयकृष्ण पटेल अनिल कटारा और एक अन्य विधायक शनिवार को सुबह एक ही ड्रेस में अपनी आवाज से नारेबाजी करते भी विधानसभा भवन पर पहुंचे थे इनकी शर्ट के आगे और पीछे के हिस्से पर रीट भर्ती परीक्षा और अन्य भर्ती परीक्षाओं के सीबीआई जांच करवाने जैसे शब्द लिखे हुए थे तीनों विधायक काफी देर तक नारेबाजी करते रहे और भाजपा सरकार से डिमांड करते रहे की अपने वादे के मुताबिक सरकार इन भर्ती परीक्षाओं की सीबीआई जांच कराए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी सामने आए भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों का कहना है कि राजस्थान के युवा काफी परेशान है उन्हें उम्मीद थी कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार अपने वादे को पूरा करेगी और जिस जिस परीक्षा के सीबीआई जांच करने का वादा किया था सरकार बनने के बाद उन परीक्षाओं की सीबीआई जांच होगी जिसकी वजह से प्रदेश के युवाओं को इंसाफ मिलेगा और दोषी लोग जेल जाएंगे लेकिन प्रदेश में 2 साल से अधिक का समय भाजपा सरकार के शासनकाल का बीत चुका है लेकिन रीट भर्ती परीक्षा की भी सीबीआई जांच नहीं हुई है और अन्य भर्ती परीक्षाओं की भी सीबीआई जांच नहीं की गई है जो युवाओं के साथ अन्याय है भारत आदिवासी पार्टी के विधायकों ने कहा है कि विधानसभा के अंदर भी वे लोग अपनी इस बात को उठाएंगे

## वसुंधरा राजे ने झालावाड़ में सांसद दुष्यंत सिंह की जन संवाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया, बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता रही मौजूद

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने शनिवार को प्रदेश के झालावाड़ जिले में बकानी इलाके में मोयरा में मुक्तेश्वर महादेव मंदिर से झालावाड़ सांसद दुष्यंत सिंह की जन संवाद यात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया इस मौके पर बड़ी संख्या में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता और भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े लोग शामिल थे गौरतलब है कि इस जन संवाद यात्रा के दौरान दुष्यंत सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र के हर गांव और ढाणी में रहने वाले लोगों तक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं इस दौरान दुष्यंत सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों से मुलाकात करते हैं उनसे बातचीत करते हैं उनकी समस्याओं के बारे में पूछते हैं और जो जो समस्याएं लोग उन्हें बताते हैं उनके निवारण के लिए सतत प्रयास भी करते हैं इस यात्रा के माध्यम से दुष्यंत सिंह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों में लगातार मजबूत बनाने का प्रयास कर रहे हैं जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत पहले ही अपने पार्टी के सभी सांसदों को यह निर्देशित किया था कि वह अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में जन संवाद पदयात्रा निकालकर लोगों से मुलाकात करते रहे ताकि लोगों का आशीर्वाद और सम्मान तो मिलेगा ही इसके अलावा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं की भी उन्हें जानकारी मिल सकेगी जिन्हें सुलझाने में उन्हें मदद मिलेगी इसलिए दुष्यंत सिंह इस जनसंवाद यात्रा को बहुत ही प्रभावित तरीके से पूर्व में भी निकल चुके हैं और अब शनिवार को एक बार फिर से अपनी इस यात्रा को शुरू कर रहे हैं उल्लेखनीय है कि दुष्यंत सिंह लगातार चौथी बार झालावाड़ से सांसद निर्वाचित हुए हैं जो यह दिखाता है कि अपने निर्वाचन क्षेत्र में वे कितने पॉपुलर है हालांकि इस बात से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि दुष्यंत सिंह



से पहले उनकी माता और प्रदेश की दो बार मुख्यमंत्री रह चुकी वसुंधरा राजे भी इसी निर्वाचन क्षेत्र से सांसद रह चुकी है इसलिए दुष्यंत सिंह की लोकप्रियता में वसुंधरा राजे की खुद की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा और लोकप्रियता का बड़ा हाथ रहा है लेकिन दुष्यंत सिंह भी अपनी माता की तरह क्षेत्र के लोगों में अपनी अलग से पहचान बनाने का प्रयास कर रहे हैं जिसमें उन्हें सफलता भी मिली है उनकी पदयात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल रहते हैं और जहां भी और जिस भी जगह पर उनकी मीटिंग होती है वहां पर बड़ी संख्या में लोग उनसे मुलाकात करने पहुंचते हैं और उनका शानदार तरीके से वेलकम भी करते हैं जानकार लोगों का कहना है कि अंता विधानसभा क्षेत्र में कुछ माह पहले हुए उपचुनाव में भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी की हार के बाद कहीं ना कहीं वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह की व्यक्तिगत प्रतिष्ठा को भी ठेस पहुंची है क्योंकि अंता विधानसभा सीट के चुनाव में वसुंधरा राजे की पसंद के व्यक्ति को ही भारतीय जनता पार्टी ने उम्मीदवार बनाया था लेकिन वह चुनाव नहीं जीत पाए इसलिए झालावाड़ कोटा और पूरे हाडोती आंचल में अपनी पकड़ को बनाए रखने के लिए वसुंधरा राजे और दुष्यंत सिंह दोनों हे अथक प्रयास कर रहे हैं और यह जन संवाद यात्रा दुष्यंत सिंह की उसी का परिणाम है ।

## 950 करोड़ के जल जीवन मिशन घोटाले में न्यायालय ने सभी 10 आरोपियों को जेल भेजा, अगली सुनवाई 5 मार्च को

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में 950 करोड रुपए के जल जीवन मिशन घोटाले में पिछले दिनों गिरफ्तार किए गए कई पूर्व और वर्तमान इंजीनियर और कई पूर्व और वर्तमान अधिकारियों को न्यायालय ने आज जेल भेजने के निर्देश दिए हालांकि न्यायालय में पेशी के दौरान पुलिस की ओर से दो दिन का पुलिस रिमांड और मांगा गया था लेकिन आरोपियों के बचाव पक्ष की ओर से वकीलों ने प्रभावी और तथ्यात्मक तरीके से बहस करके विरोध किया गया जिसके बाद न्यायालय ने सभी 10 आरोपियों को अगली 5 मार्च तक जेल भेजने के निर्देश दिए हैं अब इस मामले की अगली सुनवाई 5 मार्च को होगी जानकारी के अनुसार शनिवार होने की वजह से गिरफ्तार किए गए आरोपियों की जमानत अर्जी का समय निकल चुका था अब जमानत अर्जित की कार्रवाई भी वकीलों की ओर से जल्दी ही की जाएगी जानकारी के अनुसार शनिवार को पुलिस रिमांड की अवधि समाप्त होने के बाद पुलिस ने जल जीवन मिशन घोटाले के सभी 10 आरोपियों को शनिवार को कोर्ट में पेश किया इससे पहले पुलिस ने इन सब आरोपियों को तीन दिन के लिए पुलिस रिमांड पर लिया था जिसमें पुलिस ने सभी आरोपियों से कई बिंदुओं पर पूछताछ की लेकिन कई ऐसे बिंदु थे जिन पर पूछताछ कंप्लीट नहीं हुई थी इसलिए पुलिस की ओर से शनिवार को सरकारी अधिवक्ताओं ने कहा कि अभी पुलिस की जांच पूरी नहीं हुई है कई बिंदुओं पर जांच अधूरी है इसलिए दो दिन का पुलिस रिमांड और दिया जाए जिसका आरोपी अभियुक्तों के वकीलों ने पुरजोर विरोध किया और कहा कि ऐसी कौन से बिंदु है जिन पर पुलिस को अभी जांच करनी है उन बिंदुओं का उल्लेख किया जाए और भी कई तर्क आरोपी पक्ष के वकीलों ने बहस में अपनी दलील के दौरान दिए दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद कोर्ट ने सभी आरोपी लोगों को 5 मार्च तक जेल भेजने के निर्देश दिए पत्रकारों से बातचीत के दौरान आरोपी पक्ष के वकीलों ने कहा कि इस मामले में पुलिस की ओर से की गई कार्रवाई पूरी तरह से अनुचित है क्योंकि इस मामले में पहले सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय की ओर जांच कंप्लीट हो चुकी है इसके बावजूद भी एसीबी की ओर से इस तरह से गिरफ्तारी की गई जो ठीक नहीं है यह एक तरीके से शारीरिक और मानसिक रूप से परेशान करने वाली बात है और यह गिरफ्तारी अवैध है । उल्लेखनीय है कि इस मामले में एंटी करप्शन ब्यूरो की ओर से पूर्व भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी सुबोध अग्रवाल के खिलाफ लुक आउट नोटिस जारी किया हुआ है अग्रवाल की तलाश में एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने कई जगह पर दविश दी लेकिन अग्रवाल नहीं मिल पाए एंटी करप्शन ब्यूरो के अधिकारियों को यह संदेह है कि अग्रवाल विदेशी भी जा सकते हैं इसलिए उनके खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी किया गया है हालांकि अग्रवाल ने इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में अर्जी लगाती हुई कहा है कि उनके कार्यकाल में जल जीवन मिशन से जुड़ी 10 प्रतिशत फाइल संपादित हुई थी बाकी 90 प्रतिशत फाइल तो जब सुधांशु पिछली सरकार में उच्च पद पर नियुक्त थे उनके कार्यकाल में संपादित हुई थी इसलिए इस मामले में उन्हें गलत तरीके से लपेट जा रहा है उन्होंने कहा कि जब उन्हें इस मामले में गड़बड़ी का पता चला तो उन्होंने खुद इस मामले की जांच करवाई थी इसलिए उन्हें इस मामले में गुनहगार बताना बिल्कुलगलत ।


## शादी से एक दिन पहले दो सगी बहनों ने जहर खाकर आत्महत्या की, घर में खुशी के माहौल में छाया मातम

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश के जोधपुर के सूरसागर थाना इलाके के मनाई गांव में शादी से एक दिन पहले ही दो सगी बहनों ने जहरीली वस्तु का सेवन करके आत्महत्या कर ली घर में पिछले कुछ दिनों से शादी का माहौल बना हुआ था नृत्य, गीत और कई तरह की वैवाहिक रीति रिवाज निभाई जा रहे थे लेकिन अचानक जिनकी शादी हो रही थी उन्होंने ही खुद की जीवन लीला समाप्त कर ली तो पूरे परिवार और शादी में शामिल होने आए रिश्तेदारों में गम का माहौल छा गया है पूरे गांव में सन्नाटा पसरा हुआ है सूचना पर पहुंची पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच पड़ताल कर रही है हालांकि प्रथम दृष्टि मामला आत्महत्या का है लेकिन दोनों सगी बहनों ने किस वजह से आत्महत्या की है इसकी जानकारी खबर लिखे जाने तक नहीं मिल पाई लेकिन कहा जा रहा है कि पहले दोनों बहनों की भीनमाल में सगाई हुई थी जिस सगाई को इन बहनों के चाचा ने तुड़वा दिया था और अब पोकरण क्षेत्र में शादी निश्चित हुई थी कहा जा रहा है कि कहीं ना कहीं दूसरी जगह पर शादी निर्धारित होने की वजह से शायद मृतक दोनों बहनों को पसंद नहीं था इसीलिए उन्होंने कीटनाशक दवाई पीकर आत्महत्या की पुलिस के अनुसार मृतक शोभा और विमल है जो टीचर हैं पुलिस अब उनकी बॉडी का पोस्टमार्टम करवा रही है पोस्टमार्टम रिपोर्ट में ही मौत की वजह का ठीक तरह से खुलासा हो पाएगा हालांकि मृतक लड़कियों की बॉडी का स्वरूप ऐसा था जैसे उन्होंने कोई जहरीली वस्तु पी हो शुक्रवार की रात ही मौका देखकर दोनों बहनों ने जहरीली वस्तु का सेवन किया था इसके बाद दोनों की तबीयत बिगड़ गई इन्हें अस्पताल लाया गया लेकिन दोनों की मौत हो गई पुलिस अब मृतक लड़कियों के परिजनों से भी पूछताछ कर रही है शादी में आए रिश्तेदारों और अन्य आसपास के लोगों से भी पूछताछ कर रही है आत्महत्या का वास्तविक कारण क्या है इसके जानने के प्रयास किया जा रहे हैं फिलहाल परिजन भी काफी दुखी है पुलिस का कहना है कि परिवार में गम का माहौल है ऐसे में फिलहाल तमाम तरह के सवाल पूछना ठीक नहीं होगा इसलिए पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पोस्टपार्टम रिपोर्ट के तथ्यों के आधार पर पुलिस की जांच को आगे बढ़ाएंगे पुलिस की प्रारंभिक जांच पड़ताल में सामने आया है कि परिवार वाले अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहे थे और दोनों बहनों की बॉडी को श्मशान घाट भी लेकर जाने की तैयारी चल रही थी लेकिन मृतका के मामा ने पुलिस को फोन करके मौके पर बुलाया इसके बाद दोनों लड़कियों की बॉडी को वापस अस्पताल लाया गया है अब पुलिस अपने तरीके से इस पूरे मामले की जांच कर रही है ।

# शंकर गैरा के नेतृत्व में भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं का पीसीसी के पास जोरदार प्रदर्शन, पुलिस से हुई भिड़ंत

**जयपुर(का.सं.)** दिल्ली में पिछले दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक बड़े कार्यक्रम में एनएसयूआई और कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन के विरोध में भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने शनिवार को एक बार फिर से जयपुर में प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के पास जोरदार प्रदर्शन किया जयपुर के अलावा अलवर और कई अन्य शहरों में भी भारतीय जनता पार्टी के युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदर्शन करके कांग्रेस पार्टी को कटघरे में खड़ा करने का प्रयास किया राजधानी जयपुर में शुक्रवार को भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के सामने जोरदार प्रदर्शन किया था और युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में घुसने का भी प्रयास कर रहे थे लेकिन पुलिस ने उन्हें रोक दिया बाद में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के नजदीकी राहुल गांधी और कांग्रेस पार्टी के कई अन्य नेताओं के पुतले जलाए थे शनिवार को भी युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय को ही अपना निशाना बनाने का प्रयास किया इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर के नेतृत्व में बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के नजदीक पहुंचे और वहां पर कांग्रेस नेताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे हालांकि शहर पुलिस को यह पहले से ही पता था कि भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता शनिवार को भी इसी तरह से विशाल प्रदर्शन कर सकते हैं इसलिए प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में पुलिस के अधिकारी और जवान पहले ही नियुक्त कर दिए गए थे तथा बैरिकेट्स लगाकर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के मुख्य गेट के दरवाजे पर अवरोध खड़ा किया गया ताकि कोई भी प्रदर्शनकारी अंदर नहीं आ सके शुक्रवार की तुलना में शनिवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के नजदीक सुबह-सुबह ही बड़ी संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ता एकत्रित हो गए थे युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष शंकर के मौके पर पहुंचने के बाद में भीड़ अचानक और ज्यादा बढ़ गई इसके बाद युवा मोर्चा के अध्यक्ष के नेतृत्व में कार्यकर्ता प्रदेश कांग्रेस कार्यालय की तरफ नारेबाजी करते दिए जाने लगे तभी पुलिस ने उन्हें रोकने का प्रयास किया बैरिकेट्स पुलिस के पहले हिस्से ही लगे हुए थे सड़क पर बैरिकेट्स देखकर गुस्साए युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बैरिकेट्स पर चढ़ गए युवा मोर्चा के अध्यक्ष शंकर भी बैरिकेट्स पर चढ़कर कांग्रेस पार्टी के नेताओं के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे और कहने वालों की दिल्ली में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एक शानदार और प्रभावशील अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की ओर से जो अर्धनग्न प्रदर्शन किया गया ।



## कहानी

### वीर राजकुमार कुवलयाश्व

अनेक वर्ष पूर्व की बात है । शत्रुजीत नाम का परम पराक्रमी राजा था । उसके पुत्र का नाम ऋतध्वज था । एक दिन महर्षि गालव राजा शत्रुजीत के पास आए । महर्षि अपने साथ एक दिव्य अश्व अर्थात घोडा भी लाए थे । राजा ने महर्षि का सम्मान कर उनका विधिवत पूजन किया । महर्षि राजा से सहायता मांगने आए थे । महर्षि ने बताया, ''एक दुष्ट राक्षस अपनी माया से, सिंह, व्याघ्र, हाथी आदि पशुओं का रूप धारण करके आश्रम में बार बार आता है और आश्रम को भ्रष्ट और नष्ट करता है । उस राक्षस को क्रोध करके भस्म किया जा सकता है, पर ऐसा करने से हमें हमारी तपस्या से मिले हुए पुण्य का नाश हो जाएगा । हम लोग बहुत परिश्रम कर यह पुण्य कमाते हैं । हम इस पुण्य का नाश नहीं करना चाहते । हमें जो क्लेष अर्थात कष्ट हो रहा है, वह दूर करने के लिए सूर्यदेव ने 'कुवलय' नाम के इस अश्व को हमारे पास भेजा है । यह अश्व बिना थके पूरी पृथ्वी की प्रदक्षिणा कर सकता है । उसकी विशेषता यह भी है की, आकाश, पाताल एवं जल मे भी यह अश्व तीव्र गति से दौड सकता है । यह अश्व हमें देते समय देवताओं ने कहा है कि, इस अश्व पर बैठकर आपका पुत्र ऋतध्वज हमें कष्ट देनेवाले असुर का नाश करेगा । इसलिए आप अपने राजकुमार को हमारे साथ भेज दीजिए । इस अश्व को पाकर राजकुमार कुवलयाश्व इस नाम से संसार में प्रसिद्ध होंगे ।'' शत्रुजीत राजा धर्मात्मा थे । मुनि की आज्ञा मानकर राजकुमार को उनके साथ जाने की आज्ञा दी । राजकुमार ऋतध्वज मुनि के साथ उनके आश्रम चले गए और वहीं निवास करने लगे । एक दिन आश्रम के मुनिगण सायंकाल के समय संध्या उपासना कर रहे थे । तभी शूकर का रूप धारण करके पातालकेतु नाम का एक दानव मुनियों को सताने आश्रम मे आ पहुंचा । उसे देखते ही आश्रम में निवास करनेवाले शिष्य शोर करने लगे । तभी राजकुमार ऋतध्वज अश्व पर सवार होकर उस दानव के पीछे दौडे । राजकुमार ने अर्धचंद्र आकार के एक बाण से उस असुर को मारा ।असुर घायल हो गया । अपने प्राण बचाने के लिए वह भागने लगा । राजकुमार भी उसके पीछे घोडे पर दौडतेरहे । असुर वनों मे, पर्वतों और झाडियों गया । राजकुमारने के घोडे ने वहां तक उसका पीछा किया । असुर बडे वेग से दौड रहा था । अंत मे वह पृथ्वी के एक गढ्ढे मे कूद गया । राजकुमार भी उसके पीछे पीछे गढ्ढे में कूद गया । वह पाताल लोक में जाने का मार्ग था । उस अंधकारपूर्ण मार्ग से राजकुमार पाताल पहुंच गये ।

वहां राजकुमार ने एक भवन देखा । असुर को ढूंढने के लिए राजकुमार उस भवन में पहुंचा। वहां उसे एक कन्या दिखी । उसका नाम मदालसा था । वह गंधर्वों के राजा विश्वावसु की पुत्री थी । पातालकेतु ने स्वर्ग से मदालसा का हरण किया था । पातालकेतु की उससे विवाह करने की इच्छा थी । राजकुमार को पातालकेतु के इस विचार का पता लगा । उसने दिव्यास्त्र का उपयोग करके पातालकेतु के साथ सभी असुरों का नाश कर दिया । सभी असुर उस अस्त्र से भस्म हो गए । मदालसा को यह जब पता चला, तो उसने राजकुमार ऋतध्वज का पती के रूप मे वरण कर लिया ।

## सम्पादकीय

### आधी आबादी का हक, न्यायिक व्याख्या और नारी गरिमा का प्रश्न



महिलाओं के खिलाफ होने वाले अपराधों की सुनवाई और फैसले की दिशा इस बात पर निर्भर करती है कि न्यायालय में पीड़िता के पक्ष पर कितनी संजीदगी के साथ गौर किया गया। खासतौर पर हमारे देश में बलात्कार जैसे जघन्य अपराधों के मामले में न केवल इस अपराध की प्रकृति, बल्कि उसका पीड़िता के मन-मस्तिष्क पर पड़ने वाले प्रभावों को ध्यान में रखते हुए बेहद संवेदनशील रुख अपनाने की जरूरत होती है, लेकिन कई बार इन तकाजों को प्राथमिक नहीं माना जाता। मगर अब सर्वोच्च न्यायालय ने इस संदर्भ में एक जरूरी मानक सामने रखा है कि निचली अदालतों में बलात्कार के मामलों पर सुनवाई करते हुए कितना संवेदनशील होने की जरूरत है! गौरतलब है कि पिछले वर्ष मार्च में इलाहाबाद हाई कोर्ट ने अपने फैसले में एक नाबालिग लड़की पर यौन इरादे से शारीरिक बलप्रयोग को बलात्कार के प्रयास का अपराध नहीं माना और आरोपों को हल्का करार दिया। उस समय भी अदालत के रुख और उसकी टिप्पणियों पर तीखे सवाल उठे थे। अब सुप्रीम कोर्ट ने जिस तरह इलाहाबाद हाई कोर्ट के उस फैसले को रद्द कर दिया, उससे एक बार फिर महिलाओं की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए न्यायिक व्यवस्था के प्रति भरोसा मजबूत हुआ है। दरअसल, इलाहाबाद हाई कोर्ट ने संबंधित मामले में बलात्कार से संबंधित कानून के प्रावधानों की विचित्र व्याख्या करके आरोपियों के प्रति जिस तरह नरम रुख अख्तियार किया था, वह अपने आप में न्याय की प्रक्रिया पर एक गंभीर सवाल था। खासतौर पर एक नाबालिग लड़की पर तीन युवकों के शारीरिक बलप्रयोग, बदतमीजी और उसकी गरिमा को चोट पहुंचाने की जिस स्तर पर अनदेखी की गई और आरोप की गंभीरता को कम किया गया, उस पर खुद सुप्रीम कोर्ट ने भी गहरी नाराजगी जताई थी। बीते वर्ष 25 मार्च को शीर्ष अदालत की पीठ ने साफ शब्दों में कहा था कि यह फैसला पूरी तरह से असंवेदनशील और अमानवीय नजरिए को दिखाता है, इसलिए इस पर रोक जरूरी है। अब उसी मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट को फटकार लगाई और उसके विवादित फैसले को पलटते हुए नाबालिग लड़की से की गई हरकत को 'बलात्कार का प्रयास' करार दिया। अब यह मुकदमा गंभीर अपराध और पाक्सो अधिनियम के सख्त प्रावधानों के तहत चलेगा। निश्चित रूप से सुप्रीम कोर्ट का यह रुख महिलाओं के खिलाफ जघन्य अपराधों की रोकथाम और खासतौर पर अदालतों में बलात्कार जैसे गंभीर अपराध की सुनवाई के क्रम में कभी-कभार बरती जाने वाली असंवेदनशीलता के मद्देनजर बेहद अहम है। सवाल है कि ऐसे मामलों में कानूनी प्रावधानों की व्याख्या करते हुए अपराध की प्रकृति, पीड़िता की स्थिति और सामाजिक हकीकतों को ध्यान में रखना जरूरी क्यों नहीं समझा जाता! जब भी अदालतों की ओर से ऐसे मामलों में जरूरी संवेदनशीलता के तकाजों की अनदेखी की जाती है, तब यौन अपराधों के विरुद्ध महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के प्रयास कमजोर होते हैं। ]

# रॉबर्ट बैडेन-पावेल की प्रेरणा से सेवा और नेतृत्व का संदेश: स्काउट संस्थापक दिवस

*बैडेन-पॉवेल ने अपने सैन्य अनुभवों से प्रेरणा लेकर युवाओं में चरित्र निर्माण और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए यह आंदोलन शुरू किया था। पाठकों को बताता चलूं कि स्काउट सैल्यूट के पीछे भी एक अर्थ है। दरअसल,तीन उंगलियों वाला स्काउट सलाम तीन मूल सिद्धांतों क्रमशः ईश्वर और देश के प्रति कर्तव्य, दूसरों की मदद तथा स्काउट नियमों के पालन का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर के स्काउट्स एक-दूसरे से बाएं हाथ (लेफ्ट हैंड) से हाथ मिलाते हैं। इसके पीछे का तर्क यह है कि बायां हाथ दिल के करीब होता है और यह गहरी मित्रता और विश्वास का प्रतीक है। इसके अलावा, युद्ध के समय योद्धा अपना बचाव करने वाली ढाल (शील्ड) बाएं हाथ में रखते थे; बाएं हाथ से हाथ मिलाने का मतलब था ढाल को नीचे रखना, जो सामने वाले पर पूर्ण विश्वास को दर्शाता है। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति नील आर्मस्ट्रांग एक 'ईगल स्काउट' थे। वे अपने साथ चंद्रमा पर स्काउटिंग का बैज भी ले गए थे। रिकॉर्ड के अनुसार, चंद्रमा पर जाने वाले 12 अंतरिक्ष यात्रियों में से 11 किसी न किसी रूप में स्काउटिंग से जुड़े रहे थे। बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि स्काउट जो गले में स्कार्फ पहनते हैं, वह सिर्फ वर्दी का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसके पीछे कुछ वैज्ञानिक तथ्य*

22 फरवरी को स्काउट संस्थापक दिवस या संस्थापक दिवस (फाउंडर्स डे) के रूप में मनाया जाता है। वास्तव में यह दिवस स्काउट आंदोलन के संस्थापक लॉर्ड रॉबर्ट बैडेन-पावेल की जयंती के रूप में मनाया जाता है तथा स्काउट्स और गाइड्स के लिए विशेष महत्व रखता है।यह दिन उनकी पत्नी तथा विश्व प्रमुख गाइड ओलेव बैडेन-पॉवेल का भी जन्मदिन होता है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत में इसे अक्सर 'विश्व चिंतन दिवस' (वर्ल्ड थिंकिंग डे) के साथ जोड़कर भी देखा जाता है। पाठकों को बताता चलूं कि स्काउट्स प्यार से संस्थापक को 'बी.पी.' भी कहते हैं।इस दिन स्काउट और गाइड अपने 'नियम और प्रतिज्ञा'(स्काउट प्रॉमिस)को दोहराते हैं तथा करोड़ों स्काउट यूनिफॉर्म पहनकर समाज सेवा के कार्य करते हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो इस दिन स्काउट और गाइड्स द्वारा सामुदायिक सेवा, रक्तदान, धन जुटाने, ध्वजारोहण और रैलियां आयोजित की जाती हैं। इस दिवस का महत्व यह है कि यह दिवस स्काउटिंग के उन मूल्यों (अनुशासन, देशभक्ति, सेवा) को पुनर्जीवित करता है, जो युवाओं को भविष्य की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार करते हैं। यदि हम यहां पर स्काउटिंग,जिसे शांति और भाईचारे का उत्सव भी कहा जाता है, के इतिहास पर नजर डालें तो उपलब्ध जानकारी के अनुसार स्काउटिंग की शुरुआत एक प्रयोगात्मक कैंप से हुई थी। दरअसल, लॉर्ड बेडन पॉवेल ने इंग्लैंड के ब्राउंसी द्वीप पर वर्ष 1907 में पहला कैंप लगाया था। गौरतलब है कि स्काउटिंग की शुरुआत किसी खेल या शौक के रूप में नहीं हुई थी। बैडेन-पॉवेल ने अपने सैन्य अनुभवों से प्रेरणा लेकर युवाओं में चरित्र निर्माण और आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए यह आंदोलन शुरू किया था। पाठकों को बताता चलूं कि स्काउट सैल्यूट के पीछे भी एक अर्थ है। दरअसल,तीन उंगलियों वाला स्काउट सलाम तीन मूल सिद्धांतों क्रमशः ईश्वर और देश के प्रति कर्तव्य, दूसरों की मदद तथा स्काउट नियमों के पालन का प्रतीक है। उल्लेखनीय है कि दुनिया भर के स्काउट्स एक-दूसरे से बाएं हाथ (लेफ्ट हैंड) से हाथ मिलाते हैं। इसके पीछे का तर्क यह है कि बायां हाथ दिल के करीब होता है और यह गहरी मित्रता और विश्वास का प्रतीक है। इसके अलावा, युद्ध के समय योद्धा अपना बचाव करने वाली ढाल (शील्ड) बाएं हाथ में रखते थे; बाएं हाथ से हाथ मिलाने का मतलब था ढाल को नीचे रखना, जो सामने वाले पर पूर्ण विश्वास को दर्शाता है। पाठकों को यह जानकर आश्चर्य होगा कि चंद्रमा पर कदम रखने वाले पहले व्यक्ति नील आर्मस्ट्रांग एक 'ईगल स्काउट' थे। वे अपने साथ चंद्रमा पर स्काउटिंग का बैज भी ले गए थे। रिकॉर्ड के अनुसार, चंद्रमा पर जाने वाले 12 अंतरिक्ष यात्रियों में से 11 किसी न किसी रूप में स्काउटिंग से जुड़े रहे थे। बहुत कम लोग ही यह बात जानते होंगे कि स्काउट जो गले में स्कार्फ पहनते हैं, वह सिर्फ वर्दी का हिस्सा नहीं है, बल्कि इसके पीछे कुछ वैज्ञानिक तथ्य भी हैं।



सुनील कुमार महला

दरअसल, इसे इस तरह डिजाइन किया गया है कि आपातकालीन स्थिति में इसका उपयोग पट्टियों (बैंडजेज) के रूप में, खून रोकने के लिए, या झुलसे हुए हाथ को सहारा देने के लिए किया जा सके। स्काउट के पास स्कार्फ को बांधने वाला एक छल्ला होता है,जिसे वोगल कहा जाता है। 'गांठ बांधना' (नोटिंग) स्काउटिंग का मुख्य हिस्सा है। इतना ही नहीं, स्काउट बेल्ट अक्सर चमड़े या मजबूत कपड़े की होती है, जिसमें हुक लगे होते हैं ताकि जरूरत पड़ने पर भारी सामान या औजार लटकाए जा सकें। वहीं, बैज स्काउट की दक्षता, उसकी रैंक और उसके द्वारा सीखे गए कौशलों (जैसे प्राथमिक चिकित्सा, तैराकी, खाना बनाना) को दर्शाते हैं।जब स्काउट कैंपिंग या ट्रेकिंग पर होते हैं, तो उनके पास एक 'सर्वाइवल किट' मौजूद होती है, जिसमें क्रमशः रस्सी (टेंट लगाने, पुल बनाने या किसी को बचाने में प्रयोग),?चाकू या पेननाइफ;सीटी(संकट के समय संकेत देने के लिए) तथा कंपास और नक्शा भी मौजूद होता है। इसके अलावा,आपातकालीन सामग्री में क्रमशः फर्स्ट एड बॉक्स,माचिस या फ्लिंट तथा ?टॉर्च,व्यक्तिगत डायरी और पेन

भी प्रत्येक स्काउट के पास होते हैं।स्काउटिंग इतनी प्रसिद्ध रही है कि फिल्मों तक में इसका प्रभाव देखने को मिलता है। पाठकों को बताता चलूं कि प्रसिद्ध फिल्म निर्माता स्टीवन स्पीलबर्ग ने अपनी फिल्म 'इंडियाना जोन्स' के मुख्य किरदार को एक स्काउट के रूप में दिखाया था क्योंकि वे स्वयं एक स्काउट थे और फिल्म की शूटिंग के दौरान उन्हें अपने पुराने अनुभवों से काफी मदद मिली थी। बहरहाल, यहां यह भी गौरतलब है कि आज स्काउटिंग दुनिया के लगभग हर देश में मौजूद है और करोड़ों युवा इससे जुड़े हैं। वैश्विक स्तर पर इसे वर्ल्ड ऑर्गेनाइजेशन ऑफ द स्काउट मूवमेंट संचालित करता है।स्काउट का प्रसिद्ध आदर्श वाक्य 'बी प्रिपेयर्ड' यानी कि 'सदैव तैयार रहो' (उपस्थिति और विवेक) प्रत्येक स्काउट कोजीवन के हर क्षेत्र में मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार रहने की प्रेरणा देता है। कहना ग़लत नहीं होगा कि आज स्काउटिंग सबसे बड़ा स्वैच्छिक युवा संगठन है। दूसरे शब्दों में कहें तो

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स देश का सबसे बड़ा गैर-राजनीतिक, वर्दीधारी युवा संगठन माना जाता है।

बहरहाल, यदि हम यहां पर अपने देश भारत की बात करें तो भारत विश्व के सबसे बड़े स्काउट सदस्य देशों में से एक है और आज स्कूल आधारित स्काउटिंग कार्यक्रमों के कारण सदस्य संख्या लगातार बढ़ती रहती है।महामारी, आपदा राहत और सामाजिक अभियानों में स्काउट-गाइड की बड़ी भूमिका रही है। दिलचस्प तथ्य यह है कि

भारत का स्काउट संगठन विश्व के 170 से अधिक देशों के स्काउट आंदोलन से जुड़ा हुआ है तथा इसका कार्य क्षेत्र क्रमशः चरित्र निर्माण, सामुदायिक सेवा, आपदा राहत, पर्यावरण संरक्षण, स्वास्थ्य जागरूकता और नेतृत्व प्रशिक्षण है। पाठकों को बताता चलूं कि भारत में स्काउट-गाइड आंदोलन से लगभग 60 लाख से अधिक बच्चे और युवा (विभिन्न सरकारी कार्यक्रमों और आयोजनों के संदर्भ में) जुड़े हुए बताए जाते हैं । इसकी स्थापना के बारे में यदि हम यहां पर बात करें तो वर्तमान संगठन का गठन 1950 में हुआ (स्काउट) और 1951 में गाइड संगठन के एकीकरण के बाद पूर्ण रूप से बना।भारत में स्काउटिंग का संचालन मुख्य रूप से भारत स्काउट्स एंड गाइड्स (बीएसजी) द्वारा किया जाता है, जो देश का राष्ट्रीय स्काउट-गाइड संगठन है। गौरतलब है कि पिछले साल यानी कि वर्ष 2025 में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में आयोजित की गई थी और यह आयोजन भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा किया गया, जिसमें देश-विदेश से लगभग 30-33 हजार स्काउट और गाइड सदस्य शामिल हुए थे।यह जम्बूरी खास इसलिए भी रही क्योंकि लगभग 61 वर्षों बाद लखनऊ को राष्ट्रीय जम्बूरी की मेजबानी का अवसर मिला।हाल फिलहाल, यह बता दूं कि 22 फरवरी, 1857 को रॉबर्ट स्टीफनसन स्मिथ बेडन पॉवेल का जन्म हुआ था।1908 में उनकी पुस्तक ' स्काउटिंग फ़ोर ब्वायज' के प्रकाशन के बाद उनका यह आंदोलन पूरी दुनिया में फैल गया। वास्तव में इस दिवस और आंदोलन का मूल उद्देश्य युवाओं का सर्वांगीण विकास(आल राउंड डेवलपमेंट) करना है।बच्चों में अनुशासन, साहस और आत्मविश्वास, समाज सेवा की भावना, नेतृत्व व मित्रता की भावना व क्षमता पैदा करना तथा उनका चरित्र निर्माण करना इसका वास्तविक उद्देश्य है।यह विश्व बंधुत्व की भावना को जाति, धर्म और देश की सीमाओं से ऊपर उठकर मजबूत और सुदृढ़ करता है।इस दिवस के लिए

हर साल एक विशेष थीम चुनी जाती है, जो वैश्विक मुद्दों पर आधारित होती है। पिछले साल यानी कि वर्ष 2025 में थीम 'हमारी दुनिया, हमारा साझा भविष्य' रखी गई थी,जिसमें क्रमशः पर्यावरण संरक्षण, लैंगिक समानता तथा शांति स्थापना(भाईचारा और समझ) जैसे बिंदुओं पर जोर दिया गया था।इस साल यानी कि वर्ष 2026 में इस दिवस की थीम 'हमारी दुनिया, हमारा संपन्न भविष्यः पर्यावरण और वैश्विक गरीबी' रखी गई है।?यह थीम हमें यह सिखाती है कि कैसे पर्यावरण की रक्षा और गरीबी उन्मूलन एक बेहतर भविष्य के लिए जरूरी हैं। दूसरे शब्दों में कहें तो यह थीम बच्चों को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने, प्रकृति के साथ जुड़ाव (कचरे/अपशिष्ट प्रबंधन, वृक्षारोपण आदि) तथा सतत विकास या यूं कहें कि संसाधनों का इस तरह उपयोग करना कि भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी वे सुरक्षित रहें आदि के बारे में जागरूक करती है। यह थीम सिखाती है कि हम सिंगल-यूज प्लास्टिक का त्याग करें, पर्यावरणीय शिक्षा के बारे में पूरे समाज को जागरूक व प्रोत्साहित करें तथा ईको-फ्रेंडली कैंपिंग पर जोर दें। वास्तव में यह थीम बच्चों में इस भावना का विकास करती है कि आज पर्यावरण की समस्या किसी एक देश विशेष की ही नहीं है, बल्कि यह पूरी दुनिया की एक बड़ी व साझी समस्या है। अंत में निष्कर्ष के तौर पर यही कहूंगा कि विश्व स्काउट दिवस केवल एक संगठन की वर्षगांठ नहीं है, बल्कि यह लॉर्ड बेडेन पावेल द्वारा स्थापित उन मानवीय मूल्यों को दोहराने का दिन है जो एक अनुशासित और सेवाभावी समाज की नींव रखते हैं। यह दिवस हमें सिखाता है कि निस्वार्थ सेवा, नेतृत्व और 'सदैव तैयार' रहने का संकल्प ही एक श्रेष्ठ नागरिक की असली पहचान है। यदि हम स्काउटिंग के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारें, तो हम न केवल स्वयं का सर्वांगीण विकास कर सकते हैं, बल्कि विश्व शांति और भाईचारे की भावना को भी सशक्त बना सकते हैं।

# मुफ्त की योजनाओं की लक्ष्मण रेखा तय करे सुप्रीम कोर्ट

*सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि मुफ्त योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों को मिलना चाहिए, न कि सक्षम और संपन्न वर्ग को। दुर्भाग्यवश, अनेक योजनाओं का बड़ा हिस्सा उन लोगों तक पहुँच जाता है जिन्हें उसकी वास्तविक आवश्यकता नहीं है, जबकि सचमुच जरूरतमंद आज भी सहायता के अभाव में संघर्ष करते दिखाई देते हैं। मुफ्त योजनाओं की बढ़ती प्रवृत्ति का एक सामाजिक दुष्प्रभाव भी सामने आ रहा है। जब बिना श्रम के लाभ मिलने लगता है, तो परिश्रम की भावना कमजोर पड़ने का खतरा उत्पन्न होता है। भारत सदैव से मेहनतकश और श्रमजीवी लोगों का देश रहा है। हमारे पूर्वजों ने अपने परिश्रम और स्वावलंबन की परंपरा से विश्व को प्रेरित किया है। ऐसे में मुफ्त की संस्कृति का अत्यधिक विस्तार चिंतन का विषय है । राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे*

देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा हाल ही में चुनावों से पूर्व राजनीतिक दलों द्वारा सत्ता प्राप्ति के लिए मतदाताओं को आकर्षित करने हेतु घोषित लोकलुभावन मुफ्त योजनाओं की कड़ी आलोचना की गई है। सर्वोच्च न्यायालय ने प्रश्न उठाया है कि आखिर यह 'मुफ्त की योजना' वाली संस्कृति कब तक चलती रहेगी ? न्यायालय की यह चिंता राष्ट्रहित में अत्यंत उचित है, क्योंकि आज देश के अधिकांश राज्यों में मुफ्त योजनाओं के सहारे सरकार बनाने की परंपरा सी बन चुकी है । वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य ऐसा बन गया है कि कोई भी दल बिना मुफ्त की रेवड़ियां बाँटे केवल अपने विकास कार्यों के आधार पर चुनाव लड़ने का साहस नहीं जुटा पाता। परिणामस्वरूप, सरकारें जनहित के विकास कार्यों पर व्यय होने वाले धन को मुफ्त योजनाओं के वादों को पूरा करने में खर्च कर देती हैं। इससे विकास कार्य या तो धनाभाव में रुक जाते हैं अथवा समय पर पूर्ण नहीं हो पाते। मुफ्त योजनाओं के बढ़ते बोझ के कारण राज्य सरकारों को बार-बार करोड़ों रुपये का कर्ज लेना पड़ता है। अनेक राज्य पहले से ही राजस्व घाटे में चल रहे हैं। यह भी ध्यान देने योग्य है कि मुफ्त योजनाओं पर खर्च किया जाने वाला धन अंततः करदाताओं की गाढ़ी कमाई का ही होता है। राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं का बोझ अंततः आम नागरिकों पर ही पड़ता है । सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कहा है कि मुफ्त योजनाओं का लाभ केवल वास्तविक जरूरतमंदों को मिलना चाहिए, न कि सक्षम और संपन्न वर्ग को। दुर्भाग्यवश, अनेक योजनाओं का बड़ा हिस्सा उन लोगों तक पहुँच जाता है जिन्हें उसकी वास्तविक आवश्यकता नहीं है, जबकि सचमुच जरूरतमंद आज भी सहायता के अभाव में संघर्ष करते दिखाई देते हैं।

मुफ्त योजनाओं की बढ़ती प्रवृत्ति का एक सामाजिक दुष्प्रभाव भी सामने आ रहा है। जब बिना श्रम के लाभ मिलने लगता है, तो परिश्रम की भावना कमजोर पड़ने का खतरा उत्पन्न होता है। भारत सदैव से मेहनतकश और श्रमजीवी लोगों का देश रहा है। हमारे पूर्वजों ने अपने परिश्रम और स्वावलंबन की परंपरा से विश्व को प्रेरित किया है। ऐसे में मुफ्त की संस्कृति का अत्यधिक विस्तार चिंतन का विषय है । राजनीतिक दलों और राज्य सरकारों को चाहिए कि वे मुफ्त योजनाओं के स्थान पर ऐसी दीर्घकालिक और सुनियोजित नीतियाँ बनाएँ, जो स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन करें और लोगों को आत्मनिर्भर बनाएँ। यदि नागरिक अपने श्रम के बल पर जीवन स्तर सुधारेंगे, तो राष्ट्र की आर्थिक स्थिति भी सुदृढ़ होगी। हाल ही में सर्वोच्च न्यायालय की एक पीठ, जिसमें मुख्य न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची तथा न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली शामिल थे, ने इस विषय पर गंभीर चिंता व्यक्त की । न्यायालय का यह दृष्टिकोण सराहनीय है कि कल्याणकारी योजनाएं और चुनावी प्रलोभन इन दोनों के बीच स्पष्ट अंतर रेखांकित किया जाना चाहिए। यह भी चिंताजनक है कि मुफ्त की योजनाओं के कारण समाज में श्रम के प्रति अरुचि का भाव पनपने लगा है। यदि सरकारें बिना श्रम के संसाधन उपलब्ध कराती रहेंगी, तो आत्मनिर्भरता की भावना कमजोर पड़ेगी । भारत के मेहनतकश और श्रमजीवी लोगों ने अपने परिश्रम और उद्यमिता से विश्व में पहचान बनाई है। ऐसे में परिश्रम के स्थान पर निर्भरता की संस्कृति को बढ़ावा देना दूरगामी दृष्टि से घातक सिद्ध हो सकता है। आज स्थिति यह हो गई है कि सरकारें स्वयं की गई घोषणाओं के बोझ तले दबती जा रही हैं। यदि कोई सरकार मुफ्त योजनाओं में कटौती करने का प्रयास करती है, तो विपक्ष इसे राजनीतिक मुद्दा बनाकर और अधिक मुफ्त योजनाओं की घोषणा कर सत्ता परिवर्तन का प्रयास करता है। सत्ता खोने के भय से कोई भी दल इस प्रवृत्ति पर अंकुश लगाने का साहस नहीं जुटा पाता । ऐसे में देश की सर्वोच्च संस्था के रूप में सर्वोच्च न्यायालय से अपेक्षा है कि वह मुफ्त योजनाओं की एक स्पष्ट 'लक्ष्मण रेखा' निर्धारित करे। यदि कोई राजनीतिक दल मतदाताओं को अव्यावहारिक और आर्थिक रूप से अस्थिर करने वाली मुफ्त योजनाओं का प्रलोभन देकर चुनाव जीतने का प्रयास करता है, तो उसके विरुद्ध कठोर दिशा-निर्देश और वैधानिक प्रावधान होने चाहिए। यदि भारत को आर्थिक रूप से सशक्त, आत्मनिर्भर और विकसित राष्ट्र बनाना है, तो मुफ्त योजनाओं और लोकलुभावन राजनीति के बीच संतुलन स्थापित करना आवश्यक है। कल्याणकारी राज्य की अवधारणा का अर्थ अंधाधुंध मुफ्त वितरण नहीं, बल्कि न्यायपूर्ण, लक्षित और टिकाऊ विकास होना चाहिए। अब समय आ गया है कि राष्ट्रहित में इस विषय पर ठोस और दूरदर्शी निर्णय लिए जाएँ और मुफ़्त कि योजनाओ पर लक्ष्मण रेखा खीच कर उसका पालन सभी राजनीतिक दलों से कढ़ाई से करवाया जाए !



अरविंद रावल
51 गोपाल कॉलोनी झाबुआ म.प्र

# वैश्विक सम्मेलन में निर्लज्जता का प्रदर्शन

एआई इंपैक्ट समिट स्थल पर युवक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का अधनंगे होकर प्रदर्शन करना फूहड़ता की पराकाष्ठा है। निर्लज्जता केवल यह नहीं कि कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने भारत की अध्यक्षता वाले एक वैश्विक सम्मेलन में शर्ट उतारकर प्रदर्शन करना आवश्यक समझा, बल्कि यह भी है कि कांग्रेस के नेता इस अर्धनग्न प्रदर्शन की प्रशंसा कर रहे हैं और उसके प्रवक्ता टीवी चैनलों पर अपने लोगों की भद्दी हरकत का बिना किसी संकोच बचाव कर रहे हैं। यह कांग्रेस के वैचारिक दिवालिएपन का ही परिचायक नहीं, बल्कि इस सवाल का जवाब भी है कि वह लगातार चुनावी पराजय का सामना क्यों कर रही है और उसकी राजनीतिक जमीन क्यों खिसकती जा रही है। कांग्रेस जिस बेशर्मी से अपने कार्यकर्ताओं के शर्ट उतार विरोध प्रदर्शन के




औचित्य को सही सिद्ध करने की कोशिश कर रही है, उससे यह भी रेखांकित होता है कि पीएम मोदी का विरोध करते-करते वह सरकार और देश विरोध के अंतर को पूरी तरह भूल चुकी है। लंबे समय तक केंद्र की सत्ता में रही कांग्रेस इससे अनभिज्ञ नहीं हो सकती कि अंतरराष्ट्रीय महत्व के सम्मेलनों से देश का मान-सम्मान जुड़ा होता है और ऐसे आयोजन देश के कार्यक्रम होते हैं, न कि दल या सरकार विशेष के। कांग्रेस को यह पता ही होगा कि एआई सम्मेलन में एक दर्जन से अधिक देशों के शासनाध्यक्षों और लगभग 75 देशों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ चोटी की एआई कंपनियों और उद्योग जगत के जाने-माने प्रतिनिधि आए हैं। एक तो दुनिया भर का ध्यान आकर्षित करने वाले आयोजन का स्थल दलगत संकीर्ण राजनीतिक हितों की पूर्ति का माध्यम नहीं हो सकता और दूसरे, यदि कांग्रेस को इस सम्मेलन से कोई शिकायत थी तो वह दिल्ली में ही अन्यत्र कहीं पर भी प्रदर्शन कर सकती थी। भारत मंडपम में छल-छद्म से घुसे अर्धनग्न प्रदर्शन करने वाले युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों की संख्या तो आठ-दस ही थी, लेकिन उन्होंने समूची कांग्रेस को बदनाम करने के साथ ही भारत को असहज करने की कुचेष्टा की। इस पर हैरानी नहीं कि एआई समिट के आयोजन स्थल में कांग्रेसी कार्यकर्ताओं के भोंडे प्रदर्शन से कांग्रेस के सहयोगी दल भी असहमति जता रहे हैं, लेकिन यह तय है कि कांग्रेस नेतृत्व यह आभास नहीं करने वाला कि उसने दुनिया भर से आए मेहमानों और अंतरराष्ट्रीय मीडिया के समक्ष अपनी क्षुद्रता का ही परिचय दिया। ऐसे कृत्य राजनीतिक निकृष्टता ही कहे जाते हैं। लज्जा की बात केवल यह नहीं कि कांग्रेस ने मोदी सरकार की नीतियों से अपनी नाराजगी जताने के लिए एक बहुचर्चित अंतरराष्ट्रीय आयोजन स्थल को चुना, बल्कि यह भी है कि उसके प्रदर्शन का तरीका बहुत ही गंदा और जुगुप्सा पैदा करने वाला रहा।

## शिव शक्ति चण्डी महायज्ञः महिलाओ ने निकाली कलशयात्रा



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** हाडोता स्थित वैष्णोदेवी मंदिर पर होने वाले शिव शक्ति श्याम महायज्ञ की मंगल कलश यात्रा आचार्य महाराज गजानंद देवी उपासक रिसाणी के सानिध्य में दक्षिण मुख बालाजी से 551 महिलाओं की ओर से निकाली गई। इस मौके पर गाजे बाजे से जगह, जगह पुष्प वर्षा की गई। इस मौके पर भाजपा राजस्थान मुख्य प्रवक्ता रामलाल शर्मा, मन्दिर सहयोगक राकेश महाराज, छत्रेश्वरी महादेव मुकेश दीक्षित, मुकेश सैनी, भैरूराम आदि सैकड़ो की संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशनः शेरावत



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** भारत निर्वाचन विभाग के निर्देशानुसार राजकीय महात्मा गांधी विद्यालय वार्ड नंबर-6 में बूथ संख्या 251,52, 53 में बीएलओ प्रभुदयाल कुलदीप, मुकेश कुमार शर्मा, दिनेश सैनी ने सभा आयोजित कर भाजपा के वरिष्ठ नेता, पूर्व पार्षद जगदीश प्रसाद यादव व भाजपा नगर महामंत्री महेश सेरावत की अध्यक्षता में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया। इस दौरान बूथ अध्यक्ष महेंद्र यादव, ओमप्रकाश कुमावत (फौजी साहब), ब्रजलाल कुमावत, लालचन्द घौसल्या, राहुल सैनी सहित वार्ड के लोग उपस्थित रहे।

## 3.51 लाख में खरीदी मुर्रा नस्ल की भैंस का डीजे के साथ स्वागत, जुलूस निकालकर फार्म तक लाए



जयपुर टाइम्स


**सांगानेर(निस)।** मुहाना निवासी पशुपालक गणेश यादव ने 3 लाख 51 हजार रुपए में मुर्रा नस्ल की भैंस खरीदकर अनोखे अंदाज में उसका स्वागत किया। भैंस को सीधे फार्म पर ले जाने के बजाय डीजे की धुनों के साथ जुलूस निकालते हुए पूरे कस्बे में घुमाया गया, जो लोगों के बीच चर्चा का विषय बन गया। गणेश यादव इस भैंस को झुंझुनूं जिले के सिंघाना से खरीदकर लाए हैं। मुर्रा नस्ल की यह भैंस प्रतिदिन करीब 24 लीटर दूध देने की क्षमता रखती है, जिसके कारण यह नस्ल दुग्ध उत्पादन के लिए विशेष रूप से जानी जाती है। भैंस की फार्म पर एंट्री के दौरान डीजे की धुनों पर उत्साह का माहौल देखने को मिला। बच्चों ने तालियां बजाकर स्वागत किया, वहीं राहगीर भी इस अनोखी मेहमाननवाजी को देखकर मुस्कुराए बिना नहीं रह सके। गणेश यादव ने बताया कि उन्हें पशुओं से गहरा लगाव है और वे अपने फार्म पर लाए जाने वाले प्रत्येक पशु को परिवार के सदस्य की तरह सम्मान देते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे घर में किसी विशेष अतिथि के आगमन पर स्वागत किया जाता है, वैसे ही वे अपने पशुओं का भी स्वागत करते हैं, जिससे उन्हें आत्मिक संतोष मिलता है। भैंस की कीमत और डीजे के साथ निकाले गए जुलूस ने पूरे आयोजन को खास बना दिया है। कस्बे में चर्चा है कि जब भैंस की एंट्री इतनी शाही रही, तो फार्म पर उसकी देखभाल भी विशेष अंदाज में की जाएगी।

## सुमेरपुर में स्वच्छता का बिगुलः सफाई कर्मियों को सुरक्षा प्रशिक्षण

### शहर में गूंजी जागरूकता रैली

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** नगरपालिका सुमेरपुर ने स्वच्छता और सुरक्षा को लेकर बड़ा अभियान छेड़ दिया है।



अधिशासी अधिकारी के निर्देशन में सफाई कर्मियों के लिए विशेष सुरक्षा प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें कार्य के दौरान अनिवार्य रूप से पीपीई किट (दस्ताने, मास्क, जूते, हेलमेट व ड्रेस) पहनने के निर्देश दिए गए। स्पष्ट संदेश दिया गयासुरक्षित कर्मी ही सुरक्षित शहर की नींव हैं। इसके बाद शहर में जोशपूर्ण स्वच्छता रैली निकाली गई। 'स्वस्थ सुमेरपुर, स्वच्छ सुमेरपुर' के नारों के साथ नागरिकों से कचरा निर्धारित पात्र में डालने, गीला-सूखा कचरा अलग रखने और सिंगल यूज़ प्लास्टिक का बहिष्कार करने की अपील की गई। स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत वार्डों और विद्यालयों में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। बच्चों और आमजन को पर्यावरण संरक्षण, प्लास्टिक के दुष्प्रभाव और जूट/कपड़े के थैलों के उपयोग का संदेश दिया गया। नगरपालिका ने स्पष्ट किया कि जनसहभागिता से ही सुमेरपुर स्वच्छता में अग्रणी बनेगा।

### कीचड़ भरे रास्ते से स्कूल जाने को मजबूर विद्यार्थी

# नुनहेरा में आम रास्ते की बदहाली पर ग्रामीणों में आक्रोश

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** सरकार जहां 'पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया' का नारा दे रही है, वहीं सैंपऊ उपखंड के गांव नुनहेरा में स्कूल जाने वाले छात्र-छात्राओं को वर्षभर जलभराव और कीचड़ से भरे आम रास्ते से होकर गुजरने को मजबूर होना पड़ रहा है। गांव के मोहल्लों से निकलने वाले दूषित पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से स्कूल जाने वाला मुख्य रास्ता हमेशा जलमग्न रहता है, जिससे विद्यार्थियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों के अनुसार पिछले करीब पांच वर्षों से छात्र-छात्राएं व स्कूल स्टाफ इस समस्या से जूझ रहे हैं। गांव के युवा करन परमार के नेतृत्व में ग्रामीणों और विद्यार्थियों ने धौलपुर प्रशासन के अधिकारियों को कई बार अवगत कराया, लेकिन समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो पाया। प्रशासन की ओर से हाल ही में जेसीबी से करीब चार घंटे तक कार्य कर 40 फुट रास्ता साफ कराने का प्रयास किया गया, लेकिन मौके पर मात्र 20-25 फुट रास्ता ही साफ हो सका। विद्यार्थियों ने बताया कि पहले वे खेतों की पगडंडियों से होकर स्कूल पहुंचते थे, लेकिन किसानों की ओर से तारबंदी और करंटयुक्त तार लगाने के कारण अब वह रास्ता भी बंद हो गया है, जिससे स्कूल पहुंचना और अधिक कठिन हो गया है।

### कीचड़ में गिरकर घायल हो रहे छात्र

स्कूल जाते समय कई छात्र-छात्राएं कीचड़ में फंसकर गिर जाते हैं, जिससे उन्हें चोटें भी लगती हैं। कपड़े खराब होने पर कई बार उन्हें वापस घर लौटना पड़ता है। गांव में 12वीं कक्षा तक का विद्यालय है और वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएं भी संचालित हो रही हैं, बावजूद इसके रास्ते की स्थिति में सुधार नहीं होने से विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर अभिभावकों व ग्रामीणों में चिंता व्याप्त है। ग्रामीणों ने बताया कि एसडीएम के निर्देश पर सचिव को 40 फुट रास्ता साफ कराने व स्कूल के सामने गड्ढे में भरे पानी के चारों ओर तारबंदी करने के आदेश दिए गए थे, लेकिन अब तक न तो नियमानुसार रास्ता साफ हुआ और न ही गड्ढे की सुरक्षा के लिए तारबंदी की गई है। समस्या के समाधान को लेकर ग्रामीणों ने प्रशासन से शीघ्र ठोस कार्रवाई की मांग की है।

## फुलेरा में पुलिस का डबल प्रहार, ईनामी नकबजन समेत जेबकतरा गिरफ्तार

### 15 घंटे में चोरी का खुलासा, ताबड़तोड़ कार्रवाई से अपराधियों में खौफ

जयपुर टाइम्स

**फुलेरा(निस)।** कस्बे में बढ़ती चोरी की वारदातों पर सख्त लगाम कसते हुए पुलिस थाना फुलेरा पुलिस ने लगातार दो बड़ी कार्रवाई कर अपराधियों को साफ संदेश दे दिया है कि अब कानून से बच निकलना आसान नहीं होगा। पुलिस ने जहां घर में घुसकर चोरी करने वाले 5 हजार रुपये के ईनामी शातिर नकबजन को गिरफ्तार किया, वहीं उप जिला अस्पताल में जेब काटकर रुपये चोरी करने वाले आरोपी को महज 15 घंटे में पकड़कर पूरी नकदी बरामद कर ली। राशि डोगरा डूडी आईपीएस उप महानिरीक्षक पुलिस व सह पुलिस अधीक्षक जयपुर ग्रामीण ने बताया कि नकबजनी के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे 5 हजार रुपये के ईनामी आरोपी मुन्नु उर्फ सेवाराम (29) निवासी बड़ा बाजार, गोरधनजी मंदिर के सामने सांभरलेक को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी ने दिसंबर 2025 में अनुविहार कॉलोनी, जोबनेर रोड फुलेरा स्थित मकान में घुसकर एलईडी टीवी, चांदी के आभूषण, घरेलू सामान व नकदी चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। मामले में पूर्व में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चोरी का माल बरामद किया जा चुका था, जबकि मुख्य आरोपी फरार चल रहा था। वहीं दूसरी बड़ी कार्रवाई में पुलिस टीम ने उप जिला चिकित्सालय फुलेरा में दवाई लेने के दौरान लाइन में खड़े व्यक्ति की जेब से 28 हजार रुपये चोरी करने वाले आरोपी वासुदेव पुत्र कल्लाराम गुसाई (20) निवासी बोरावड़ थाना मकराना, जिला डीडवाना कुचामन को सीसीटीवी फुटेज व तकनीकी सहायता के आधार पर कस्बा फुलेरा से गिरफ्तार कर उसके कब्जे से चोरी की पूरी नकदी बरामद कर ली। दोनों मामलों में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दूदू शिवलाल बैरवा व वृत्ताधिकारी सांभरलेक अनुपम मिश्रा के सुपरविजन और थानाधिकारी राजेन्द्र कुमार पुलिस निरीक्षक के नेतृत्व में गठित टीम ने आसूचना संकलन व तकनीकी विश्लेषण के जरिए त्वरित कार्रवाई करते हुए सफलता हासिल की। पुलिस के अनुसार नकबजनी प्रकरण में फरार अन्य आरोपियों की तलाश जारी है। कार्रवाई में पुलिस निरीक्षक राजेन्द्र कुमार, सउनि बलवीर सिंह, मोहनलाल, धूड़ सिंह सहित कांस्टेबल राजेन्द्र, रविदत्त, विश्वेन्द्र, रमेश, श्यामलाल व चालक मेवाराम सहित टीम के सदस्यों की अहम भूमिका रही।

## श्याम भक्तों के लिए सात दिवसीय सेवा शिविर का शुभारंभ आज

### श्रद्धा व सेवा का आगाज़

जयपुर टाइम्स



**पावटा(निस)।** श्री श्याम युवा मित्र मंडल के तत्वावधान में श्याम भक्तों के लिए आयोजित सात दिवसीय सेवा शिविर का शनिवार को विधि-विधान से शुभारंभ हुआ। सुबह करीब 10 बजे पूजा-अर्चना के साथ शिविर की शुरुआत की गई। शिविर को लेकर सभी तैयारियां पूर्व में ही पूरी कर ली गई थीं।

आयोजकों ने बताया कि यह सेवा शिविर सात दिनों तक निरंतर चलेगा, जिसमें श्याम भक्तों की सुविधा व सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रमों की श्रृंखला के तहत 24 फरवरी की रात्रि को रतन फौजी व उनकी पार्टी की ओर से भजन-संध्या का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की संभावना है।

शिविर के शुभारंभ अवसर पर आयोजित बैठक में संगठन के सदस्यों एवं कार्यकर्ताओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। इस दौरान व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी को उनकी -उनकी जिम्मेदारियां सौंपी गईं। इस अवसर पर साधु चोरिया, पप्पू मीणा, हरि चोरिया, सत्तार खान, शिवराम चिकना, रामनिवास यादव, महिपाल यादव, शंकर खातोदिया, मुकेश डाबड़, अमन खोजा, शंकर चोरिया, सुरेश कमलोडीया, जितेंद्र (पत्रकार), राजेश बाड़ीगर, पृथ्वी कामलोडीया, सुभाष गल्डवाल, महेंद्र बाड़ीगर, विक्रम शेखावत, भीमसिंह यादव, सुभाष यादव, महेश सांपला, करण यादव, मुकेश सिसौटीया, कैलाश यादव, दीपक मोटन, लोकेश स्वामी, महेंद्र कामलोडीया, नरेंद्र वकील, मनीष ठुकरान व श्रीराम स्वामी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## छिपावास-तांगा स्टैंड में लटकते बिजली तारों से हादसे का खतरा

### शिकायतों के बावजूद नहीं हुई कार्रवाई

जयपुर टाइम्स



**शिवगंज(निस)।** छिपावास की नुक्कड़ गली व तांगा स्टैंड क्षेत्र में ट्रांसफार्मर से जुड़े नीचे लटकते विद्युत तारों को लेकर प्रशासनिक लापरवाही गंभीर चिंता का विषय बनी हुई है। जमीन से मात्र 1 से 2 फीट की ऊंचाई पर झूल रहे ये तार कभी भी जानलेवा हादसे का कारण बन सकते हैं, लेकिन संबंधित विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। क्षेत्रवासियों ने 8 दिसंबर 2025 को इस संबंध में एसडीएम शिवगंज को ज्ञापन सौंपा था, जिसके बाद एसडीएम की ओर से विद्युत विभाग को पत्र भी भेजा गया। बावजूद इसके 17 दिसंबर तक स्थिति जस की तस बनी रही, जिस पर संपर्क पोर्टल के माध्यम से शिकायत दर्ज करवाई गई। विभाग की ओर से जवाब दिया गया कि ट्रांसफार्मर नियमानुसार स्थापित है और फेसिंग के लिए स्थान उपलब्ध नहीं है। आयुष नर्सेज महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष ललित मेघवाल व स्थानीय नागरिकों का कहना है कि उनकी शिकायत ट्रांसफार्मर की स्थापना को लेकर नहीं, बल्कि जमीन के बेहद करीब लटक रहे तारों को व्यवस्थित करने की है। यह क्षेत्र अत्यधिक भीड़भाड़ वाला है, जहां ट्रांसफार्मर के पास प्रतिदिन नाश्ते की लारियां लगती हैं और सैकड़ों लोगों की आवाजाही रहती है। जनप्रतिनिधियों से संपर्क के बावजूद समाधान नहीं होने पर क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को पत्र भेजकर एसडीएम शिवगंज व विद्युत विभाग को तत्काल आवश्यक निर्देश देने की मांग की है। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वे जनआंदोलन का रास्ता अपनाने को मजबूर होंगे। क्षेत्रवासियों का सवाल है कि क्या प्रशासन किसी बड़े हादसे का इंतजार कर रहा है।

## इंडिया एआई इंपैक्ट समिट में कांग्रेस कार्यकर्ताओं का व्यवहार निंदनीयः जयवीर पोसवाल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** भाजपा नेता जयवीर पोसवाल ने नई दिल्ली में आयोजित अंतरराष्ट्रीय मंच इंडिया एआई इंपैक्ट समिट 2026 के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए कथित अशोभनीय व्यवहार की निंदा की है। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रतिष्ठित वैश्विक मंच पर इस प्रकार की घटनाएं देश की गरिमा व अंतरराष्ट्रीय छवि को ठेस पहुंचाने वाली हैं। पोसवाल ने कहा कि कांग्रेस नेताओं व कार्यकर्ताओं की ओर से इस तरह का आचरण दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने आरोप लगाया कि पूर्व में भी प्रभु श्रीराम मंदिर निर्माण, धारा 370 हटाने जैसे निर्णयों तथा भारतीय सेना की सर्जिकल स्ट्राइक जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय मुद्दों पर कांग्रेस की ओर से विरोध जताया गया, जिससे देश की छवि प्रभावित हुई है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। रक्षा, सुरक्षा, व्यापार एवं रोजगार के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की दिशा में किए जा रहे प्रयास देश को सशक्त बना रहे हैं। भाजपा नेता ने युवाओं से आह्वान किया कि वे राष्ट्र निर्माण में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाएं और लोकतांत्रिक मूल्यों के तहत देश की छवि को नुकसान पहुंचाने वाली ताकतों का जवाब दें। उन्होंने 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मंत्र के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया।

## शिक्षा के क्षेत्र में नई पहलः वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट का शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**झुन्झुनूं (निस)।** स्थानीय गणपति नगर स्थित वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट का रविवार प्रातः 10:15 बजे भव्य शुभारंभ किया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजेन्द्र सिंह भाम्बू, विधायक, झुन्झुनूं रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पवन सैनी सदस्य राज्य ओबीसी आयोग, राजस्थान की ओर से की जाएगी व अति विशिष्ठ अतिथि शुभकरण चौधरी पूर्व विधायक, उदयपुरवाटी व के.डी. बाबर पूर्व विधायक, लक्ष्मणगढ़ होंगे। संस्था के फाउन्डर इंजी. प्यारेलाल ढूकिया ने बताया कि शिक्षा के क्षेत्र में एक नई पहल करते हुए वी.पी.एल. करियर इंस्टीट्यूट में अनुभवी फैकल्टीज् के टीम की ओर से विद्यार्थियों को आईआईटी-जेईई, नीट व फाउण्डेशन की विशेष तैयारी करवाई जायेगी, इसके साथ ही यहां स्मार्ट क्लास, नियमित टेस्ट सीरिज, व्यक्तिगत मार्गदर्शन तथा करियर काउंसलिंग जैसी सुविधाऐं उपलब्ध करवाई जाएगी, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर परिणाम प्राप्त करने में सहायता मिलेगी। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अभिभावक, विद्यार्थी व स्थानीय नागरिकों को आमंत्रित किया गया है।

## सरस राजसखी मेले का भव्य आगाज, 50 से अधिक स्टॉल पर महिलाओं के हस्तनिर्मित उत्पाद आकर्षण का केंद्र

जयपुर टाइम्स




**धौलपुर(निस)।** नगर परिषद धौलपुर, राजीविका व जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'सरस राजसखी मेला' का भव्य उद्घाटन समारोह संपन्न हुआ। मेले में 50 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं अपने हस्तनिर्मित उत्पादों का प्रदर्शन व विक्रय कर रही हैं। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलक्टर श्रीनिधि बीटी, भाजपा जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा नेत्री नीरजा शर्मा, जिला परिषद के सीईओ आव्हाद निवृत्ति सोमनाथ व एसीईओ बी.आर. जाट उपस्थित रहे। मेले का आयोजन 21 से 27 फरवरी तक इंदिरा गांधी स्टेडियम की बड़ी फील्ड में किया जा रहा है। मेले में प्रतिदिन सायंकाल सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन भी किया जा रहा है, जो दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। राजीविका व जिला प्रशासन ने शहरवासियों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित मेले में पहुंचकर महिलाओं की ओर से निर्मित उत्पादों को देखें एवं खरीदकर उन्हें प्रोत्साहित करें। यह मेला महिलाओं के सशक्तिकरण के साथ-साथ उनके उत्पादों को बाजार उपलब्ध कराने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच साबित हो रहा है।

# रात 8 बजे रोक, 12 बजे तक बिक्री!

### सुमेरपुर में देर रात तक छलक रहे जाम, प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल

जयपुर टाइम्स




**सुमेरपुर(निस)।** कानून-व्यवस्था को लेकर सख्ती के दावों के बीच शहर में देर रात तक शराब बिक्री के आरोपों ने पुलिस व आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि रात 8 बजे के बाद बिक्री पर रोक केवल कागजों तक सीमित है, जबकि तहसील रोड सहित कुछ इलाकों में आधी रात तक शराब की बिक्री जारी रहने की गतिविधियां देखी जा रही हैं। आरोप है कि कई स्थानों पर 'आधा शटर' या पिछले रास्तों से लेन-देन किया जाता है। शहर में सिटी थाना एवं आबकारी थाना दोनों मौजूद होने के बावजूद इस प्रकार की गतिविधियों के आरोपों ने व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। नागरिकों का कहना है कि यदि नियमों का पालन सुनिश्चित किया जा रहा है, तो उनका स्पष्ट असर जमीन पर क्यों नहीं दिखाई दे रहा है। साथ ही यह भी सवाल उठ रहे हैं कि क्या नियमित संयुक्त औचक चेकिंग की जा रही है, नाइट पेट्रोलिंग लॉग और सीसीटीवी फुटेज की समीक्षा कितनी प्रभावी है, तथा अब तक कितनी जब्ती, एफआईआर एवं लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई हुई है।

### मोहल्लों में बढ़ी चिंता

स्थानीय लोगों के अनुसार देर रात जमावड़े, शोर-शराबे एवं विवाद की घटनाओं में वृद्धि देखी जा रही है, जिससे मोहल्लों में असुरक्षा की भावना बढ़ रही है। परिवारों ने युवाओं पर पड़ने वाले नकारात्मक प्रभाव को लेकर भी चिंता जताई है। नागरिकों का कहना है कि यदि कानून का भय कमजोर पड़ता है, तो व्यवस्था की विश्वसनीयता भी प्रभावित होती है।

### संयुक्त कार्रवाई की मांग

नागरिकों ने मांग की है कि संबंधित विभागों द्वारा संयुक्त विशेष अभियान चलाकर रात्रिकालीन औचक निरीक्षण किया जाए। साथ ही जब्ती, दर्ज एफआईआर, लाइसेंस निलंबन एवं विभागीय कार्रवाई से संबंधित सार्वजनिक रिपोर्ट जारी की जाए तथा लापरवाही सिद्ध होने पर जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने गोपनीय शिकायत तंत्र को भी सक्रिय करने की आवश्यकता जताई है, ताकि शिकायतकर्ता सुरक्षित रह सकें। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि मामला अब केवल नियम उल्लंघन तक सीमित नहीं है, बल्कि यह व्यवस्था में विश्वास की परीक्षा बन गया है। यदि समय रहते प्रभावी एवं पारदर्शी कार्रवाई नहीं की गई, तो यह मुद्दा व्यापक कानून-व्यवस्था पर बहस का कारण बन सकता है।



## 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' ने महीप कपूर को दी नई पहचान

नेटफिलक्स की मशहूर सीरीज 'फैबुलस लाइव्स ऑफ बॉलीवुड वाइव्स' ने अभिनेता संजय कपूर की पत्नी महीप कपूर को ऐसी पहचान दी, जो केवल संजय कपूर की पत्नी या सोनम कपूर की चाची तक सीमित नहीं है। दिल्ली में 1982 में जन्मी और ऑस्ट्रेलिया में पली-बढ़ी महीप ने बॉलीवुड में कदम एक अभिनेत्री के तौर पर रखा था। महिप कपूर का बेबाक, नो-फिल्टर अंदाज और परिवार के प्रति समर्पण ने उन्हें दर्शकों के बीच खासा लोकप्रिय बनाया है। उन्होंने 1994 में फिल्म 'निगम' में काम किया था, लेकिन यह फिल्म रिलीज नहीं हो सकी। अभिनय से दूरी बनाने के बाद उन्होंने अपने करियर को नया मोड़ देते हुए ज्वेलरी डिजाइनिंग में कदम रखा और 'सत्यानी फाइन ज्वेल्स' के लिए ऐसे डिजाइन तैयार किए, जिन्हें बॉलीवुड की कई बड़ी हस्तियों ने अपनाया। महीप और संजय कपूर की शादी 1997 में हुई थी। बाहर से उनका रिश्ता एक खुशहाल फैमिली की तस्वीर जैसा दिखता था, लेकिन असलियत इससे अलग थी। 'बॉलीवुड वाइव्स' के दूसरे सीजन में महीप ने अपनी निजी जिंदगी का वह दर्दनाक सच साझा किया, जिससे दर्शक अनजान थे। उन्होंने बताया कि शादी के शुरुआती सालों में संजय कपूर ने उन्हें धोखा दिया था। जब उनकी बेटी शनाया कपूर छोटी थीं, तब संजय का किसी और महिला से संबंध था। इस खुलासे ने फैंस को हैरान कर दिया। महीप ने यह भी बताया कि अफेयर की जानकारी मिलते ही वह बेटी को लेकर घर से निकल गई थीं, हालांकि बाद में उन्होंने संजय को माफ कर दिया। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह फैसला अपने बच्चों शनाया और जहान के लिए लिया और अपनी शादी को एक और मौका देने का निर्णय सही साबित हुआ, क्योंकि आज दोनों एक मजबूत रिश्ता साझा कर रहे हैं। महीप कपूर को लोग अक्सर 'मामा बियर' कहकर पुकारते हैं। वह अपनी बेटी शनाया कपूर के बॉलीवुड डेब्यू को लेकर हमेशा प्रोटेक्टिव रही हैं। सोशल मीडिया पर भी वह अपने बच्चों के साथ बिताए गए पलों को साझा करती रहती हैं, जिससे साफ पता चलता है कि परिवार उनकी प्राथमिकता है। शनाया अब फिल्मों में कदम रख चुकी हैं, और महीप का समर्थन हर कदम पर उनके साथ दिखता है। ज्वेलरी डिजाइनर के रूप में सफलता हासिल करने के बाद महीप आज एक डिजिटल इन्फ्लुएंसर और रियलिटी शो स्टार के रूप में भी लोकप्रिय हैं।

## एआई ऐसी टेक्नोलॉजी है जो उन्हें डराती है: अभिषेक बच्चन

बॉलीवुड अभिनेता अभिषेक बच्चन का कहना है कि एआई ऐसी टेक्नोलॉजी है जो उन्हें डराती है और एक्टर्स के भविष्य के लिए नुकसानदायक हो सकती है। अभिषेक बच्चन ने एआई को लेकर अपनी राय साझा करते हुए कहा कि वह इस तकनीक के साथ बहुत कम्फर्टेबल नहीं हैं। उनके मुताबिक, एआई भविष्य में क्रिएटिव फील्ड में बड़े बदलाव ला सकता है और अगर इसे सही तरीके से उपयोग नहीं किया गया तो इससे एक्टर्स के अवसरों पर खतरा उत्पन्न हो सकता है। उन्होंने कहा कि एआई के सहारे एनिमेशन, स्पेशल इफेक्ट्स और तकनीकी प्रक्रियाएँ आसान हो जाएंगी, जिससे फिल्म निर्माण का समय और बजट दोनों कम होंगे। लेकिन इसके साथ ही उन्होंने यह भी जोड़ा कि एक्टिंग जैसे मानवीय कला के क्षेत्र में एआई कभी भी उस 'जान' को नहीं ला सकता, जो किसी कलाकार की आत्मा से निकलकर पर्दे पर दिखाई देती है। अभिषेक ने बताया कि उन्होंने कई एआई से तैयार चीजें देखी हैं जो देखने में बेहद आकर्षक और परफेक्ट लगती हैं, लेकिन उनमें मानवीय भावनाओं की गर्माहट और असलियत नहीं होती। उनका मानना है कि कलाकार की आत्मा, उसकी कमियाँ और उसकी अनूठी अभिव्यक्ति ही उसे खास बनाती हैं, और यही बात एआई कभी हासिल नहीं कर सकता।





# वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 को लेकर सुर्खियों में शिवांगी वर्मा

बॉलीवुड अभिनेत्री शिवांगी वर्मा इन दिनों वेब सीरीज हसरतें सीजन 3 को लेकर सुर्खियों में हैं। इसमें अभिनेत्री के एपिसोड का टाइटल 'मिडनाइट ब्राइड' है, जिसमें उन्होंने एक विधवा का किरदार निभाया है। बातचीत में शिवांगी ने बताया कि 'हसरतें' पहले से ही बेहद लोकप्रिय सीरीज है और वे इसकी फैन रही हैं। ऐसे में जब उन्हें 'सीजन 3' का हिस्सा बनने का मौका मिला, तो उनके लिए यह किसी सपने के सच होने जैसा था। उन्होंने कहा, 'मैं मेकर्स की बेहद आभारी हूं कि उन्होंने मुझे इस सीरीज के लिए चुना और मुझ पर भरोसा दिखाया। यह प्रोजेक्ट मेरे दिल के बहुत करीब है।' अभिनेत्री ने अपने किरदार के बारे में बताया कि यह उनके असली व्यक्तित्व से बिल्कुल उलट है।

असल जीवन में वे काफी मॉडर्न, फैशनेबल और स्टाइलिश हैं, जबकि शो में वे एक ऐसी विधवा बनी हैं जिन्हें समाज की रूढ़िवादी अपेक्षाओं के साथ दिखाया गया है। उन्होंने कहा, 'समाज में अक्सर विधवा महिलाओं पर मेकअप न करने, रंगीन कपड़े न पहनने और साधारण रहने जैसे कई दबाव डाल दिए जाते हैं। इस किरदार को निभाते हुए मुझे एहसास हुआ कि सादगी में भी अलग तरह की खूबसूरती होती है।' शिवांगी बताती हैं कि शूटिंग के दौरान उन्होंने पूरा प्रयास किया कि किरदार की भावनाओं और उसकी परिस्थितियों को सही तरह से दर्शाया जा सके। उन्होंने कहा कि चुनौतीपूर्ण होने के बावजूद इस रोल ने उन्हें काफी कुछ सिखाया। शो के प्रसारण के बाद उन्हें हर तरफ से बेहद सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली, जिसे वे अपने करियर का बड़ा सम्मान मानती हैं।

अपने काम के प्रति गंभीर रहने वाली शिवांगी कहती हैं कि उनके लिए कहानी सबसे अधिक मायने रखती है। यदि स्क्रिप्ट भावनाओं से जुड़ी हो और उन्हें बतौर अभिनेत्री चमकने का मौका दे, तो वे पूरी समर्पण के साथ प्रोजेक्ट का हिस्सा बनती हैं। उन्होंने कहा, 'अच्छी कहानी हो तो मैं बाकी चीजों को भूल जाती हूं। मैं खासकर महिला-केंद्रित किरदारों की ओर आकर्षित होती हूं, क्योंकि ऐसे रोल में भावनाओं और अभिव्यक्ति के कई आयाम होते हैं।' भविष्य की योजनाओं पर बात करते हुए शिवांगी ने बताया कि उन्हें रोमांटिक थ्रिलर करने की काफी इच्छा है। इसके अलावा यदि कोई दमदार बायोपिक का प्रस्ताव मिलता है, तो वह भी वे जरूर करना चाहेंगी।

## कला सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं : श्वेता त्रिपाठी



कला सिर्फ मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सशक्त जरिया भी है। यह कहना है अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी का। इसी सोच के साथ उन्होंने हाल ही में अपनी पहली क्वीर फिल्म मुझे जान ना कहो मेरी जान को प्रोड्यूस करने की घोषणा की है। इस फिल्म में मुख्य भूमिका में दिखाई देंगी अभिनेत्री तिलोत्तमा शोम और यह एक संवेदनशील क्वीर प्रेम कहानी है, जिसके इस साल फ्लोर पर आने की उम्मीद है। फिल्म में श्वेता स्वयं भी अभिनय कर रही हैं। प्रोडक्शन की दुनिया में यह श्वेता का पहला प्रयास नहीं है। इससे पहले वे क्वीर विषय पर आधारित थिएटर प्ले कॉक को भी प्रोड्यूस कर चुकी हैं, जो ब्रिटिश लेखक माइक बार्टलेट के ओलिवर अवॉर्ड जीत चुके ड्रामा पर आधारित है। यह नाटक देश के कई शहरों में प्रदर्शित हुआ था और दर्शकों से शानदार प्रतिक्रिया मिली थी। श्वेता कहती हैं कि यह उनके लिए सिर्फ एक पेशेवर निर्णय नहीं, बल्कि निजी स्तर पर भी जुड़ा हुआ कदम है। उन्होंने कहा, 'अगर समाज में बदलाव चाहिए, तो पहल खुद से करनी होती है। महिलाओं और क्वीर समुदाय की कहानियां हमेशा रही हैं, लेकिन उन्हें वह स्थान और सम्मान नहीं मिला, जिसके वे हकदार हैं। अब जब मुझे चुनने और बनाने का मौका मिला है, तो मैं इसे सही दिशा में इस्तेमाल करना चाहती हूं।' श्वेता का मानना है कि क्वीर कहानियों को असरदार बनाने के लिए उन्हें सनसनीखेज होने की जरूरत नहीं होती। कई बार ये कहानियां बेहद सरल, कोमल और दैनिक जीवन से जुड़ी होती हैं, जो दर्शकों के मन में लंबे समय तक जगह बनाए रखती हैं। श्वेता आगे कहती हैं कि उन्हें वह रास्ता अब साफ दिखाई देता है, जिस पर वे आगे बढ़ना चाहती हैं महिलाओं की कहानियों को मंच देना, क्वीर आवाज़ों को बढ़ावा देना और अपने फैसलों में ईमानदारी बनाए रखना। उनके अनुसार यही उनके लिए एक कलाकार के रूप में अपनापन और उद्देश्य दोनों का भाव पैदा करता है। अभिनेत्री जल्द ही दर्शकों के सामने एक बड़े प्रोजेक्ट के साथ होने वाली हैं। वे मिर्जापुर-द मूवी में नजर आएंगी, जो 4 सितंबर को थिएटर्स में रिलीज होगी। इस फिल्म में उनके साथ पंकज त्रिपाठी, अली फज़ल, दिव्येंदु और रसिका दुग्गल सहित कई पुराने और नए कलाकार दिखाई देंगे। बता दें कि अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी अब सिर्फ अभिनय तक सीमित नहीं रहना चाहतीं, बल्कि महिलाओं और क्वीर समुदाय की कहानियों को मुख्यधारा में मजबूत जगह दिलाने के लिए प्रोड्यूसर की भूमिका भी निभा रही हैं।

## इमेज को लेकर सजग थी, इसीलिए ठुकराए कई ऑफर: रवीना टंडन

90 के दशक की टॉप एक्ट्रेसेस में शुमार बॉलीवुड अभिनेत्री रवीना टंडन अपने ग्लैमरस अंदाज़ से लेकर निजी जीवन तक सुर्खियों में रही हैं। एक्ट्रेस ने एक इंटरव्यू में अपने करियर के ऐसे फैसलों पर बात की है, जो आज भी चर्चा का विषय बन जाते हैं। रवीना ने खुलासा किया कि उन्होंने निर्माता-निर्देशक करण जौहर की ब्लॉकबस्टर फिल्म कुछ कुछ होता है और सुपरस्टार शाहरुख खान के आइकॉनिक गाने छैंया छैंया को करने से इनकार कर दिया था और इसके पीछे की वजहें दिलचस्प हैं। रवीना ने बताया कि 90 के दशक में उन्हें कई बड़े प्रोजेक्ट ऑफर होते थे, लेकिन वह अपनी इमेज को लेकर बेहद सजग थीं। फिल्म कुछ कुछ होता है में टीना का रोल, जिसे बाद में अभिनेत्री रानी मुखर्जी ने निभाया, पहले रवीना को ऑफर हुआ था। लेकिन रवीना ने यह रोल ठुकरा दिया क्योंकि वह अपने दौर की दूसरी बड़ी स्टार काजोल के अपोजिट सेकंड लीड निभाना नहीं चाहती थीं।



उन्होंने बताया कि उन्होंने करण जौहर से साफ कहा 'काजोल मेरी ही जनरेशन की हैं, मैं उनके पीछे खड़ी नहीं हो सकती।' रवीना ने हंसते हुए कहा कि करण जौहर आज भी मजाक में इस बात की शिकायत करते हैं कि उन्होंने उनकी पहली फिल्म ठुकरा दी थी। हालांकि यह रोल रानी मुखर्जी के करियर का टर्निंग प्वाइंट बन गया और फिल्म आज भी बॉलीवुड की सबसे यादगार फिल्मों में गिनी जाती है। इसके अलावा, रवीना ने फिल्म दिल से के मशहूर गाने छैंया छैंया, जिसमें बाद में अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा दिखीं, को भी करने से मना कर दिया था। उन्हें डर था कि 'शहर की लड़की' जैसे सुपरहिट गाने के बाद उन्हें इंडस्ट्री में 'आइटम सॉन्ग गर्ल' का टैग न दे दिया जाए। उस दौर में एक्ट्रेसेस के लिए स्टीरियोटाइप होना आसान था, इसलिए उन्होंने गाना छोड़ दिया। रवीना का कहना है कि उन्हें अपने निर्णयों पर कोई पछतावा नहीं है क्योंकि हर अभिनेता अपने करियर को अपनी समझ से दिशा देता है। दिलचस्प बात यह है कि जिन अवसरों को उन्होंने छोड़ा, वे रानी मुखर्जी और मलाइका अरोड़ा के लिए माइलस्टोन साबित हुए।



## फिल्म 'मैं हूं ना' को लेकर फराह ने किया बड़ा खुलासा

अपनी सुपरहिट फिल्म 'मैं हूं ना' को लेकर बॉलीवुड फिल्ममेकर और कोरियोग्राफर फराह खान ने एक बड़ा खुलासा किया है। उनके मुताबिक फिल्म में शाहरुख खान के अपोजिट निभाया गया चांदनी का आइकॉनिक रोल शुरुआत में सुष्मिता सेन को नहीं, बल्कि अभिनेत्री समीरा रेड्डी को ऑफर किया जाना था।

फराह ने यह राज अपने यूट्यूब व्लॉग में समीरा रेड्डी के साथ हुई हालिया बातचीत के दौरान खोला। फराह ने बताया कि उन्होंने समीरा को पहली बार 'आहिस्ता कीजिए बातें' म्यूजिक वीडियो में देखा था, जहां इंडियन ट्रेडिशनल लुक में उनकी खूबसूरती ने उन्हें बेहद प्रभावित किया। उस समय फराह को लगा कि 'मैं हूं ना' में चांदनी का रोल समीरा के लिए बिल्कुल परफेक्ट है। यह सुनकर समीरा भी हैरान रह गईं और मजाकिया अंदाज में पूछा कि फिर उन्हें कास्ट क्यों नहीं किया गया। इसके जवाब में फराह ने बताया कि समीरा के करियर की दिशा उस समय बदल चुकी थी, क्योंकि वह सोहेल खान के साथ अपनी डेब्यू फिल्म 'मैंने दिल तुझको दिया' कर चुकी थीं। इस फिल्म के कारण उनकी स्क्रीन इमेज और प्रोजेक्ट्स अलग दिशा में जा रहे थे, जिसके चलते 'मैं हूं ना' के लिए सुष्मिता सेन को चुनना पड़ा। फराह ने साफ कहा कि समीरा उनकी पहली पसंद थीं, लेकिन उस समय परिस्थितियां उनके अनुकूल नहीं रहीं। समीरा रेड्डी ने इस खुलासे पर खुशी तो जताई, लेकिन थोड़ी निराश भी दिखीं। उन्होंने कहा कि उन्हें अफसोस है क्योंकि 'मैं हूं ना' उस दौर की सबसे बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी और इस फिल्म ने सुष्मिता सेन की लोकप्रियता को एक नई ऊंचाई दी। फिल्म में सुष्मिता द्वारा निभाया गया चांदनी का ग्लैमरस साड़ी लुक आज भी दर्शकों के बीच बेहद मशहूर है। फिल्म रिलीज़ के बाद यह फराह खान के निर्देशन करियर की धमाकेदार शुरुआत साबित हुई। दूसरी ओर, समीरा रेड्डी 'डरना मना है', 'मुसाफिर', 'नो एंट्री' और 'रेस' जैसी फिल्मों में नजर आईं, लेकिन बाद में उन्होंने मेनस्ट्रीम सिनेमा से दूरी बना ली।

## बदले हुए लुक को लेकर सुर्खियों में राजकुमार राव

हाल ही में अभिनेता राजकुमार राव एक शॉर्ट फिल्म के इवेंट में नजर आए, जहां रेड कार्पेट पर उनका अंदाज देखकर पैपराज़ी भी दंग रह गए। सोशल मीडिया पर वायरल हो रही राजकुमार राव की ताजा तस्वीरों और वीडियो में बदले हुए लुक में नजर आ रहे हैं। राजकुमार राव का वजन बढ़ा हुआ दिखता है, हेयरलाइन बदली हुई नजर आ रही है और उनकी पूरी पर्सनैलिटी में स्पष्ट परिवर्तन दिखाई देता है। उनके इस नए लुक ने फैंस के बीच चिंता पैदा कर दी कि कहीं उनकी तबीयत तो खराब नहीं, लेकिन धीरे-धीरे असली वजह सामने आ गई है। एक्टर के करीबी सूत्र ने बताया कि राजकुमार राव पूरी तरह स्वस्थ हैं और उनके लुक में आया यह बदलाव जानबूझकर किया गया है। सूत्र के अनुसार, वे अपनी अगली बायोपिक 'निकम' के लिए यह भारी-भरकम रूप लेकर आए हैं। उन्होंने बताया कि फिल्म के किरदार के लिए उन्होंने काफी वजन बढ़ाया है क्योंकि वे अपनी उम्र से काफी बड़े एक जाने-माने व्यक्ति की भूमिका निभा रहे हैं। सूत्र ने यह भी बताया कि फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है और राजकुमार राव इस समय दोबारा वजन कम करने की प्रक्रिया में हैं। जानकारी के अनुसार, यह बायोपिक भारतीय क्रिकेट के पूर्व कप्तान और दिग्गज खिलाड़ी सौरव गांगुली की जिंदगी पर आधारित है। फिल्म में गांगुली की क्रिकेट यात्रा, शुरुआती संघर्ष, कप्तान के रूप में उनके फैसले और भारतीय क्रिकेट के बदलाव में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाया जाएगा।






## 'बैटल ऑफ गलवान' ने असली सैनिकों की सीरीज की जारी

'बैटल ऑफ गलवान' फिल्म के मेकर्स ने असली आर्मी वेटरन्स और उनके परिवारों की कहानियों से जुड़ी एक विशेष वीडियो सीरीज जारी की है, जो उन खामोश ताकतों को सम्मान देती है, जो हर सैनिक के पीछे चुपचाप खड़ी रहती हैं। इन वीडियो को साझा करते हुए मेकर्स ने लिखा कि 'बैटल ऑफगलवान' उन परिवारों को सलाम करता है जिन्होंने हर पोस्टिंग, हर विदाई और हर वापसी को अपने दिल से जिया है। पहले वीडियो में तीसरी गोरखा राइफल्स के कर्नल महीप सिंह चड्ढा की बेटी मिसेज गानवी चड्ढा नज़र आती हैं। कर्नल चड्ढा 1965 और 1971 की जंग में शामिल रहे थे। मिसेज चड्ढा याद करती हैं कि कैसे उनके पति फील्ड एरिया में तैनात रहते थे और उनसे बात करने के लिए लोकल एक्सचेंज के जरिए कॉल बुक करनी पड़ती थी, जिसमें पूरा प्रोटोकॉल निभाना होता था।

वह बताती हैं कि परिवार उन्हें कितना याद करता था, खासकर उनका पसंदीदा खाना बनाते समय। जब वह छुट्टी लेकर घर लौटते थे, तो वही खाना साथ बैठकर खाने में एक अलग ही खुशी होती थी। दूसरे वीडियो में 16 बिहार रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल जगदीप मनचंदा (रिटायर्ड) की पत्नी मिसेज सविंदर मनचंदा उन तनाव भरी यादों को साझा करती हैं, जब उनके पति की यूनिट को अरुणाचल प्रदेश के वांगचुक जनजाति वाले क्षेत्र में भेजा गया था। वह बताती हैं कि उस इलाके में लगातार खतरा बना रहता था। टेलीफोन लाइनें बहुत दूर थीं और आवाज भी साफ नहीं आती थी, लेकिन किसी भी तरह पति की आवाज सुन लेना उनके लिए बड़ा सुकून था। तीसरे वीडियो में खुद रिटायर्ड लेफ्टिनेंट कर्नल जगदीप मनचंदा दिखाई देते हैं, जिन्होंने 1972 से 2003 तक देश की सेवा की। वह अपने 32 साल के आर्मी सफर को जिंदगी का सबसे अनमोल हिस्सा बताते हैं। गलवान घाटी के संघर्ष समेत कई कठिन ऑपरेशन्स को याद करते हुए उन्होंने भारतीय सेना और अपने साथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन भावुक और प्रेरणादायक कहानियों के माध्यम से सलमान खान फिल्म्स न सिर्फसैनिकों की बहादुरी को सम्मान दे रहा है, बल्कि उन परिवारों की कुर्बानियों को भी सलाम कर रहा है, जो हर वर्दी के पीछे की असल ताकत होते हैं। सलमा खान के प्रोडक्शन और अपूर्व लाखिया के निर्देशन में बनी 'बैटल ऑफ गलवान' बहादुरी, बलिदान और मानवीय रिश्तों की गहराई को दर्शाने की कोशिश करती है। चित्रांगदा सिंह भी फिल्म में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, जो कहानी को और प्रभावशाली बनाती है। बता दें कि 'बैटल ऑफगलवान' के टीज़र को मिली दर्शकों की शानदार प्रतिक्रिया के बाद सलमान खान फिल्म्स लगातार देशभक्ति की भावना को और मजबूत कर रहा है। हाल ही में रिलीज़ हुए इसके गाने 'मातृभूमि' और 'मैं हूँ' ने लोगों के दिलों में जोश और भावनाओं का एक नया उभार पैदा किया है।

# सुमेरपुर में 2.91 लाख मतदाता, सूची का अद्यतन प्रकाशन

## 8,083 दावे-आपत्तियों का निस्तारण



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 1 जनवरी 2026 को अर्हता तिथि मानते हुए सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र की मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 4 नवंबर से 11 दिसंबर 2025 तक आयोजित किया गया। 16 दिसंबर 2025 को सूची का अंतिम प्रकाशन किया गया था। इसके बाद प्राप्त दावों और आपत्तियों का निस्तारण कर 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची का अद्यतन प्रकाशन जारी कर दिया गया। पुनरीक्षण अवधि में 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक कुल 8,083 आवेदन प्राप्त हुए। इनमें प्रपत्र-6 के 349 नए नाम जोड़ने के आवेदन, प्रपत्र-7 के 1,818 नाम विलोपन संबंधी आवेदन तथा प्रपत्र-8 सहित अन्य संशोधन आवेदन शामिल रहे। सभी प्रकरणों का नियमानुसार परीक्षण कर कार्रवाई की गई। अद्यतन सूची के अनुसार सुमेरपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल 2,91,324 मतदाता पंजीकृत हैं। इनमें 1,58,228 पुरुष, 1,41,835 महिला तथा 4 अन्य मतदाता शामिल हैं। निर्वाचन विभाग ने बताया कि मतदाता सूची संबंधित कार्यालय में अवलोकन के लिए उपलब्ध है। साथ ही सूची की प्रति आधिकारिक वेबसाइट और वोटर्स पोर्टल पर भी देखी जा सकती है। मतदाता अपने ईपीआईसी नंबर के माध्यम से ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि नाम जोड़ने, हटाने या संशोधन के लिए प्रपत्र-6,7 एवं 8 के माध्यम से ऑनलाइन या संबंधित कार्यालय में आवेदन करें। सभी दावे-आपत्तियों का पारदर्शी और समयबद्ध निस्तारण किया जाएगा।

# वीआर गुरुकुल स्कूल में अभिवादन व बैंड कैप सैरेमनी का भव्य आयोजन




जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** वीआर गुरुकुल जालोर में अभिवादन समारोह व वीआर बैण्ड की कैप सेरेमनी का आयोजन किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मोटाराम गोदारा व भाकिसं के जिलाध्यक्ष रतनसिंह कानीवाड़ा रहे। सम्मान समारोह में विद्यालय में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं की विजेता टीम मेवाड़ फाइटर्स को मुख्य अतिथि एएसपी मोटाराम गोदारा ने ट्रॉफी प्रदान की। रनर अप टीम अरावली राइडर्स को रनर अप ट्रॉफी रतन सिंह कानीवाड़ा ने प्रदान की। वीआर बैण्ड ने मधुर धुन व विभिन्न कलाकृतियों से दर्शकों को मंत्र मुग्ध किया। समारोह में एएसपी मोटाराम गोदारा व रतनसिंह, संस्था निदेशक झाबर सिंह चाहर व प्रधानाचार्या शुभांगी टंडन ने बैंड के सभी प्रतिभागी छात्र-छात्राओं को कैप पहनाकर प्रमाण पत्र दिए। एएसपी गोदारा ने बैंड के अद्भुत कला प्रदर्शन की सराहना करते हुए कहा कि यह जालोर के धरातल पर शिक्षा के साथ अन्य गतिविधियों के आयोजन में नये कीर्तिमान है। संस्था निदेशक झाबरसिंह चाहर ने स्वागत उद्बोधन में अतिथियों का स्वागत किया व प्रधानाचार्या शुभांगी टंडन ने आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में सभी शिक्षक व छात्र-छात्राएँ सम्मिलित हुए।

# अवैध चम्बल रेता से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन में अवैध चम्बल रेता बजरी खनन व परिवहन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोतवाली थाना पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त किए हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा एवं वृत्ताधिकारी कृष्णराज जांगिड के सुपरविजन में थानाप्रभारी वीरेन्द्र सिंह मीणा के नेतृत्व में यह कार्रवाई 20 फरवरी 2026 को की गई। डीएसटी प्रभारी प्रेमसिंह चौधरी की सूचना पर पुलिस टीम ने थाना क्षेत्र के गांव गमा स्थित शेरगढ़ किले के पास नाकाबंदी कर राजघाट चम्बल की ओर से धौलपुर की तरफ आ रहे अवैध चम्बल रेता बजरी से भरे चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को जब्त किया। पुलिस ने चारों ट्रैक्टर-ट्रॉली चालकों के विरुद्ध बीएनएस, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम व फॉरेस्ट एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार अवैध खनन गतिविधियों पर अंकुश लगाने व चम्बल घड़ियाल संरक्षित क्षेत्र को नुकसान से बचाने के लिए रेता माफियाओं के पारगमन रूटों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है तथा इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# दुबेपुरा में विराट हिंदू सम्मेलन आज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के गांव दुबेपुरा में सकल हिंदू समाज के तत्वावधान में रविवार को भव्य विराट हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न समाजों का समरसता संगम व सामूहिक भोज का आयोजन भी होगा, जिसमें हजारों लोगों के शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य जात-पात की संकीर्णता को त्यागकर समाज को एकता के सूत्र में पिरोना है। आयोजकों का कहना है कि जैसे छोटी-छोटी बूंदों से मिलकर विराट सागर का निर्माण होता है, उसी प्रकार समाज के सभी वर्ग मिलकर राष्ट्र और समाज को सशक्त बना सकते हैं।

# गुटखा-पान मसाले की कालाबाजारी

## 50 से 70 रुपए अधिक मूल्य बिक्री



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिले के उपखंड मनियां में गुटखा और पान मसाला के अवैध मुनाफे और कालाबाजारी का खेल खुलेआम चल रहा है। सूत्रों के मुताबिक, मनियां उपखण्ड के कुछ बड़े व्यापारी और एजेंसी मालिक शासन के नियमों को ताक पर रखकर निर्धारित मूल्य से कहीं अधिक दामों पर गुटखा बेच रहे हैं। इस अवैध वसूली के पीछे जीएसटी में 40' वृद्धि का हवाला दिया जा रहा है, जिसकी आड़ में एजेंसी मालिक दुकानदारों से मोटी रकम वसूल रहे हैं। प्रशासनिक निगरानी के अभाव में फल-फूल रहे इस काले कारोबार से आम उपभोक्ताओं में भारी रोष है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि खाद्य विभाग की निष्क्रियता के चलते कालाबाजारी करने वालों के हौसले बुलंद हैं। जनता संबंधित विभाग से इनके खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर रही है कि इस सिंडिकेट की जांच कर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि आम जनता को हो रही इस लूट पर अंकुश लग सके। एक स्थानीय दुकानदार ने बताया कि लगभग 20 दिन पूर्व तानसेन गुटखा का पैकेट 185 , राजश्री 190 थी, अब इनकी कीमत जिसमें तानसेन 240 से लेकर 260 रुपए है, वहीं राजश्री 250 से लेकर 270 रुपए तक की कालाबाजारी की जा रही है। कई फुटकर दुकानदारों ने नाम ना बताने की शर्त पर बताया कि हमें निर्धारित मूल्य से अधिक दाम पर गुटखा खरीदना पड़ रहा है, जिससे हमारा मुनाफा कम हो रहा है। अगर हम निर्धारित मूल्य पर गुटखा बेचते हैं तो एजेंसी मालिक हमें गुटखा देना बंद कर देते हैं। बबलू, राजशेखर, वीरेंद्र कुमार, अमजद खान आदि उपभोक्ता ने बताया कि बाजार में मिलने वाले 20रू वाला तानसेन का पाउच हमें 30रू में लेना पड़ रहा है वही राजश्री का 40रू वाला पाउच 50 का लेना पड़ रहा है। हमने हाल ही में अन्य गुटखा पाउच खरीदे , जिनकी प्रिंट रेट 5 रुपये थी, लेकिन हमें 7 - 8 रुपये लिए गए। हमने दुकानदार से अधिक मूल्य लेने पर विरोध किया तो, उसने बताया प्रत्येक गुटखा और पान मसाला के पैकेट पर थोक व्यापारी व एजेंसी मालिक ने हमसे 50 - 60 रुपए अधिक लिए जा रहे हैं और बड़े व्यापारियों ने हमसे कह दिया है कि तुम भी प्रत्येक पाउच पर रूपए बढ़ाकर बेचने का निर्देश दिया है। केंद्र सरकार के बजट से पहले तंबाकू उत्पादों पर कर वृद्धि की खबर पर जिले के होलसेलर ने इन उत्पादों का स्टॉक कर लिया था।अब बाजार में वह मन मर्जी से व्यापारियों को प्रिंट से अधिक पर उत्पाद दे रहे है। शहर और कस्बों के बाजारों में सिगरेट, गुटखा और तंबाकू की खुलेआम मनमानी वसूली की जा रही है। हकीकत यह है कि कई दुकानों पर आज भी पुरानी एमआरपी प्रिंट वाले पैकेट बिक रहे हैं, जिन पर अधिकतम खुदरा मूल्य पुराना अंकित है, लेकिन दुकानदार इन्हें 50, से 60 रुपये अधिक मूल्य में बेच रहे हैं। दुकानदारों ने कहा कि हमें ही प्रिंट मूल्य से अधिक में मिलेगी तो हमें वसूली उपभोक्ता से करनी पड़ेगी।

# चाय की दुकान से नशे की गिरफ्त तकः हरजीराम ने शुरू की डोडा पोस्त की खेती, पुलिस ने 2428 पौधों के साथ किया गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिले के बागोड़ा थाना क्षेत्र स्थित मालियों की ढाणी धुंबड़िया निवासी हरजीराम माली को पुलिस ने सिवाना क्षेत्र के कांखी से गिरफ्तार कर अवैध डोडा पोस्त की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस की एएनटीएफ टीम ने 'ऑपरेशन शस्य विषम' के तहत शनिवार को यह कार्रवाई करते हुए आरोपी के कब्जे से 2428 डोडा पोस्त के पौधे बरामद किए हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब सवा करोड़ रुपए आंकी गई है। एटीएस महानिरीक्षक विकास कुमार के अनुसार आरोपी हरजीराम माली अपने गांव से सिवाना इलाके में चाय की दुकान खोलने गया था। वहां चाय की थड़ियों पर बैठते-बैठते उसे अफीम व डोडा पोस्त के नशे की लत लग गई। शुरुआत में वह स्वयं सेवन करता रहा, लेकिन धीरे-धीरे नशे के इस दलदल से बाहर निकलने के बजाय इसमें मुनाफे की संभावना तलाशने लगा। पुलिस के अनुसार आरोपी ने कुछ समय बाद जमीन खरीदकर इंटरनेट के माध्यम से अफीम की खेती का तरीका सीखा और अवैध रूप से डोडा पोस्त की खेती शुरू कर दी। संदिग्ध गतिविधियों की सूचना मिलने पर पुलिस ने कई महीनों तक सुराग जुटाए। मौके पर पहुंचने पर एक बड़े मकान के पीछे सफेद चादर से ढका क्षेत्र मिला। चादर हटाकर देखा तो सब्जियों, बजरी व अरंडी के पौधों के बीच डोडा पोस्त की खेती की गई थी।



करीब 2600 वर्ग मीटर क्षेत्र में लगाए गए इन पौधों को पुलिस ने उखाड़कर जब्त कर लिया। पुलिस के मुताबिक ये पौधे कुछ ही दिनों में पककर तैयार होने वाले थे, जिनसे करीब 20.8 किलोग्राम अफीम दूध एवं 1.50 क्विंटल डोडा पोस्त प्राप्त हो सकता था। इसकी वर्तमान बाजार कीमत लगभग 1 करोड़ 20 लाख रुपए आंकी गई है। पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी पिछले करीब 10 वर्षों से डोडा पोस्त के सेवन का आदी है तथा उसके खिलाफ पूर्व में भी अवैध मादक पदार्थ तस्करी के कई मामले दर्ज हैं। नशे की लत एवं अधिक मुनाफे के लालच में उसने स्वयं खेती करने का निर्णय लिया ताकि अन्य लोगों से खरीद की आवश्यकता न पड़े। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम जांच शुरू कर दी है।

# राजस्थानी भाषा को 8वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग, अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस पर सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**भीनमाल(निस)।** अंतरराष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर राजस्थानी भाषा को भारतीय संविधान की 8 वीं अनुसूची में शामिल करने की मांग को लेकर राजस्थानी भाषा संघर्ष समिति, शाखा-भीनमाल की ओर से उपखंड अधिकारी को राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिलाध्यक्ष एडवोकेट ढाका ने बताया कि राजस्थानी केवल एक बोली नहीं, बल्कि समृद्ध साहित्य, व्याकरण, लोक परंपराओं और सांस्कृतिक विरासत से समृद्ध भाषा है। यह न केवल राजस्थान बल्कि देश-विदेश में बसे करोड़ों लोगों की मातृभाषा है, इसके बावजूद आज तक इसे संवैधानिक मान्यता नहीं मिल पाई है, जो अत्यंत चिंताजनक विषय है। समिति ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि राजस्थान विधानसभा की ओर से पूर्व में सर्वसम्मति से राजस्थानी भाषा को मान्यता देने का प्रस्ताव पारित किया जा चुका है तथा केंद्र सरकार की विभिन्न समितियों द्वारा भी सकारात्मक अनुशंसा की जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक इसे संविधान की 8वीं अनुसूची में शामिल नहीं किया गया है। समिति के प्रतिनिधियों ने मांग की कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए राजस्थानी भाषा को शीघ्र ही 8वीं अनुसूची में शामिल किया जाए, ताकि



मातृभाषा में शिक्षा, संरक्षण एवं संवर्धन को बढ़ावा मिल सके।

ज्ञापन सौंपते समय कांग्रेस विधि विभाग जिला अध्यक्ष एडवोकेट श्रवण ढाका, अल्पसंख्यक विभाग कांग्रेस प्रदेश सचिव इकबाल खान, राजस्थानी भाषा संघर्ष समिति के सदस्य ओमप्रकाश साऊ, एनएसयूआई छात्र नेता पुखराज मांजू, राजपाल मांजू, गोपी बिश्नोई, हरचंद मेघवाल, प्रवीण बेनिवाल, सादिक खान, अभिषेक बिश्नोई, विष्णु बिश्नोई सहित अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने इस मांग को लेकर संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# नेतरा में गूंजा वित्तीय जागरूकता का बिगुल

## साइबर ठगों के खिलाफ ग्रामीणों को किया अलर्ट



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** ग्राम पंचायत नेतरा के पराखिया आंगनवाड़ी केंद्र में शनिवार को वित्तीय साक्षरता सप्ताह के तहत जोरदार जागरूकता कैंप आयोजित हुआ। भारतीय रिजर्व बैंक के मार्गदर्शन में एसबीआई लीड बैंक की ओर से संचालित मनी वाइज क्रिसिल फाउंडेशन की पहल पर ग्रामीणों को बैंकिंग अनुशासन, केवाईसी अपडेट, खाता सुरक्षा और साइबर ठगी से बचाव की ठोस जानकारी दी गई। ब्लॉक कोऑर्डिनेटर मदन मेघवाल ने साफ शब्दों में चेताया कि ओटीपी, खाता नंबर और आधार की जानकारी किसी से साझा न करें, संदिग्ध कॉल से सावधान रहें और मनी म्यूल बनने से बचें। साइबर फ्रॉड की स्थिति में तुरंत हेल्पलाइन 1930 और साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने का आह्वान किया गया। ब्लॉक ऑपरेटिंग लीडर विष्णु प्रसाद गर्ग ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना और अटल पेंशन योजना सहित अन्य योजनाओं की जानकारी देकर ग्रामीणों को सुरक्षा कवच से जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में महिलाओं और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी रही। कैंप ने गांव में आर्थिक सशक्तिकरण और डिजिटल सतर्कता का मजबूत संदेश दिया।

# ऑपरेशन शिकंजा के तहत फरार अपराधियों के खिलाफ कार्रवाई

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** भरतपुर महानिरीक्षक पुलिस रेंज भरतपुर कैलाश चन्द विश्नोई व धौलपुर पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान की ओर से चलाए जा रहे वांछित अपराधियों के विरुद्ध ऑपरेशन शिकंजा अभियान के तहत कार्यवाही करते हुए बसईडांग थानाधिकारी दुर्गासिंह उप निरीक्षक व पुलिस थाना टीम ने शनिवार को थाना के मुकदमा धारा आईपीसी में फरार चल रहे मफरूर उर्फ पुत्र रघुवर गुर्जर निवासी अतिराज का पुरा थाना कंचनपुर जिला धौलपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। थाना के 2 स्थायी वारंटियों का अन्य तरीके से निस्तारण किया और थाना इलाके के गांव बसईडांग से तास पत्तों पर दाब लगाकर जुआ खेलने वाले चार अभियुक्तों को मय 5100 रुपये राशि के साथ गिरफ्तार किया। इलाका थाना क्षेत्र में फरार अपराधियों के विरुद्ध धरपकड़ अभियान जारी है।

# निःशुल्क चिकित्सा शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** सावल लाल पुरोहित धार्मिक, पूर्त न्यास व नन्दू बाई सूरज बाई धार्मिक व पूर्त न्यास के तत्वावधान में रविवार को सुबह 11 बजे से निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन नटराज हॉस्पिटल बिजौलिया में किया जाएगा। न्यासी बद्री प्रसाद गुरुजी ने बताया कि शिविर में विभिन्न रोगों की जांच व निःशुल्क परामर्श ख्याति प्राप्त चिकित्सकों की ओर से दिया जाएगा।

**गौरव कुमार उपाध्याय एडवोकेट**
**अधिनस्थ न्यायालय सांभरलेक**
**एवं राज0 उच्च न्यायालय,**

**कार्यालय - चारभुजा की गली**
**छोटा बाजार सांभरलेक जि. जयपुर**
**मो0नं. 9214988432**

**सार्वजनिक सूचना**

दिनांक 21/2/2026

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि साझेदारी फर्म ' लक्ष्मी साल्ट वर्क्स' जो कि दिनांक 10/09/1987 को गठित की गई थी एवं फर्म रजिस्ट्रार के कार्यालय में पंजीकृत है। उसमें समय समय पर निम्नलिखित परिवर्तन हुये 1. दिनांक 31/10/2010 को साझेदार श्री सुनील दत्त अग्रवाल एवं श्रीमती सुशीला देवी सेवानिवृत हुए तथा श्री संजय कुमार अग्रवाल साझेदार बने। 2. दिनांक 11/11/2024 को साझेदार श्री पुष्कर दत्त अग्रवाल का निधन हो गया । जिनके स्थान पर श्री मानवेन्द्र अग्रवाल साझेदार के रूप में सम्मिलित किये गए । 3. दिनांक 01/02/2026 को श्री राज कुमार लेखवानी एवं श्री अभिषेक लेखवानी को साझेदार के रूप में सम्मिलित किया गया । साझेदार लक्ष्मी साल्ट वर्क्स

**जरियेः-**
**अधिवक्ता गौरव कुमार उपाध्याय एडवोकेट**
**सांभरलेक जिला जयपुर मो0नं0 9214988432**

**कार्यालय ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा**
**पंचायत समिति कोटपूतली**

क्रमांकः- ग्रा.पं.ज./ खु.बो. / 2025-26/164 दिनांक :- 20.02.2026

**खुली बोली सूचना - 5 / 2025-26**

ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा में वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न योजनाओं में स्वीकृत निर्माण कार्यों को सम्पादित करानें हेतु राजस्थान पंचायतीराज अधीनियम 1996 के नियम 181 के अन्तर्गत पंचायती राज विभाग / जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग / सार्वजनिक निर्माण विभाग / जन संसाधन विभाग / नगर निगम एवं केन्द्रीय / राज्य सरकार व उनके अधिकृत संगठनों में पंजीकृत उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों से निर्धारित सीलबन्द लिफाफे में खुली बोली आमंत्रित की जाती है। बोली शुल्क, अमानत / धरोहर राशि, प्रोसेसिंग फीस व बोली विशिष्ठियां का सम्पूर्ण विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है ।
NIB No. PFE2526A0140
UBN No. - PFE2526WSOB00381-384

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत जयसिंहपुरा**

# भीनमाल में मतदाता सूची-2026 का अंतिम प्रकाशन, कुल मतदाता 3,07,619

जयपुर टाइम्स

**भीनमाल(निस)।** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से राज्य में 27 अक्टूबर 2025 को मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम-2026 की घोषणा के तहत 4 नवम्बर 2025 से 11 दिसम्बर 2025 तक गणना चरण पूर्ण किया गया। इसके उपरांत 16 दिसम्बर 2025 को प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया था। उस समय विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र भीनमाल में कुल मतदाताओं की संख्या 3, 04,536 थी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 16 दिसम्बर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक दावे व आपत्तियां प्राप्त की गईं। इस अवधि में 4892 फॉर्म-6/6, 246 फॉर्म-7 तथा 1332 फॉर्म-8 प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों का निराकरण निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी व सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ने किया। दावों व आपत्तियों की सूचियां नियमित रूप से नोटिस बोर्ड पर प्रदर्शित की गईं तथा मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से साझा की गईं। सभी दावों-आपत्तियों के निस्तारण के बाद 21 फरवरी 2026 को मतदाता सूची-2026 का अंतिम प्रकाशन किया गया। अंतिम प्रकाशन के अनुसार भीनमाल विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 3,07,619 हो गई है, जो प्रारूप सूची की तुलना में लगभग 1 प्रतिशत वृद्धि दर्शाती है। इनमें 1,63,371 पुरुष



व 1,44,248 महिला मतदाता शामिल हैं। मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को अंतिम मतदाता सूची की एक सॉफ्ट कॉपी (फोटोयुक्त) तथा एक हार्ड कॉपी निःशुल्क उपलब्ध कराई गई है। मतदाता सूची जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) व मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) की वेबसाइट पर भी ऑनलाइन उपलब्ध है। मतदाता अपना नाम ईसीआई के वोटर्स पोर्टल पर जाकर ऑनलाइन ईपीआईसी सर्च के माध्यम से भी देख सकते हैं।

मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना अथवा संशोधन की प्रक्रिया सतत जारी है। इसके लिए फॉर्म-6, 7 व 8 ईसीआईनेट ऐप अथवा वोटर्स पोर्टल पर ऑनलाइन भरे जा सकते हैं या संबंधित बीएलओ से संपर्क किया जा सकता है। किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय के विरुद्ध अपील का प्रावधान भी नियमानुसार उपलब्ध है।

# मण्डावा में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित

जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** रामगढ मार्ग स्थित आनन्दपुरा महोल्ले में शनिवार शाम को मुख्य यजमान प्रेम कुमार पुत्र चौथमल कुमावत की ओर से एक दिवसीय संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी की आदमकद प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। पाठ वाचक नरोत्तम चेजारा ने बताया कि यह आयोजन हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालु प्रेम कुमार कुमावत पुत्र चौथमल ने किया। सुन्दरकाण्ड पाठ वाचक नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। आरम्भ में पण्डित चेतन पाराशर ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पाठ के बाद हनुमान चालीसा का पाठ और बालाजी की महाआरती की गई। इसमें आनन्दपुरा सहित कस्बे से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन में बच्छराज, लक्ष्मीनारायण, गिरधारीलाल, खेमचंद,चौथमल, भवानी, गौरीशंकर, दलीप, सुभाष, रजनीश,भागचंद, अनिल, आरव, प्रेम, गौरव,कृष्ण कुमार, बबीता, विमला, कांता, सुनीता, अनिता, पूनम, आरती, पुष्पा, पार्वती, मंजू,शारदा, दुर्गा देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे।

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल गोविन्दगढ़ (अलवर) राज.**

क्रमांकः - न. पा. गोवि. / 2025-26/376 दिनांकः- 19/02/26

**प्रारूप-10**
**(नियम-6() देखिए)**
**लोक सूचना**

श्रीमति मीना पत्नि श्री जगदीश जाति अहीर निवासी ग्राम रामबास तहसील गोविन्दगढ़ ने इस कार्यालय में नीचे उल्लेखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अधिकृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थातः-

| तहसील व जिला का नाम | ग्राम का नाम | खसरा सं. | क्षेत्र. |
|---|---|---|---|
| गोविन्दगढ़ (अलवर) | रामबास | 1976/221 | 0.5058 हैक्टयेर |

इसलिये इसके द्वारा सम्बंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अधिकृति अधिनियम की धारा 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान : करने और अधिकृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अद्योहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आपेक्ष प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर भीतर किसी आक्षेप के आभाव में यह समझा जायेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है। और तदानुसार मामले का निपटारा किया जायेगा ।

यह सूचना मेरे हस्ताक्षर एवं मोहर के अधीन आज दिनांक 19/02/26 को जारी की गयी।

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगरपालिका गोविन्दगढ़ (अलवर)**

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
22 फरवरी, 2026

## जाखड़ के एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर बीदासर में जताई खुशी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** एनएसयूआई के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद पर विनोद जाखड़ की नियुक्ति होने पर कस्बे में कार्यकर्ताओं एवं समाजजनों ने हर्ष व्यक्त किया। इस अवसर पर बीदासर गोशाला में एडवोकेट गोविन्द मेघवाल के नेतृत्व में गायों को गुड़ खिलाकर खुशी मनाई गई। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों ने विनोद जाखड़ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इसे युवाओं के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताया। उन्होंने कहा कि यह नियुक्ति न केवल छात्र संगठन के लिए बल्कि युवा नेतृत्व को राष्ट्रीय स्तर पर नई दिशा देने वाली है। इस मौके पर एडवोकेट गोविन्द मेघवाल ने कहा कि विनोद जाखड़ के नेतृत्व में छात्र संगठन और अधिक मजबूत होगा तथा युवाओं की आवाज राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी रूप से उठेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि संगठन के माध्यम से छात्र हितों से जुड़े मुद्दों को मजबूती के साथ सामने लाया जाएगा। कार्यक्रम में मेघराज गुसाईवाल, पूसाराम मेघवाल, गुलाब चंद, मघाराम, श्रीभगवान राठी, प्रेमचंद बामणिया, महावीर मेघवाल एवं मेघाराम पंवार सहित अनेक कार्यकर्ता व समाजजन उपस्थित रहे।

## क्विज प्रतियोगिता का आयोजन




जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय दयानंद विद्या विहार स्कूल में कक्षा 11 के विद्यार्थियों के मध्य क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ क्विज में भाग लिया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में टीम बी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा टीम सी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के संचालन में संतोष सोनी, अनस रसूल, सुश्री इशिता का सराहनीय योगदान रहा। बच्चों को उनकी बुद्धिमता चैक करने के लिए प्रश्न पूछे गए और हाजिर जवाबी जांची गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता अग्रवाल ने बताया कि क्विज के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह काफी अच्छा रहा।

## श्याम महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** श्री श्याम सखा मंडल सुजानगढ़ की ओर से श्याम दरबार में मंडल अध्यक्ष नरेंद्र शर्मा की अध्यक्षता में मीटिंग का आयोजन किया गया। मंडल सेटलर ट्रस्टी रामावतार मंत्री ने बताया कि श्याम महोत्सव 2026 की कलश यात्रा व भंडारे की तैरूारियों को अंतिम रूप दिया गया और श्याम श्रृंगार की सेवा श्याम की फौज को जिम्मेदारी दी गई। बैठक में महेश सोनी, किशन सोनी, भारत तूनवाल, सत्यनारायण करवा, विष्णु व्यास सुरेश क्याल, भंवरलाल प्रजापत, बजरंग जांगिड़, मनीष शर्मा, संजय सोनी, शिवम मंत्री, प्रदीप सोनी, पिंटू सोनी, राहुल पारीक, भवानी आदि उपस्थित रहे। बता दें कि 27 फरवरी से श्याम महोत्सव के तहत निशान यात्रा, भजन संध्या आदि के कार्यक्रम प्रस्तावित हैं।करने के लिए प्रश्न पूछे गए और हाजिर जवाबी जांची गई। विद्यालय की प्रधानाचार्या सुनीता अग्रवाल ने बताया कि क्विज के प्रति विद्यार्थियों का उत्साह काफी अच्छा रहा।

## नरेंद्र गुर्जर ने की राज्य मंत्री बेढ़म से मुलाकात



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** भाजपा नेता व स्थानीय देवनारायण भगवान मंदिर समिति ट्रस्ट सुजानगढ़ अध्यक्ष नरेंद्र गुर्जर ने प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढ़म से शिष्टाचार भेंट की है। इस दौरान नरेंद्र गुर्जर ने गुलदस्ता भेंट कर गृह राज्य मंत्री का स्वागत किया और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा की। इस दौरान जगदीश दौराता, ओमप्रकाश चौहान, मनसुख खटाना आदि भी मौजूद रहे।

### चूरू जिले में 16 लाख से ज्यादा मतदाता

# महिलाओं से 83 हजार ज्यादा पुरुष वोटर्स, अंतिम मतदाता सूची जारी

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम 2026 के तहत शनिवार को अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। इसके साथ ही जिले में मतदाताओं की कुल संख्या बढ़कर 16 लाख 26 हजार 757 हो गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक सुराणा ने यह जानकारी दी। इससे पहले 16 दिसंबर 2025 को प्रकाशित प्रारूप मतदाता सूची में जिले में कुल 15 लाख 95 हजार 187 मतदाता दर्ज थे। गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत मतदाताओं की संख्या में 1.98 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है।



### 95 हजार लोगों के नाम हटाए गए:

तारानगर में 'बल्क फॉर्म' के सवाल पर सुराणा ने कहा कि ऐसा बिल्कुल नहीं है। पूरे जिले में उन लोगों के नाम हटाए गए हैं जिनकी मृत्यु हो गई थी या जिनका नाम कहीं और जुड़ा हुआ था। उन्होंने 'बल्क में फॉर्म आने' या 'नाम हटाए जाने' की बात को भ्रामक बताया। एसआईआर का मुख्य उद्देश्य मतदाता सूची का शुद्धिकरण करना रहा है। जिले में लगभग 95 हजार अनुपस्थित, मृतक या स्थानांतरित लोगों के नाम हटाए गए हैं। सुराणा ने जोर दिया कि मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदाता सूची का स्वच्छ होना आवश्यक है, जिससे मतदान प्रतिशत में भी सुधार होगा।

### 11 ट्रांसजेंडर मतदाता भी शामिल:

अंतिम सूची के अनुसार कुल 16 लाख 26 हजार 757 मतदाताओं में से 8 लाख 55 हजार 203 पुरुष मतदाता, 7 लाख 71 हजार 543 महिला मतदाता और 11 ट्रांसजेंडर मतदाता शामिल हैं। दावे और आपत्तियां 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक आमंत्रित की गई थीं। इस कार्यक्रम के तहत 36 हजार 376 फॉर्म 6 (नाम जोड़ने के लिए), 4299 फॉर्म 7 (नाम हटाने के लिए) और 12812 फॉर्म 8 (संशोधन के लिए) प्राप्त हुए, जिसके बाद यह अंतिम सूची प्रकाशित की गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी सुराणा ने स्पष्ट किया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ना, हटाना या संशोधन करना एक सतत प्रक्रिया है। यदि किसी प्रविष्टि के संबंध में निर्वाचन रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतोष हो, तो अंतिम प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष अपील की जा सकती है।

## राजनीतिक दलों को प्रदान की अंतिम मतदाता सूची

जयपुर टाइम्स



**सुजानगढ़(निसं.)।** एसआईआर के बाद तैयार हुई अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं की सूची राजनीतिक दलों को प्रदान की गई है। इसके लिए उपखंड कार्यालय में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि 16 जनवरी 26 को प्रकाशित मतदाता सूची में कुल 2 लाख 82 हजार 792 मतदाता थे। उसके बाद कुल 6360 मतदाता जुड़े हैं। जबकि 768 मतदाताओं के नाम डिलीट किए गए हैं। इस प्रकार अब कुल 2 लाख 88 हजार 384 मतदाता अब मतदाता सूची में शामिल हैं। बैठक के दौरान भाजपा के मंडल अध्यक्ष विनय माटोलिया, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष प्रदीप तोदी, कॉमरेड रामनारायण रूलाणिया, तेजपाल गोदारा, बजरंग सेन, ओंकारमल मेघवाल, रेखाराम मेहरड़ा, पुरूषोतम चौहान आदि मौजूद रहे। इस दौरान राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को मतदाता सूची की होर्ड और सोफ्ट कोपी प्रदान की गई।

### राजस्थानी भाषा दिवस मनाया

## राजस्थानी भाषा को संवैधानिक दर्जा देने की मांग

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** तहसील क्षेत्र में मायड़ भाषा संघर्ष समिति की ओर से शनिवार को राजस्थानी भाषा दिवस मनाया गया। इस अवसर पर कवितापाठ, गायन और खेलकूद सहित विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। कार्यक्रम के अध्यक्ष मुरली शर्मा ने अधिकाधिक राजस्थानी भाषा को आम बोलचाल में प्रयुक्त करने की अपील की। संयोजक गोपाल स्वामी ने बताया कि समिति निरंतर राजस्थानी भाषा को संवैधानिक दर्जा दिलाने की मांग को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री और मंत्रियों को पत्र लिख रही हैं। इस अवसर सहसंयोजक विकास सारस्वत, रामदेव सैनी, कृष्ण कुमार, मनमोहन सिंह, पंकज नाई, शिवराज स्वामी, नारायण दर्जी सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे।

## ब्लॉक स्तरीय कृषक प्रशिक्षण का समापन

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निस)।** पंचायत समिति लक्ष्मणगढ़ परिसर में नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-तिलहन योजनांतर्गत सरसों विषय पर आयोजित दो दिवसीय ब्लॉक स्तरीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में कृषि विशेषज्ञों ने किसानों को तिलहन उत्पादन बढ़ाने की उन्नत तकनीकों की जानकारी देते हुए तेल क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अधिक क्षेत्र में तिलहन फसलों की बुवाई पर जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान कृषक मास्टर ट्रेनर अरुण शर्मा ने प्राकृतिक विधि से तैयार उत्पादों के माध्यम से आय में वृद्धि के अपने अनुभव साझा किए। उन्होंने बताया कि प्राकृतिक खेती अपनाकर लागत कम कर उत्पादन व लाभ बढ़ाया जा सकता है।कार्यक्रम में अतिरिक्त सहायक निदेशक रामनिवास ढाका, कृषि विशेषज्ञ राजश्री यादव, हरिराम, सहायक कृषि अधिकारी राजेश कुमार धायल, कृषि पर्यवेक्षक प्रभु दयाल (रहनावा), कृषि पर्यवेक्षक अनिता झुरियां (नरोदड़ा) तथा कृषक मित्र कैलाश सिंह चारण सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे। विशेषज्ञों ने उन्नत बीज, पोषक तत्व प्रबंधन व कीट नियंत्रण संबंधी जानकारी देते हुए किसानों की जिज्ञासाओं का समाधान भी किया।

## पीएनबी नवलगढ़ में फर्जी गोल्ड लोन घोटाले का खुलासा



### पूर्व बैंक मैनेजर सहित 8 गिरफ्तार, 1.555 किलो सोना बरामद

जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** पंजाब नेशनल बैंक की नवलगढ़ शाखा में फर्जी गोल्ड लोन के जरिए करोड़ों रुपए के गबन व सोने की चोरी के मामले में नवलगढ़ पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी पूर्व बैंक मैनेजर अमित जांगिड सहित 8 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से अब तक 1 किलो 555 ग्राम सोने के आभूषण बरामद किए हैं, जिनकी बाजार कीमत करीब 2 करोड़ 32 लाख रुपए आंकी गई है। जिला पुलिस अधीक्षक बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक फूलचंद मीणा व वृत्ताधिकारी महावीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी अजय सिंह के नेतृत्व में गठित विशेष टीम ने तकनीकी साक्ष्य व मानवीय आसूचना के आधार पर यह कार्रवाई की। पुलिस जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी अमित जांगिड, जो पंजाब नेशनल बैंक नवलगढ़ में पूर्व शाखा प्रबंधक के पद पर कार्यरत था, ने बैंक में बीसी संचालक संतोष सैनी के साथ मिलकर 214 खातों पर फर्जी गोल्ड लोन जारी किए। आरोपियों ने गोल्ड लोन के नाम पर लगभग 8.78 करोड़ रुपए का ऋण स्वीकृत कर राशि का गबन किया। आरोपियों ने फर्जी खातों के माध्यम से गोल्ड लोन स्वीकृत कराने के बाद बैंक में गिरवी रखे गए असली सोने के आभूषणों को निकालकर उनकी जगह नकली आभूषण रख दिए। इसके लिए खाताधारकों को लालच देकर उनके नाम से ऑनलाइन खाते खुलवाए गए तथा बैंक में ही ओटीपी प्राप्त कर ऋण राशि निकाल ली जाती थी। इस संबंध में 1 फरवरी 2026 को पंजाब नेशनल बैंक नवलगढ़ के वरिष्ठ शाखा प्रबंधक मुकेश सिहाग की ओर से रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। 28 जनवरी 2026 को उपप्रबंधक सीमा महला की ओर से गोल्ड सेफ की संयुक्त अभिरक्षा का चार्ज लेने से पूर्व की गई जांच में गोल्ड पैकेट्स के साथ छेड़छाड़ व नकली आभूषण रखे जाने का मामला सामने आया था। मामले में 20 हजार रुपए के इनामी मुख्य आरोपी अमित जांगिड व संतोष सैनी को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है। पुलिस ने अन्य 6 आरोपियों को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर जेल भिजवा दिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास जारी हैं तथा गिरफ्तार आरोपियों की संपत्तियों की जांच भी की जा रही है।

## पीटीएम के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित

जयपुर टाइम्स




**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कस्बे के ऋषिकुल स्कूल में शनिवार को यूटी-3 के अवसर पर अभिभावक-शिक्षक बैठक (पीटीएम) के साथ स्वास्थ्य जांच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विद्यार्थियों के शैक्षणिक प्रदर्शन पर अभिभावकों से चर्चा करते हुए शिक्षकों ने उनकी प्रगति की जानकारी दी तथा सुधार के लिए आवश्यक सुझाव प्रदान किए।स्वास्थ्य जांच शिविर का संचालन डॉ. गायत्री जांगिड़ के नेतृत्व में किया गया। टीम सदस्य बिंदु अशोक, अज्जुदीन पठान, नंदनी, राखी, विशेष व पलक ने विद्यार्थियों की सामान्य स्वास्थ्य जांच कर आवश्यक परामर्श दिया। विद्यालय परिवार ने शिविर में सहयोग के लिए डॉक्टर अभिषेक व नेहा पारीक के प्रति आभार जताया।संस्था प्रधान डॉ. रेखा शर्मा के निर्देशन में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावकों की उपस्थिति रही। अभिभावकों ने विद्यालय के इस प्रयास की सराहना करते हुए इसे विद्यार्थियों के शैक्षणिक व शारीरिक विकास की दिशा में उपयोगी बताया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से ऐसे आयोजन भविष्य में भी किए जाते रहेंगे।

### उत्तम सिंह राठौड़ की स्मृति में हो रहा आयोजन

# कलश यात्रा के साथ भागवत कथा का शुभारंभ, राजेंद्र राठौड़ दम्पति ने की पूजा-अर्चना

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव हरपालसर में भाजपा नेता राजेंद्र सिंह राठौड़ के पैतृक गांव में उनके पिता उत्तम सिंह राठौड़ की स्मृति में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा व नानी बाई का मायरा का शुभारंभ श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ हुआ। आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में पूर्व विधानसभा नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता राजेंद्र राठौड़ व चांद कंवर ने विधिवत पूजा-अर्चना कर कथा का शुभारंभ किया। शिव गौशाला समिति परिसर में 21 फरवरी से 27 फरवरी तक आयोजित होने वाली इस कथा के प्रथम दिन प्रातःकाल गांव के ठाकुरजी मंदिर से कथा स्थल तक भव्य कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाएं सिर पर कलश धारण कर मंगल गीत गाती हुई शामिल हुईं। आकर्षक झांकियों, भजन-कीर्तन व ढोल-नगाड़ों के साथ निकली यात्रा से पूरा गांव भक्तिमय वातावरण में सराबोर नजर आया। गांव में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया। कथा पंडाल में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रीमद्भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य यजमान राजेंद्र राठौड़ ने गौशाला निर्माण के लिए 31 लाख रुपये देने की घोषणा की। उनके इस संकल्प से प्रेरित होकर उपस्थित श्रद्धालुओं व भामाशाहों ने भी बढ़-चढ़कर सहयोग की घोषणाएं कीं, जिससे गौशाला निर्माण के लिए करोड़ों रुपये का चंदा एकत्रित हो गया। आयोजन स्थल पर दानदाताओं का सम्मान भी किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा मानव जीवन को संस्कार, सेवा और समर्पण की राह दिखाती है। उन्होंने गौसेवा को भारतीय संस्कृति की आत्मा बताते हुए कहा कि गौशाला निर्माण जैसे कार्य समाज की सामूहिक जिम्मेदारी हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर जीवन में आध्यात्मिक मूल्यों को आत्मसात करने का आह्वान किया। कथा वाचक बाल संत श्री भोले बाबा ऋषिकेश को भी गायों के लिए उनकी ओर से की जा रही निस्वार्थ सेवा के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस दौरान चूरू विधायक हरलाल सारण, भाजपा जिला अध्यक्ष बसंत जांगिड़, चंद्राराम गुरी, निवर्तमान सभापति राजकरण चौधरी, जयदेव सिंह राठौड़, लालचंद छीरंग, गिरधारीलाल पारीक, राजेंद्र सिंह छाजूसर, श्यामलाल शर्मा, शिवरतन सर्राफ, जूगलसिंह, गिरधारी दास स्वामी सहित बड़ी संख्या में संत-महात्मा व श्रद्धालु उपस्थित रहे।





स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

## तप से ब्रह्म सुख की प्राप्तिः शिवेन्द्राश्रम महाराज



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर में पुजारी राजूराम के सानिध्य में शुरू हुए धार्मिक आयोजन के तहत श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ शुरू हुआ। श्री मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर प्रांगण में शुरू हुए श्रीमद भागवत कथा के तीसरे दिन कथा यजमान विष्णु कांत पारीक व बंटी प्रसाद सोनी ने सपत्नीक व्यास पीठ की पुजा अर्चना की। व्यासपीठ पर विराजमान दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने धुर्वे व सती चरित्र का वर्णन किया। जड़भरोतपाख्यान,अजमिलोपाख्यान एवं प्रहलाद चरीत्र का वर्णन किया। महाराज ने व्यासपीठ से परमहंस वृत्ति की स्थापना राजा ऋषभदेव ने मानव योनी आत्म कल्याण के लिए तप करना चाहिए। तप से ब्रह्म सुख की प्राप्ति होती है संत की परिभाषा संत वो जो शांत रहें समदर्शी है कोध्र विहिन परोपकारी व ईश्वर से प्रेम करें। कथा में रतनगढ़ विधायक पुसाराम गोदारा,पुर्व प्रधान गिरधारी लाल बाग्डवा, कथा में समस्त बालाजी मंदिर के सदस्य तथा महिला पुरूष मौजूद रहे।

## राजेन्द्र राठौड़ कल वाहिदपुरा आएंगे

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** वरिष्ठ भाजपा नेता व पूर्व मंत्री राजेन्द्र सिंह राठौड़ 23 फरवरी को गांव वाहिदपुरा में आएंगे। तीन दिवसीय श्री गोपाल गौशाला का उदघान समारोह शनिवार को रात्रि जागरण से आरम्भ होगा। 22 फरवरी को सुबह सवा नौ बजे पूजन व हवन कार्यक्रम होगा तथा 23 फरवरी को सुबह साढ़े नौ बजे विशाल कलश यात्रा, सवा 11 बजे गौ प्रवेश व पूजन कार्यक्रम, दोपहर साढ़े 12 बजे संतों व अतिथियों का सम्मान किया जाएगा और दोपहर सवा एक बजे प्रसाद वितरण कार्यक्रम होगा। कार्यक्रम में वरिष्ठ भाजपा नेता राजेन्द्र सिह राठौड़ झुंझुनूं विधायक राजेन्द्र भामू, चूरू विधायक हरलाल सहारण, पूर्व प्रधान सुशीला सीगड़ा, भाजपा नेता प्यारेलाल ढूकिया, शिवकरण जानूं, सरपंच केसरी देवी, अगंद देव सिंह और मण्डावा चेयरमैन नरेश सोनी आदि 23 फरवरी के कार्यक्रमों के मंचासीन अतिथि होंगे। उल्लेखनीय है कि कार्यक्रम में दिनेश गिरी महाराज, महावीर जती महाराज, चेतननाथ महाराज, मोहनगिरि, गणेश महाराज, सोमनाथ महाराज, बालमुकुन्द महाराज, हरिदास महाराज व भागुराम भक्त आदि संतों का सानिध्य होगा।

## सचिन तुनवाल जिला उपाध्यक्ष बने

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा के जिलाध्यक्ष अशोक कुमार ने मण्डावा निवासी सचिन तुनवाल को संस्थान का जिला उपाध्यक्ष पद पर नियुक्ति किया है। सचिन की नियुक्ति पर कुमावत समाज के लोगों ने खुशी जाहिर करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

## चौपाल में कलेक्टर डॉ. अरुण गर्ग ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

### मौके पर दिए समाधान के निर्देश



जयपुर टाइम्स

**झुंझुनूं(निस)।** ग्राम पंचायत घोड़ीवारा में शुक्रवार को आयोजित रात्रि चौपाल में जिला कलेक्टर डॉ अरुण गर्ग ने ग्रामीणों की जनसुनवाई करते हुए विभिन्न समस्याओं के त्वरित समाधान के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। चौपाल में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लेकर पेयजल, सड़क, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, चिकित्सा सुविधाओं व अन्य स्थानीय मुद्दों को उठाया। कलेक्टर डॉ. गर्ग ने प्रत्येक परिवाद को गंभीरता से सुनते हुए अधिकारियों को मौके पर ही आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित एवं पारदर्शी समाधान करना है, ताकि आमजन को राहत मिल सके। इस अवसर पर जिला परिषद के एसीईओ रामनिवास, जलदाय विभाग के एसई राजपाल सिंह, आयुर्वेद विभाग के उपनिदेशक डॉ. जितेंद्र स्वामी, रोडवेज मुख्य प्रबंधक गिरीराज स्वामी, सीडीईओ अशोक शर्मा, सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक डॉ. पवन पूनिया तथा जिला जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु सिंह सहित विभिन्न जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने विभागीय योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने का आश्वासन भी दिया।

# सीएम बोले : आप कहाँ की विधायक हो?', मंडावा विधायक रीटा चौधरी का छलका दर्द

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा/ जयपुर(निस)।** राजस्थान विधानसभा में शनिवार को राजस्व विभाग की अनुदान मांगों पर बहस के दौरान मंडावा विधायक रीटा चौधरी ने सरकार को जमकर घेरा। रीटा चौधरी ने सदन के पटल पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के उस दावे को चुनौती दी, जिसमें सीएम ने कहा था कि वे विपक्ष के विधायकों के फोन तुरंत उठाते हैं और उनसे मिलते हैं। चौधरी ने एक पुराना वाकया साझा करते हुए कहा कि जब वे मुख्यमंत्री से मिलने सीएमओ गईं, तो सदन के नेता को यह तक नहीं पता था कि उनके सामने बैठी महिला कहाँ की विधायक है।

### 'मुख्यमंत्री मुझे पहचान नहीं पाए': रीटा चौधरी का गंभीर आरोप

सदन में अपनी बात रखते हुए रीटा चौधरी ने बताया कि जब भजनलाल नए मुख्यमंत्री बने थे, तब मैंने बजट के संदर्भ में उनसे मिलने के लिए फोन किया। उन्होंने मुझे 1 बजे सीएमओ बुलाया। जब मैं वहाँ पहुँची, तो मुख्यमंत्री ने मुझसे पूछा कि आप कहाँ से एमएलए हो? यह सुनकर मैं दंग रह गई। जिस मुख्यमंत्री ने मुझे खुद समय दिया, उन्हें यह नहीं पता कि उनके सामने खड़ा व्यक्ति कौन और कहाँ का विधायक है।

### 'विपक्ष को तवज्जो नहीं, आरएसएस को प्राथमिकता:

रीटा चौधरी ने मुख्यमंत्री कार्यालय के कामकाज के तरीके पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि जब वे मिलने गईं, तो वहाँ जोगाराम पटेल, देवी सिंह और नोक्षमा चौधरी जैसे सत्ता पक्ष के विधायकों के साथ-साथ आरएसएस के कई लोग मौजूद थे और गीता उपदेश पर चर्चा चल रही थी। विपक्ष की अनदेखी: चौधरी ने आरोप लगाया कि सीएम ने सबसे पहले आरएसएस के लोगों को बुलाया, फिर अपने मंत्रियों और विधायकों को, और सबसे अंत में उन्हें (विपक्ष की विधायक) समय दिया। पिछली सरकार से तुलना: उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उदाहरण देते हुए कहा कि पहले की सरकार में मुख्यमंत्री सबसे पहले विपक्ष के विधायक को बुलाते थे और उनकी बात सुनते थे। मंडावा विधायक ने केवल मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि प्रभारी मंत्री और स्थानीय प्रशासन को भी कटघरे में खड़ा किया। फोन नहीं उठाते मंत्री: रीटा चौधरी ने कहा कि मैंने अपने प्रभारी मंत्री को कई बार फोन किया, लेकिन उन्होंने फोन नहीं उठाया। मंडावा में हवेलियों पर अवैध कब्जे हो रहे हैं, कलेक्टर बेईमानी कर रहा है, लेकिन सुनने वाला कोई नहीं है।' जनहित के मुद्दे: उन्होंने स्पष्ट किया कि वे अपने निजी काम के लिए नहीं, बल्कि जनता की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री और मंत्रियों से मिलना चाह रही थीं, लेकिन उन्हें रिस्पॉन्स नहीं मिला।

### कौन हैं कांग्रेस एमएलए रीटा चौधरी?

राजनीतिक विरासत: रीटा चौधरी राजस्थान कांग्रेस के दिग्गज नेता और पूर्व विधानसभा अध्यक्ष दिवंगत रामनारायण चौधरी की पुत्री हैं। राजनीति उन्हें विरासत में मिली है। मंडावा की 'शेरनी': उन्हें झुंझुनूं जिले की मंडावा विधानसभा सीट का पर्याय माना जाता है। उन्होंने इस क्षेत्र में अपने पिता की राजनीतिक विरासत को बखूबी संभाला है। तीन बार की विधायक: रीटा चौधरी मंडावा से तीसरी बार विधायक चुनी गई हैं। उन्होंने 2008 में पहली बार जीत दर्ज की, फिर 2019 के उपचुनाव और अब 2023 के विधानसभा चुनाव में भी जीत हासिल की। उपचुनाव में ऐतिहासिक जीत: 2019 में जब तत्कालीन विधायक नरेंद्र कुमार सांसद बन गए, तब हुए उपचुनाव में रीटा चौधरी ने भाजपा के सुशीला सीगड़ा को भारी मतों से हराकर कांग्रेस की झोली में यह सीट डाली थी।

जाट राजनीति का बड़ा चेहरा: शेखावाटी बेल्ट में जाट समुदाय के बीच उनकी गहरी पैठ है। वे किसान हितों के मुद्दों पर मुखर होकर अपनी बात रखती हैं।

बेबाक और निडर: विधानसभा के भीतर वे अक्सर अपनी ही सरकार (जब कांग्रेस सत्ता में थी) या वर्तमान भाजपा सरकार को घेरने से नहीं चूकतीं। हवेलियों और पर्यटन का मुद्दा: मंडावा अपनी ऐतिहासिक हवेलियों के लिए प्रसिद्ध है। रीटा चौधरी अक्सर इन हवेलियों के संरक्षण और वहां होने वाले अवैध कब्जों के खिलाफ आवाज उठाती रहती हैं।

संगठन में पकड़: वे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी में महत्वपूर्ण पदों पर रही हैं और झुंझुनूं जिले की राजनीति में उनकी सहमति के बिना बड़े फैसले नहीं होते। महिला सशक्तिकरण: ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं की शिक्षा और उनके अधिकारों के लिए वे लगातार सक्रिय रहती हैं।

## निःशुल्क नेत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** द यंग्स क्लब ऑफ सुजानगढ़ की ओर से रविवार को प्रतापसिंह सिंघी की स्मृति में उनकी धर्म पत्नी कमला देवी सिंघी के सौजन्य से निःशुल्क नेत्र जांच व लेंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। क्लब के सांस्कृतिक सचिव गिरधर शर्मा ने बताया कि उक्त शिविर में प्रख्यात नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अपूर्व कोटिया द्वारा रोगियों की निःशुल्क जांच कर उन्हें उचित परामर्श दिया जाएगा तथा ऑपरेशन लायक रोगियों का चयन किया जाएगा। चयनित रोगियों के निःशुल्क नेत्र लेंस प्रत्यारोपण डॉ अपूर्व कोटिया की ओर से डॉ मोहन जैन आई हॉस्पिटल सुजानगढ़ मे करवाए जाएंगे। शर्मा ने बताया कि द यंग्स क्लब ट्रस्ट सभागार सुजानगढ़ में आयोजित होने वाला उक्त नेत्र शिविर प्रातः 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित होगा।

### हैतुक दर्शित करने के लिए सूचना

(साधारण प्रारूप)

व्यवहार प्रक्रिया संहिता पहली अनुसूची संख्यांक 4

**न्यायालय श्रीमान् अपर जिला न्यायाधीश सुजानगढ**

अरविन्द प्रजापति बनाम शाखा प्रबन्धक महोदय, भारतीय स्टेट बैंक, सुजानगढ़ आदि

वाद/प्रार्थना पत्र भारतीय उत्तराधिकार अधि. 1925 की धारा 278

प्रार्थना पत्र संख्या 02 सन् 2026

नाम....... सर्वसाधारण ......... पुत्र ..... जाति..... पता..... उक्त .... अरविंद प्रजापति ने इस न्यायालय में यह आवेदन किया है कि SBI शाखा सुजानगढ़ के लॉकर संख्या 09 के बारे में Letter of Administration जारी करने हेतु।

अतः आपको चेतावनी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरुद्ध हैतुक दर्शित करने के लिए दिनांक 25 माह 03 सन् 2026 को 10:30 पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा जिसे सम्यक रूप से अनुदेश किया गया हो, उपसंजात हों। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेंगे, तो उक्त आदेश की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।

यह आज तारीख 23 माह 01 सन् 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।

दिनांक : 21–02–2026 डीएन 5 आज्ञा से

मुहर न्यायालय रीडर

अपर जिला न्यायाधीश,
सुजानगढ़, जिला चूरू

### सूचना

### कार्यालय तहसीलदार (भू.अ.) भानीपुरा, जिला-चूरू (राज.)

क्रमांकः भू.अ./2026/4080 दिनांकः 06.02.2026

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रार्थी गोपीराम सारण पुत्र लालचंद, जाति जाट, निवासी खेजड़ा उत्तरादा, तहसील भानीपुरा, जिला चूरू (राज.) द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर अवगत कराया गया है कि उनकी दादी चुनी देवी पत्नी कालूराम जाट, निवासी खेजड़ा उत्तरादा, का दिनांक 18.10.2025 को स्वर्गवास हो चुका है।

स्व. चुनी देवी के नाम दर्ज भूमि खसरा नं. 217 एवं 207, कुल रकबा 15.15 हेक्टेयर में से 1/4 हिस्सा वसीयत दिनांक 16.01.2024 के आधार पर प्रार्थी के पक्ष में दर्ज करवाने हेतु नामांतरण की कार्यवाही प्रस्तावित है।

अतः संबंधित किसी भी व्यक्ति को इस संबंध में कोई आपत्ति/एतराज हो तो सूचना प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर तहसील कार्यालय भानीपुरा में व्यक्तिगत रूप से अथवा अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत करें। निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त आपत्तियों पर विचार नहीं किया जाएगा तथा नियमानुसार नामांतरण की कार्यवाही की जाएगी।

**तहसीलदार (भू.अ.)**
**भानीपुरा, जिला-चूरू (राज.)**

### एल. एन. मेमोरियल आयुर्वेद नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र, एल.एन.मेमोरियल भालेरी रोड़ - चूरू

**कॉलेज कोड- 117**

दिनांकः- 21.02.2026

**विज्ञप्ति/प्रवेश सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परीषद्, जयपुर द्वारा संचालित डिप्लोमा पाठ्यक्रमः डिप्लोमा इन आयुष नर्सिंग एण्ड फार्मेसी ( DAN&P ) सत्र 2025-26 में संस्थान में रिक्त रही सीटों पर प्रवेश हेतु संस्था स्तर पर की जाने वाली काउंसलिग दिनांक 24.02.2025 को प्रातः 08:00 बजे से राजस्थान आयुर्वेद नर्सिंग परीषद्, जयपुर द्वारा पर्यवेक्षक / परीषद् प्रतिनिधि की उपस्थिति में की जायेगी है। अतः सभी 10+2 उतीर्ण विद्यार्थी जिनकी आयु 31 दिसम्बर 2025 को 17 वर्ष पूर्ण हो चुकी हो संस्थान स्तर की काउंसलिंग में भाग लेकर अपना प्रवेश सुनिश्चित करें।

स्थान : एल.एन.मेमोरियल आयुर्वेद नर्सिंग प्रशिक्षण केन्द्र, भालेरी रोड़ - चूरू
सम्पर्क सूत्रः- 6375140408, 9887528947

### कार्यालय उप वन संरक्षक, चूरू

इस कार्यालय के अधिन निम्नानूसार विकास कार्य करवाये जाने है:-

| क्र. सं. | बिड संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत राशि | UBN नम्बर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 47/2025-26 | Construction of Guard Room at BP Ratusar, Range Sardarshahar | 1.57 लाख | FOR 2526 WSOB 05551 |
| 2 | अल्पकालीन खुली बोली सूचना संख्या 48/2025-26 | Execution of Community Development Activities (Community Hall) Shimla Range Sardarshahar. | 4.32 लाख | FOR 2526 WSOB 05552 |

अल्पकालीन खुली बोली सूचना सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है। सें संबंधित समस्त विवरण / नियम एवं शर्तें वेबसाईट www.Sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।

**उप वन संरक्षक,**
**चूरू**

**सुजडौला में उमड़ा आस्था का सागर**

# भागवत कथा में जनसैलाब, रास लीला बनी आकर्षण का केन्द्र

जयपुर टाइम्स



**झुंझुनूं(निस)।** पिलानी के निकट सुजडौला बाबा मढी धाम, सुजडौला में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस पर आस्था का अभूतपूर्व संगम देखने को मिला। दूर-दराज़ क्षेत्रों से आए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के चलते पूरा कथा पंडाल भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। संत-महात्माओं की निरंतर उपस्थिति और भजनों की मधुर ध्वनि ने आयोजन को आध्यात्मिक ऊर्जा से सराबोर कर दिया। वृन्दावनधाम से पधारे कथावाचक श्री आनंद कृष्ण व्यास ने व्यासपीठ से भगवान के विभिन्न अवतारों का मार्मिक वर्णन करते हुए भक्त प्रहलाद की अटूट भक्ति, हिरण्यकश्यप के अहंकार के अंत और भगवान नरसिंह के प्राकट्य का प्रेरक प्रसंग सुनाया। कथा के दौरान भक्तों को यह संदेश दिया गया कि भगवान सदैव अपने सच्चे भक्तों की रक्षा करते हैं और अहंकार का विनाश निश्चित है। उन्होंने भगवान वामन अवतार की कथा में राजा बलि के दंभ को तीन पग भूमि मांगकर समाप्त करने का प्रसंग सुनाया, वहीं समुद्र मंथन की कथा के माध्यम से देवासुर संग्राम और अमृत प्राप्ति का भावपूर्ण वर्णन किया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं में पूतना वध और कृष्ण जन्मोत्सव का वर्णन होते ही पंडाल में भक्तों ने खड़े होकर जयकारों के साथ उत्सव मनाया, जिससे वातावरण कृष्णमय हो गया। रात्रिकालीन रासलीला में महिलाओं और बच्चों की विशेष भीड़ उमड़ी। सजीव झांकियों ने सभी का मन मोह लिया और श्रद्धालु देर रात तक भक्ति रस में डूबे रहे। समाजसेवी व भाजपा नेता महेश बसावतिया ने बताया कि पूरे आयोजन का संचालन बाबा आकाश गिरी के नेतृत्व में सुचारू रूप से किया जा रहा है, जिसमें विभिन्न गांवों के श्रद्धालु सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। व्यवस्थाओं की सराहना करते हुए आगंतुक संतों ने इसे क्षेत्र का भव्य और अनुकरणीय धार्मिक आयोजन बताया। भागवत कथा के आगामी दिनों में भी इसी प्रकार भक्तों की उपस्थिति रहने की संभावना जताई जा रही है। आयोजन स्थल पर भक्ति, सेवा और श्रद्धा का अद्भुत संगम क्षेत्र की धार्मिक चेतना को नई ऊर्जा प्रदान कर रहा है।

## मण्डावा में संगीतमय सुंदरकांड पाठ आयोजित

जयपुर टाइम्स



**मण्डावा(निस)।** रामगढ मार्ग स्थित आनन्दपुरा महोल्ले में शनिवार शाम को मुख्य यजमान प्रेम कुमार पुत्र चौथमल कुमावत की ओर से एक दिवसीय संगीतमय सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बालाजी की आदमकद प्रतिमा का आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। पाठ वाचक नरोत्तम चेजारा ने बताया कि यह आयोजन हर साल की तरह इस बार भी श्रद्धालु प्रेम कुमार कुमावत पुत्र चौथमल ने किया। सुन्दरकाण्ड पाठ वाचक नरोत्तम चेजारा एण्ड पार्टी ने संगीतमय सुंदरकांड पाठ का वाचन किया। आरम्भ में पण्डित चेतन पाराशर ने पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। पाठ के बाद हनुमान चालीसा का पाठ और बालाजी की महाआरती की गई। इसमें आनन्दपुरा सहित कस्बे से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आयोजन में बच्छराज, लक्ष्मीनारायण, गिरधारीलाल, खेमचंद,चौथमल, भवानी, गौरीशंकर, दलीप, सुभाष, रजनीश,भागचंद, अनिल, आरव, प्रेम, गौरव,कृष्ण कुमार, बबीता, विमला, कांता, सुनीता, अनिता, पूनम, आरती, पुष्पा, पार्वती, मंजू,शारदा, दुर्गा देवी सहित कई लोग उपस्थित रहे। श्रद्धालुओं ने बालाजी को प्रसाद चढ़ाकर खुशहाली की कामना की।

### कार्यालय ग्राम पंचायत लुहारा

**पंचायत समिति बीदासर (चूरू)**

क्रमांकः ग्रापं लुहारा / ई.नि/2025-26/276-280 दिनांकः 19.02.2026

**अल्पकालीन ई - निविदा सूचना संख्या 14 / 2025-26**

इस कार्यालय के निम्नानुसार कार्य को सम्पादित करने हेतु पहली वर्षाकाल समाप्ति पश्चात एकवर्ष की डिफेक्टिव लाईब्लिटिज के साथ उपयुक्त श्रेणी के राजस्थान / केन्द्र सरकार में पंजीकृत संवेदको से ई-टेण्डर प्रक्रिया के द्वारा ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। उक्त निविदा SPPPPortal पर Upload कर दी गयी हैं।

| क्र.सं. | कार्य का नाम व विवरण | अनुमानित राशि (रूपये) | धरोहर राशि (रूपये) |
|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम लुहारा तहसील बीदासर में राउमावि में 02 कक्षा कक्ष मय बरामदा का निर्माण साईज 25X20 | 1800000 | 36000 |
| 2 | ऑनलाइन फार्म डाउनलोड व जमा/अपलोड करने की तारीख | 20.02.2026 प्रातः 09.00 बजे से 27.02.2026 दोपहर 1 बजे तक | |
| 3 | धरोहर राशि, निविदा शुल्क एवं प्रोसेसिंग फीस डी. डी. / बैकर्स चैक एवं अन्य मूल कागजात कार्यालय में जमा कराने की तारीख | 27.02.2026 दोपहर 2 बजे तक | |
| 4 | ऑनलाईन निविदा खोलने की तारीख | 27.02.2026 दोपहर 3 बजे से | |

उक्त से संबधित अन्य विस्तृत विवरण http//eproc.rajasthan.gov.in एवं http//sppp.rajasthan.gov.in पर से NIB NO ZCR2526A1580 UBN No ZCR 2526 WSOB 02735 के द्वारा Download कर देखा जा सकता है।

**प्रशासक**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

**ग्राम विकास अधिकारी**
**ग्राम पंचायत लुहारा**

# अवैध निर्माण के मामले में हाईकोर्ट ने जारी किए नोटिस

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ(नि.सं.)।** शहर के नया बाजार क्षेत्र में आवासीय परमिशन के स्थान पर व्यावसायिक निर्माण करने के मामले में हाईकोर्ट ने अब नोटिस जारी कर दिए हैं। खास बात तो ये है कि राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर ने राजस्थान सरकार, स्वायत शासन विभाग और नगरपरिषद कमिश्नर के लिए रिट पिटिशन की कोपी सरकारी अधिवक्ता एश्वर्य आनंद को प्रदान करने के लिए कहा है, ताकि मामले में विचारण जल्दी शुरू हो सके। इसी प्रकार तीन अन्य के लिए नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं। जानकारी के अनुसार राजेंद्र कुमार सोनी की ओर से स्टेट ऑफ राजस्थान, डायरेक्टर स्वायत शासन विभाग, आयुक्त नगरपरिषद और महेंद्र कुमार, मोहित कौशिक, राजा बाबू सोनी के खिलाफ सिविल रिट पिटिशन राजस्थान उच्च न्यायालय जोधपुर में दायर की गई थी। रिट पिटिशन में नया बाजार स्थित एक भूमि पर आवासीय निर्माण की परमिशन लेने, फिर उस पर व्यावसायिक निर्माण करने तथा नगरपरिषद के अनेक आदेशों, सीज की कार्यवाही, स्वायत शासन विभाग आदि की कार्यवाही और आदेशों के बारे में जानकारी देते हुए राहत मांगी गई थी। मामले में राजस्थान उच्च न्यायालय से स्वायत शासन विभाग के 4 नवम्बर 2025 के आदेश को क्वेश किए जाने, नगरपरिषद आयुक्त के 28 अगस्त 2024 के सीजर ओर्डर को रिस्टोर किए जाने, अवैध व्यासायिक निर्माण को तत्काल प्रभाव से सीज करने तथा अवैध निर्माण को तोड़े जाने के आदेश देने, रेस्पोडेंट संख्या चार पर फ्रोड का मामला प्रमाणित होने पर आपराधिक मामले की कार्यवाही किए जाने का निवेदन किया गया था। इस मामले में जस्टिस कुलदीप माथुर ने राजस्थान सरकार, स्वायत शासन विभाग और आयुक्त नगरपरिषद के लिए रिट पिटिशन की प्रति सरकारी अधिवक्ता एश्वर्य आनंद को दिए जाने और तीनों रेस्पोडेंट्स की ओर से तीन सप्ताह में जवाब दाखिल करने के आदेश दिए हैं। इसी प्रकार तीन अन्य रेस्पोडेंट्स को नोटिस जारी करने के आदेश न्यायालय ने दिए हैं।

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, रविवार
22 फरवरी, 2026

# राजनैतिक दलों के साथ बैठक में अंतिम मतदाता सूची जारी, 1.8 प्रतिशत वृद्धि दर्ज

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** जिला प्रशासन ने भारत निर्वाचन आयोग की ओर से संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत अंतिम मतदाता सूची के प्रकाशन को लेकर कलेक्ट्रेट सभागार में मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय व राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बी टी की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि आयोग की ओर से 27 अक्टूबर 2025 को विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम घोषित किया गया था। इसके तहत 4 नवंबर से 11 दिसंबर 2025 तक दावे व आपत्तियाँ प्राप्त की गईं और 16 दिसंबर 2025 को प्रारंभिक मतदाता सूची प्रकाशित की गई। उन्होंने जानकारी दी कि 16 दिसंबर 2025 से 19 जनवरी 2026 तक प्राप्त दावों व आपत्तियों का नियमानुसार निस्तारण किया गया। इस अवधि में फॉर्म-6 के 15,738 आवेदन (नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म-7 के 1,631 आवेदन (नाम विलोपन हेतु) तथा फॉर्म-8 के 5,445 आवेदन प्राप्त हुए। सभी आवेदनों की सुनवाई कर पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से निर्णय लिए गए। निस्तारण उपरांत 21 फरवरी को अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित कर दी गई है। अंतिम सूची के अनुसार जिले में कुल 8,84,784 मतदाता पंजीकृत हैं, जो पूर्व सूची की तुलना में लगभग 1.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती है। इनमें 4,78,077 पुरुष, 4,06,700 महिला व 7 तृतीय लिंग मतदाता शामिल हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीनिधि बीटी ने कहा कि मतदाता सूची की शुद्धता व पारदर्शिता निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आधार है। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों से सूची का अवलोकन कर आवश्यक सुझाव देने तथा मतदाताओं को अपने नाम की जांच के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में किसी प्रविष्टि के संबंध में यदि कोई व्यक्ति निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट है, तो वह लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1950 की धारा 24 तथा निर्वाचक पंजीकरण नियम, 1960 के नियम 23 व 27 के अंतर्गत अपील कर सकता है। प्रथम अपील अंतिम प्रकाशन की तिथि से 15 दिवस के भीतर संबंधित जिला मजिस्ट्रेट के समक्ष प्रस्तुत की जा सकती है। यदि जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय से भी संतोष नहीं हो, तो द्वितीय अपील मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राजस्थान के समक्ष जिला मजिस्ट्रेट के निर्णय की तिथि से 30 दिवस के भीतर प्रस्तुत की जा सकती है। बैठक में अंतिम मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी (फोटो रहित) व हार्ड कॉपी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उपलब्ध कराई गई। सूची ऑनलाइन भी उपलब्ध है, जहाँ मतदाता EPIC नंबर के माध्यम से अपनी प्रविष्टि देख सकते हैं। उन्होंने बताया कि मतदाता सूची में नाम जोड़ने, हटाने व संशोधन की प्रक्रिया निरंतर जारी रहेगी। इसके लिए नागरिक निर्धारित प्रपत्रों के माध्यम से ऑनलाइन अथवा संबंधित बीएलओ के जरिए आवेदन कर सकते हैं। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी हरिराम मीणा, विधायक राजाखेड़ा रोहित बोहरा, आम आदमी पार्टी के जिला अध्यक्ष मुनीन अहमद फारूकी, कांग्रेस पार्टी प्रतिनिधि साकेत बिहारी, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजवीर सिंह राजावत, भाजपा जिला संयोजक बीएलए डॉ. मनोज शर्मा, बहुजन समाज पार्टी के जिला अध्यक्ष किशन सिंह, ईआरओ (एसडीएम) धौलपुर कर्मवीर सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

## तीन दिवसीय सेवा शिविर का आयोजन

जयपुर टाइम्स

**पावटा(निस)।** लखदातार ग्रुप पावटा की ओर से द्वितीय विशाल सेवा शिविर का आयोजन 23 फरवरी से किया जाएगा। आयोजनकर्ताओं ने बताया कि यह तीन दिवसीय शिविर 23 फरवरी से प्रारंभ होकर 25 फरवरी तक चलेगा। शिविर का आयोजन महाराज मंगलदास जी के सानिध्य में किया जाएगा। आयोजनकर्ताओं के अनुसार, हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सेवा, समर्पण और सामाजिक सहभागिता के उद्देश्य से भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। शिविर के दौरान सेवाभावी लोग कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे, साथ ही सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी भव्य आयोजन किया जाएगा।यह सेवा शिविर पावटा के उप जिला अस्पताल पावटा के सामने जयपुर सर्विस रोड पर आयोजित होगा। इस आयोजन को सफल बनाने में यादराम यादव, मुंशी लाल सैनी भांकरी, राजेंद्र यादव टसकोला, ओमवीर यादव, पूर्व छात्र संघ उपाध्यक्ष कृष्ण यादव, सुभाष जाट, प्रमोद शर्मा, विक्रम सैनी, रामसिंह सिसोदिया सामाजिक कार्यकर्ता, राम लखन, खोलेंद्र, राहुल जांगिड़, प्रदीप यादव भगतपुरा, कृष्ण यादव बावड़ी, जयराम टसकोला, अमन शर्मा, रवि सैनी, लीलाराम सैनी, शीशराम मालीराम जाट, दीपक वर्मा, मुकेश शर्मा व मानसिंह सहित अनेक कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जुटे हुए हैं। आयोजन समिति ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर सेवा शिविर व सांस्कृतिक कार्यक्रमों में सहभागिता निभाने की अपील की है।

## मण्डावा में व्यायामशाला की बैठक आज

**मण्डावा(निस)।** श्री सर्वहितैषी व्यायामशाला की बैठक रविवार को व्यायामशाला में आयोजित की जाएगी। नगर पालिका के निवर्तमान चेयरमैन नरेश सोनी ने बताया कि बैठक में आगामी रंगो का त्यौहार होली पर होने वाले रंगारग कार्यक्रमों की रूप रेखा बनाई जाएगी। सोनी ने कहा कि रविवार को आयोजित बैठक में हिस्सा लेकर होली के त्यौहार के कार्यक्रमों को सफल बनाएं।

## श्याम बिहारी मंदिर में 28 को फाग महोत्सव

जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** नवलगढ़ रोड स्थित पानी की टंकी के पास श्याम बिहारी मंदिर में 28 फरवरी को फाग महोत्सव आयोजित होगा। श्री श्याम सखी परिवार के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में मासिक कीर्तन के अंतर्गत बाबा श्याम का भव्य दरबार सजाया जाएगा।आयोजन समिति के अनुसार महोत्सव के दौरान बाबा के संग फूलों व गुलाल की होली खेली जाएगी, जिससे वातावरण भक्तिमय रहेगा। कार्यक्रम में मातृशक्ति सहित आमंत्रित कलाकारों की ओर से भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी। समिति ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर 3 बजे से शुरू होगा। आयोजनकर्ताओं ने क्षेत्र के श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर भजनों का आनंद लेने व कार्यक्रम को सफल बनाने का आह्वान किया है।

## धौलपुर में घरेलू गैस के दुरुपयोग पर बड़ी कार्रवाई, 11 सिलेंडर जब्त




जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** घरेलू गैस के दुरुपयोग व कालाबाजारी पर रोक लगाने के लिए राज्य स्तर पर चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत धौलपुर शहर के पुराने बस स्टैंड स्थित चौपाटी क्षेत्र में जिला रसद कार्यालय की प्रवर्तन टीम ने सघन जांच कार्रवाई की। जांच के दौरान चौपाटी क्षेत्र में संचालित एक व्यावसायिक प्रतिष्ठान पर घरेलू गैस सिलेंडरों का व्यवसायिक उपयोग पाया गया। नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई करते हुए टीम ने मौके से कार्यवाही करते हुए 11 प्रतिष्ठानों से 11 घरेलू गैस सिलेंडर, रेगुलेटर, नली व अन्य उपकरण जब्त कर लिए। जिला रसद अधिकारी मणि खींची ने बताया कि घरेलू गैस सिलेंडर का उपयोग केवल घरेलू प्रयोजनों के लिए ही किया जा सकता है। व्यावसायिक गतिविधियों में घरेलू गैस का उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। संबंधित संचालक को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने व भविष्य में नियमों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि अभियान के तहत घरेलू गैस का अवैध भंडारण, व्यवसायिक दुरुपयोग, अवैध विक्रय व कालाबाजारी करने वालों के विरुद्ध आवश्यक वस्तु अधिनियम, 1955 के प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई निरंतर जारी रहेगी। जांच दल में प्रवर्तन अधिकारी गजेन्द्र बाबू शर्मा व जगदीश प्रसाद शर्मा तथा प्रवर्तन निरीक्षक जितेन्द्र गोठवाल शामिल रहे।।

## मुंशी समुदाय की सुरक्षा व जीवन-यापन को लेकर उठी आवाज, मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** न्याय प्रणाली की रीढ़ माने जाने वाले अधिवक्ताओं के मुंशी (लिपिक) समुदाय की सुरक्षा, सामाजिक संरक्षण व जीवन-यापन की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने की मांग को लेकर मुंशी मण्डल सांभरलेक की ओर से मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित किया गया। ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि न्याय विभाग में अधिवक्ताओं के साथ कार्य करने वाले मुंशी न्याय प्रक्रिया में अहम भूमिका निभाते हैं, लेकिन उनके जीवन व परिवार की सुरक्षा के लिए किसी प्रकार की ठोस व्यवस्था वर्तमान में उपलब्ध नहीं है। ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि अधिवक्ताओं के अधीन कार्यरत मुंशी अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए अनेक जोखिमों का सामना करते हैं, वहीं उनके परिवार आर्थिक व सामाजिक रूप से कमजोर स्थिति में जीवन यापन कर रहे हैं। कई बार कार्य के दौरान होने वाली आकस्मिक परिस्थितियों में उनके परिवारों को कर्ज लेकर जीवन चलाने की नौबत तक आ जाती है, जिससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ता जा रहा है। मुंशी मण्डल ने मांग की है कि भारत सरकार व राजस्थान सरकार की तर्ज पर अधिवक्ताओं के कर्मचारियों के लिए भी सुरक्षा व संरक्षण की समुचित व्यवस्था की जाए। साथ ही मुंशी समुदाय के जीवन की रक्षा के लिए ठोस कदम उठाकर उनके परिवारों को संबल प्रदान किया जाए। ज्ञापन में मुंशी समुदाय के लिए सुरक्षा, जीवन बीमा तथा भरण-पोषण के लिए आवश्यक योजनाओं के क्रियान्वयन की भी मांग की गई है।

## धौलपुर पुलिस की तत्परताः एक घंटे में वृद्ध महिला का खोया बैग बरामद कर लौटाया

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा के सुपरविजन में धौलपुर पुलिस आमजन की सुरक्षा व सहायता के लिए निरंतर मुस्तैद नजर आ रही है। इसी क्रम में साइबर सेल पुलिस की त्वरित कार्रवाई से एक वृद्ध महिला का खोया हुआ बैग मात्र एक घंटे के भीतर बरामद कर उसे सुरक्षित लौटा दिया गया। जानकारी के अनुसार 20 फरवरी को गुजरात में मजदूरी कर लौट रही शांति पत्नी गिर्राज सिंह, निवासी मसूदपुर थाना सदर धौलपुर, सुबह करीब 6 बजे धौलपुर रोडवेज बस स्टैंड से ऑटो से अपने गांव के लिए रवाना हुई थीं। इस दौरान उन्होंने अपना बैग ऑटो की सीट के पीछे रख लिया, लेकिन गांव पहुंचने पर बैग गायब मिला। जांच करने पर ऑटो की सीट के पीछे का पर्दा फटा हुआ पाया गया। महिला व परिजनों ने बैग की तलाश के लिए संबंधित मार्ग पर काफी खोजबीन की, लेकिन सफलता नहीं मिली। इसके बाद सुबह करीब 9:30 बजे महिला अपने परिजनों के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंची। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर साइबर सेल प्रभारी नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में कांस्टेबल हरवेंदर सिंह ने तकनीकी संसाधनों की मदद से बैग की तलाश शुरू की। तलाश के दौरान सैंपऊ रोड स्थित एक नाले में बैग बरामद हुआ। पुलिस टीम की ओर से बैग की जांच करने पर उसमें रखे एक लाख रुपए नगद, सोने की बारी, चांदी के बिछिया व पायल तथा मोबाइल सुरक्षित मिले। पुलिस ने बरामद सामान महिला को सुपुर्द कर दिया। पुलिस की इस त्वरित व मानवीय कार्रवाई से आमजन में पुलिस के प्रति विश्वास और मजबूत हुआ है। साइबर सेल टीम की कार्रवाई में कांस्टेबल हरवेंदर सिंह की विशेष भूमिका रही।

## अधिकारियों की ओर से लिखा गया प्रतिवेदन पढ़ने की जगह मुख्यमंत्री बहस करते तो ज्यादा अच्छा होता : गोविंद सिंह डोटासरा

जयपुर टाइम्स



**जयपुर** राजस्थान कांग्रेस के अध्यक्ष और कांग्रेस पार्टी के विधायक गोविंद सिंह डोटासरा ने विधानसभा परिसर में पत्रकारों से बातचीत करते हुए जोर देकर कहा कि शनिवार को मुख्यमंत्री ने अपने व्यवहार और आचरण से सदन की गरिमा को भंग किया है अगर उन्हें अधिकारियों की ओर से लिखा गया प्रतिवेदन ही पढ़ना था तो फिर बहस के लिए तैयार क्यों हुए उन्होंने कहा अच्छा यह होता कि अधिकारियों की ओर से लिखे गए प्रतिवेदन को पढ़ने की वजह है अगर मुख्यमंत्री अपनी सरकार और पिछली सरकार के कार्यों पर बहस करते तो ज्यादा अच्छा रहता लेकिन मुख्यमंत्री ने अपना वादा पूरा नहीं किया और विपक्ष की बात को स्वीकार किए बिना अधिकारियों की ओर से लिखे गए प्रतिवेदन को पद दिया उन्होंने कहा कि ऐसा राजस्थान के इतिहास में पहली बार हुआ है जब किसी मुख्यमंत्री ने सदन की गरिमा को भंग किया है शनिवार का दिन एक तरह से राजस्थान विधानसभा में काला दिवस के रूप में याद किया जाएगा डोटासरा ने कहा कि मुख्यमंत्री ने अपने पद की गरिमा का भी ध्यान नहीं रखा और विपक्ष के नेताओं को लेकर सदन में उन्होंने जो बात कही ऐसी बात एक मुख्यमंत्री पद पर बैठे हुए व्यक्ति को शोभा नहीं देता उन्होंने कहा कि मैं फिर से मुख्यमंत्री को चुनौती देता हूं कि आप सार्वजनिक तौर पर जनता के बीच अल्बर्ट हॉल या अन्य किसी जगह पर सरकार के कार्यों की तुलना को लेकर खुली बहस करें इस बहस में अगर मुझे बुलाना चाहोगे तो मैं आ जाऊंगा और प्रतिपक्ष के नेता को बुलाना चाहोगे तो वह आ जाएंगे लेकिन प्रतिपक्ष के नेता और उन पर जो टीका टिप्पणी उनकी ओर से की गई इस भाषा से मुख्यमंत्री पद की गरिमा को लज्जित किया है ।डोटासरा ने कहा मुख्यमंत्री का यह पद उन्हें अनुकंपा नियुक्ति के रूप में मिला है और उनके कार्यों से दिल्ली में बैठे पार्टी के नेता भी संतुष्ट नहीं है इस बात की जानकारी और मैसेज मुख्यमंत्री को मिल भी चुका है इसीलिए राजस्थान विधानसभा में उपमुख्यमंत्री की ओर से बजट प्रस्तुत किया गया और उपमुख्यमंत्री की ओर से ही बजट का रिप्लाई दिया गया मुख्यमंत्री के लिए विधानसभा में कुछ भी कहने को नहीं रखा गया इसलिए अपना वजूद रखने के लिए उन्होंने अधिकारियों की ओर से लिखा गया प्रतिवेदन प्रस्तुत करके खुद को साबित करने का प्रयास किया लेकिन प्रदेश की जनता उनके व्यवहार और आरक्षण को देख रही है जिस तरह से उन्होंने सार्थक बहस करने की वजह विपक्ष के नेताओं पर टीका टिप्पणी की उसका जवाब जनता आने वाले पंचायत राज,नगर निकाय चुनाव में सरकार को दे देगी ।

## अब सांभर झील में 24 को बर्ड फेस्टिवलः प्रवासी पक्षियों की अद्भुत दुनिया से रूबरू होने का मिलेगा मौका

जयपुर टाइम्स

**सांभरलेक(निस)।** देश दुनिया में अपने लवणीय स्वाद के लिए विख्यात सांभरझील में वन विभाग की ओर से 24 फरवरी को कोच्या की ढाणी स्थित इंटर प्रिटेशन सेंटर क्षेत्र में बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों, पर्यटकों व प्रकृति प्रेमियों को प्रवासी पक्षियों की अद्भुत दुनिया को करीब से जानने और समझने का सुनहरा अवसर मिलेगा। पक्षी मेले के दौरान कुल छह विभिन्न स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनके माध्यम से आगंतुकों को पक्षियों के संरक्षण, जैव विविधता व वेटलैंड पारिस्थितिकी तंत्र से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान की जाएंगी। कार्यक्रम में बर्ड वॉचिंग गतिविधि का आयोजन किया जाएगा, जिससे प्रतिभागी दूरबीन के माध्यम से प्रवासी पक्षियों का उनके प्राकृतिक आवास में अवलोकन कर सकेंगे। पक्षी विशेषज्ञ गौरव दाधीच ने बताया कि इसके अलावा प्रतिभागियों को eBird ऐप के उपयोग का डेमो दिया जाएगा, जिससे वे पक्षियों की विभिन्न प्रजातियों की पहचान व रिकॉर्डिंग करना सीख सकेंगे। नमक उत्पादन प्रक्रिया का लाइव डेमो भी आयोजन का विशेष आकर्षण रहेगा, जिसके माध्यम से आगंतुक सांभर झील की पारंपरिक नमक उत्पादन प्रणाली के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कार्यक्रम के तहत 'वेटलैंड मित्र' पंजीकरण अभियान भी चलाया जाएगा, जिसके माध्यम से आमजन को आर्द्रभूमि संरक्षण से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। वहीं स्कूली बच्चों के लिए बर्ड क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन भी किया जाएगा, जिससे उनमें प्रकृति व वन्यजीव संरक्षण के प्रति जागरूकता विकसित हो सके। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार इस आयोजन का उद्देश्य सांभर झील में आने वाले प्रवासी पक्षियों के संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्थानीय समुदाय व युवाओं को पर्यावरण संरक्षण के प्रति प्रेरित करना है। सांभर झील में आयोजित यह बर्ड फेस्टिवल पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ जैव विविधता संरक्षण की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल साबित होगा। सहायक वन संरक्षक विजय गोदारा ने बताया कि कोच्या की ढाणी स्थित इंटरप्रिटेशन सेंटर के बाहर छह स्टॉल लगाए जाएंगे, जिनमें पक्षियों की फोटो प्रदर्शनी, उनके उपचार, एवियन बोटुलिज्म बीमारी से बचाव तथा पक्षियों की पहचान सहित अन्य उपयोगी जानकारियां दी जाएंगी। इसके पश्चात विद्यार्थियों के लिए प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसमें विजेताओं को पुरस्कृत किया जाएगा।

## कुंडलपुर में निःशुल्क चिकित्सा शिविर, 267 मरीजों को लाभ

जयपुर टाइम्स

**सीकर(निस)।** जयपुर रोड क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाने और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रिंस हॉस्पिटल की ओर से कुंडलपुर ग्राम में एक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में आसपास के क्षेत्रों के बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर अपना स्वास्थ्य परीक्षण करवाया। शिविर में चिकित्सकों की एक विशेषज्ञ टीम ने मरीजों को सेवाएं प्रदान कीं, जिसमें स्त्री व प्रसूति रोग विशेषज्ञ, फिजिशियन, ऑर्थोपेडिशियन, जनरल सर्जन, ईएनटी सर्जन, पीडियाट्रिशियन, साइकेट्रिस्ट, डर्मेटोलॉजिस्ट तथा डेंटल सर्जन शामिल रहे। इन विशेषज्ञों ने कुल 267 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और आवश्यकतानुसार उपचार तथा निःशुल्क दवाइयां वितरित कीं।शिविर का लाभ कुंडलपुर ग्राम के साथ-साथ आंतरी, बिडोली, चोखा का बास, मंडावरा सहित अन्य समीपवर्ती क्षेत्रों के निवासियों ने उठाया।इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष हरिराम रणवां, प्रिंस एजुहब के निदेशक जोगेंद्र सुण्डा, सरपंच सुरेश मीणा, उपसरपंच राजेश ढाला, बाबुलाल यादव, रामस्वरूप यादव, राजकुमार यादव, सुरेश कुमार, अंकित, अमीन यादव, प्रहलाद ताखर, ओमप्रकाश, प्रहलाद यादव, यश यादव सहित कई नागरिक उपस्थित रहे।

# खाटूश्यामजी में लखदातार के लख्खी मेला शुरू, माकूल इंतजाम

### 27 फरवरी को उमड़ेगा श्रद्धा का सैलाब

जयपुर टाइम्स



**जयपुर/खाटूश्यामजी।** सीकर जिले के विश्वविख्यात खाटूधाम में बाबा लखदातार श्याम के आठ दिवसीय लक्खी फाल्गुन मेले का शुभारंभ शुक्रवार को श्रद्धा, आस्था और उल्लास के साथ हो गया। 21 फरवरी से शुरू हुआ यह आध्यात्मिक महापर्व 27 फरवरी (फाल्गुन एकादशी) को अपने चरम पर पहुंचेगा, जब देशभर से लाखों श्रद्धालु बाबा श्याम के दर्शनों के लिए खाटूधाम पहुंचेंगे।

### भव्य सजावट से निखरा श्याम दरबार:

फाल्गुन मेले को दिव्य और आकर्षक स्वरूप देने के लिए श्री श्याम मंदिर कमेटी की ओर से मंदिर परिसर को विशेष रूप से सजाया गया है। मंदिर के सिंहद्वार पर भगवान श्रीकृष्ण की मनमोहक प्रतिमा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। मंदिर कमेटी के मंत्री मानवेन्द्र सिंह चौहान ने बताया कि इस बार 120 बंगाली कारीगरों की ओर से भव्य सजावट की गई है। परिसर में विभिन्न देवी-देवताओं की प्रतिमाएं स्थापित की गई हैं, जिससे श्रद्धालु बाबा श्याम के साथ अन्य देवी-देवताओं का भी आशीर्वाद प्राप्त कर सकेंगे

### सुगम दर्शन के लिए विशेष मार्ग व्यवस्था:

देश के कोने-कोने से पहुंच रहे श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रींगस डाइवर्जन, चारण मेला मैदान, लखदातार मैदान व 40 फीट नवीन मार्ग के माध्यम से दर्शन व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया गया है। प्रशासन व मंदिर कमेटी की ओर से भीड़ प्रबंधन व यातायात नियंत्रण के लिए विशेष प्रबंध किए गए हैं, जिससे श्रद्धालु सुगमता से बाबा के दरबार तक पहुंच सके। फाल्गुन मेले के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए राजस्थान पुलिस की ओर से सुदृढ़ सुरक्षा प्रबंध किए गए हैं। पुलिस महानिदेशक राजीव कुमार शर्मा के निर्देशानुसार मेले में सुरक्षा व्यवस्था को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। पुलिस अधीक्षक प्रवीण नायक नूनावत ने बताया कि मेले के दौरान त्वरित सहायता के लिए हेल्पलाइन नंबर 112 के साथ मोबाइल नंबर 9667600788 भी जारी किया गया है, जो 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। श्रद्धालुओं की सहायता के लिए मेले में 12 पुलिस सहायता बूथ स्थापित किए गए हैं, जहां मार्गदर्शन व सुरक्षा संबंधी सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### भक्ति, अनुशासन और सुरक्षा का अद्भुत संगमः

खाटूधाम में इन दिनों चारों ओर भक्ति का माहौल व्याप्त है। एक ओर श्रद्धालु बाबा श्याम के जयकारों के साथ दरबार में हाजिरी लगा रहे हैं, वहीं प्रशासन और पुलिस की सतर्क व्यवस्था उन्हें सुरक्षित एवं सुगम दर्शन का भरोसा दिला रही है। फाल्गुन मेले में श्रद्धा, भव्यता और अनुशासन का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है।